हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची ● रविवार ● 29.03.2026 ● वर्ष : 16 ● अंक : 241 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : 3 रुपये 2 रुपये
RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## एक नजर

### प्रधानमंत्री आज करेंगे मन की बात




**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 132वें एपिसोड के माध्यम से देश और विदेश के श्रोताओं को संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम 29 मार्च को सुबह 11 बजे प्रसारित किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर देशवासियों से इस कार्यक्रम को सुनने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी लोग रविवार सुबह 11 बजे मन की बात के इस नए एपिसोड से जुड़ें और कार्यक्रम का हिस्सा बनें।

### इंडिगो विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

नई दिल्ली, 28 मार्च (हि.स.)। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम से दिल्ली आ रहे इंडिगो के एक विमान को शनिवार सुबह तकनीकी खराबी के कारण इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। इसमें सवार 161 यात्री और चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षित हैं। दमकलकर्मियों को सुबह करीब 10:53 बजे आपातकालीन स्थिति की सूचना मिली जिसके बाद पांच गाड़ियां रनवे पर तैनात कर दी गयीं।

# बिरसा मुंडा का बलिदान देश की पीढ़ियों के लिए प्रेरणा : उपराष्ट्रपति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को झारखंड के खूंटी जिले स्थित उलिहातू का दौरा किया। यहाँ उन्होंने महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने बिरसा मुंडा के वंशजों से आत्मीय मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना।

### पुरानी यादें हुईं ताजा

जनसभा को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति भावुक नजर आए। उन्होंने साझा किया कि झारखंड के राज्यपाल के रूप में शपथ लेने के पहले ही दिन वह उलिहातू आए थे और आज उपराष्ट्रपति के रूप में यहाँ आकर उन्हें गौरव की अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा, भगवान बिरसा मुंडा का जीवन और उनका सर्वोच्च बलिदान देश की आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

## भगवान बिरसा मुंडा को अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि



### बिरसा मुंडा के वंशजों से की मुलाकात



उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने बिरसा मुंडा के वंशजों से मुलाकात की और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। यह कार्यक्रम श्रद्धा और सम्मान के माहौल में आयोजित किया गया।

### बच्चों को बांटी टॉफी, शिक्षा पर दिया जोर



कार्यक्रम के दौरान उपराष्ट्रपति का एक संवेदनशील रूप भी देखने को मिला। उन्होंने वहां मौजूद छोटे बच्चों को अपने पास बुलाकर टॉफी बांटी और उनसे बातचीत की।

### राज्यपाल ने किया उपराष्ट्रपति का स्वागत



उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन शनिवार को भारतीय वायु सेना के विशेष विमान से रांची पहुंचे। उनका विमान बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पर उतरा, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।
उपराष्ट्रपति के पदभार संभालने के बाद यह उनका झारखंड का पहला दौरा है। हवाई अड्डे पर मौजूद अधिकारियों और नेताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत करते हुए अभिवादन किया।



### राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति को स्मृति-चिह्न भेंट कर किया सम्मानित

झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची स्थित लोकभवन में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति को स्मृति-चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया।

# पीएम ने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस से पश्चिम एशिया की स्थिति पर की चर्चा

एजेंसी



**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान से बातचीत कर पश्चिम एशिया में जारी तनावपूर्ण स्थिति पर चर्चा की। प्रधानमंत्री के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मुताबिक बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय ऊर्जा अवसंरचना पर हो रहे हमलों को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने ऐसे हमलों की भारत की ओर से कड़ी निंदा दोहराई।
मोदी ने बताया कि बातचीत के दौरान दोनों पक्षों ने समुद्री मार्गों की सुरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर सहमति जताई, ताकि वैश्विक व्यापार और आपूर्ति शृंखला बाधित न हो।
प्रधानमंत्री ने सऊदी अरब में रह रहे भारतीय समुदाय के कल्याण के लिए क्राउन प्रिंस के निरंतर सहयोग के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

## अमेरिका-इजराइल-ईरान युद्ध अपडेट

### ईरान ने अमेरिका के छह सामरिक जहाजों पर दागी मिसाइलें, तीन डूबे



एजेंसी

**तेहरान** : ईरान के सशस्त्र बलों ने अमेरिका के छह सामरिक जहाजों को निशाना बनाया है। दावा किया गया है कि इस हमले में बड़ी संख्या में अमेरिकी सैनिक मारे गए हैं। ईरान ने इस हमले में बैलिस्टिक मिसाइलों और कद्र 380 क्रूज मिसाइलों का उपयोग किया। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के जनसंपर्क कार्यालय ने शुक्रवार देररात जारी बयान में यह जानकारी दी।

### हूती विद्रोहियों का इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला

**यमन** : पश्चिम एशिया में पिछले 29 दिनों से जारी युद्ध के बीच यमन के हूती विद्रोहियों ने इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइलों से बड़ा हमला किया है। यह ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ युद्ध शुरू किए जाने के बाद क्षेत्र में तनाव चरम पर है। अल जजीरा के अनुसार हूती विद्रोहियों के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरी ने विद्रोहियों के अल मसीरा चैनल पर हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि हमले तब तक जारी रहेंगे जब तक हमारे घोषित लक्ष्य पूरे नहीं हो जाते। दक्षिणी इजरायल के संवेदनशील सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर मिसाइलों की बौछार की गई।

### प्रधानमंत्री ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण का किया उद्घाटन

# विकसित भारत के अभियान का नया अध्याय शुरू : मोदी

एजेंसी



**नोएडा** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश को बड़ी सौगात देते हुए नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) के प्रथम चरण और कार्गो हब का भव्य उद्घाटन किया। लगभग 11,200 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह हवाई अड्डा न केवल यूपी, बल्कि पूरे उत्तर भारत की कनेक्टिविटी की तस्वीर बदल देगा। समारोह को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अब वह समय दूर नहीं जब इस रनवे से हर 2 मिनट में एक विमान उड़ान भरेगा।

**विकास का 'डबल इंजन' और पश्चिमी यूपी की बदलती तस्वीर**

प्रधानमंत्री ने हाल के हफ्तों में पश्चिमी यूपी में पूरी हुई चार बड़ी परियोजनाओं का जिक्र करते हुए इसे विकास का नया अध्याय बताया। उन्होंने कहा नोएडा में विशाल सेमीकंडक्टर कारखाने का उद्घाटन। दिल्ली-मेरठ नमो भारत रेल और मेरठ मेट्रो का विस्तार। जेवर एयरपोर्ट अब उत्तर प्रदेश के किसानों और उद्योगों को सीधे अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ेगा।
अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने पूर्ववर्ती सरकारों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों ने जेवर प्रोजेक्ट को सालों तक फाइलों में दबाए रखा।
पहले समाजवादी पार्टी की सरकार के लिए नोएडा 'लूट का एटीएम' था, लेकिन आज भाजपा सरकार में यह प्रदेश के विकास का सशक्त इंजन बन चुका है।
प्रधानमंत्री ने यह भी याद दिलाया कि कैसे पूर्व मुख्यमंत्री नोएडा आने से डरते थे, लेकिन आज यह क्षेत्र पूरी दुनिया का स्वागत करने के लिए तैयार है।

**इन जिलों को मिलेगा सीधा लाभ**

नोएडा एयरपोर्ट के चालू होने से उत्तर प्रदेश के कई जिलों की आर्थिक स्थिति और पर्यटन को रफ्तार मिलेगी.

### रामनवमी मेला से लौटे 3 की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मधेपुरा** : बिहार के मधेपुरा में भीषण सड़क हादसे में तीन दोस्तों की मौत हो गई जबकि एक मिसिंग है। घटना अरार थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात है। घटना के वक्त कार में चार लोग सवार बताए जा रहे हैं। सभी लोग ग्वालपाड़ा से रामनवमी का मेला देखकर मधेपुरा लौट रहे थे। सभी दोस्त कार से रात करीब 9 बजे स्टेशन चौक से निकले थे।

### उत्तराखंड : भाजपा के छह नेता कांग्रेस में शामिल

**नई दिल्ली** : उत्तराखण्ड भारतीय जानता पार्टी के दो पूर्व विधायक समेत छह नेता शनिवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। पार्टी में शामिल होने वालों में राज कुमार ठुकराल (रुद्रपुर से दो बार विधायक), नारायण पाल (दो बार विधायक), भीमलाल आर्य (घनसाली से पूर्व विधायक), गौरव गोयल (रुड़की के पूर्व मेयर), अनुज गुप्ता (मसूरी के पूर्व चेयरमैन) और लाखन सिंह नेगी शामिल हैं।

# बंगाल को टीएमसी ने बनाया घुसपैठियों का अड्डा : शाह

एजेंसी

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों की आहट के साथ ही राज्य में सियासी पारा चढ़ गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कोलकाता में ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ एक विस्तृत 'आरोप पत्र' (चार्जशीट) जारी किया। इस दौरान शाह ने तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ममता सरकार ने बंगाल को घुसपैठियों के लिए 'एंट्री पॉइंट' बना दिया है, जिससे न केवल राज्य बल्कि पूरे देश की सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया है।

**15 साल का 'कुशासन' और भ्रष्टाचार**

शाह ने न्यू टाउन स्थित एक होटल में 'अभियोगनामा' नामक दस्तावेज जारी करते हुए कहा कि पिछले 15 वर्षों से बंगाल में केवल डर, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की राजनीति हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बंगाल की सीमाएं असुरक्षित हैं, जिससे घुसपैठिए देशभर में अशांति फैला रहे हैं। भ्रष्टाचार और सिंडिकेट राज के कारण राज्य विकास की दौड़ में दशकों पीछे छूट गया है। इस चार्जशीट में कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे 14 प्रमुख क्षेत्रों में सरकार की नाकामियों को उजागर किया गया है।




**चुनाव की तारीखें तय**


पहला चरण : 23 अप्रैल
दूसरा चरण : 29 अप्रैल
नतीजे : 4 मई को घोषित किए जाएंगे

294 सीटों के लिए दो चरणों में मतदान होना है

### तूफान भी नहीं रोक सका शाह का कदम

कोलकाता और आसपास के इलाकों में शुक्रवार आधी रात को आए भीषण तूफान के कारण अमित शाह के विमान को उतरने में देरी हुई, लेकिन शनिवार सुबह वह अपने निर्धारित कार्यक्रमों के लिए पहुंचे। उन्होंने साफ किया कि बीजेपी इस चार्जशीट के माध्यम से जनता के बीच जाएगी और अप्रैल के पहले हफ्ते में अपना 'संकल्प पत्र' (घोषणापत्र) पेश करेगी।

"ममता सरकार ने बंगाल को अपराधियों और भ्रष्ट लोगों का अड्डा बना दिया है। घुसपैठ की समस्या अब राष्ट्रीय सुरक्षा का गंभीर विषय बन चुकी है।"
**अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**



## एक नजर

### भक्तिमय हुआ माहौल शिव मंदिर निर्माण को लेकर की गई भूमि पूजन



**चलकुशा** : में शिवमन्दिर निर्माण को लेकर शनिवार को विधि विधान के साथ भूमि पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ` पूजन होते ही क्षेत्र भक्ति रस में सराबोर हो गया कार्यक्रम में क्षेत्र की समस्त भक्तजन और मातृशक्ति ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जय श्री राम के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा उपस्थित श्रद्धालुओं ने पूर्ण श्रद्धाभाव के साथ मंदिर निर्माण की सफलता की कामना की पूजन के पश्चात समिति की ओर से महाप्रसाद का वितरण किया गया कार्यक्रम को मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सूरज पाण्डेय ने विधि विधान के साथ सम्पन्न कराया इस पुनीत अवसर पर चलकुशा मुखिया आलोक सिंह , पिंकू सिंह, मुरली ठाकुर, नीतीश सोनी और भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### थाना प्रभारी को तलवार देकर किया सम्मानित



**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में शांतिपूर्वक रामनवमी त्योहार संपन्न कराने को लेकर थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया। मौके पर दैनिक बाजार स्थित मां बसंती दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी ने थाना प्रभारी को गिरवा गमछा एवं तलवार देकर सम्मानित किया। मौके पर मां बसंती दुर्गा पूजा की समिति के अध्यक्ष अरविंद वर्मा ,संरक्षक रामसेवक सोनी, रामनवमी महा समिति के अध्यक्ष विवेक सोनी, सरोज सोनी के अलावा कई उपस्थित थे।

### मण्डई दुर्गा मंदिर में 51 फीट का लहरा भगवा ध्वज



**हजारीबाग** : हजारीबाग,मण्डई वार्ड-एक स्थित दुर्गा मंदिर में महा पर्व श्रीराम नवमी के अवसर में प्रत्येक वर्ष झण्डा पूजन कर लहराया जाता रहा है। इस वर्ष समिति ने खम्भ में भगवा ध्वज लगाने का लिया निर्णय। इस निर्णय के अनुसार मण्डप प्रागंण में 51 फीट ऊंचा भगवा ध्वज समिति के सदस्यों ने लगा कर कीर्तिमान स्थापित किया। अब यह खम्भ भगवा ध्वज मंदिर कि एक पहचान भी बनेगा। सभी भक्तगण इस धर्म कार्य से फलिभूत होकर गौरवांवित और खुश हैं। इस धर्म ध्वज कार्य के सफल संचालन में अनिल पाण्डेय,रामु गोप,अविरल बिहारी लाल,प्रिंस सहित अनेक लोग शामिल रहे।

# रामनवमी पूजा पर आकर्षक झांकी के साथ निकला जुलूस, जय श्रीराम से गुंजा बरही

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

















**बरही** : बरही में शांति एवं सौहार्द वातावरण में रामनवमी पूजा मनाई गई। श्रद्धालु अहले सुबह अपने अपने घरों में महावीरी झंडे लगाकर पूजा अर्चना की। वही बरही चौक पर भगवा ध्वज के साथ महावीरी झंडे भी जगह जगह लगाए गए। चारो मार्गों सहित बरही गोलंबर को भगवा ध्वज एवं भगवा वस्त्र से सजाया गया। बरही के शहरी अखाड़ों के साथ साथ लसकरी एवं रसोइया धमना के अखड़ा के लोग भी आकर्षक झांकी के साथ जुलुश में शामिल हुए। करियातपुर, पंचमाधव, शिवपुर गड़लाही में भी आकर्षक झांकी निकाली गई। इधर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। जगह जगह पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। एसडीओ जोहान टुड्डू, एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल, सीओ चंद्रशेखर कुणाल, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद कुमार खुद गस्त लगाते देखे गए। समाचार लिखे जाने तक कही से भी कोई अप्रिय घटना की कोई की सूचना नही थी। जुलुश को नियंत्रित करने में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ साथ रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष भगवान केशरी, महासचिव रितेश गुप्ता, अमित केशरी, मंटू सिंह, रमेश ठाकुर, भगवान केशरी, कृष्णा गुप्ता, नंद किशोर कुमार, आकाश जयसवाल, अमित जयसवाल, बिपिन बिहारी पांडेय, रंजीत निषाद, गुड्डू निषाद, अभिषेक निषाद, मनोज साव, सुनील साव, रवि केशरी, संतोष यादव , इंद्रदेव यादव, बिनोद केशरी, शंकर केशरी , रमेश केशरी का भी सराहनीय योगदान रहा। आकाश जयसवाल द्वारा जुलुश में आए रामभक्तों को छांछ पिलाया गया। गुप्ता परिवार द्वारा चना गुड एवं पेयजल की वितरण किया गया।

## टाटीझरिया के झरपो में निकाली गई झांकी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**टाटीझरिया** : टाटीझरिया के झरपो में शुक्रवार को रामनवमी को झांकी निकाली गई जो शनिवार के सुबह तक निकलता रहा। रामभक्त शनिवार की सुबह तक झूमते रहे।जुलूस में कई तरफ के झंकियों थी जो लोगों को आकर्षित कर रही थी। झरपो में में आठ से दस झांकी निकाली गईं। जिसमें कहीं शंकर भगवान तो कहीं राम-सीता, भगवान भोलेनाथ, हनुमान की जीवंत झाँकिया थी। झांकी झरपो, भराजो, नारायण पुर, बेडमक्का, अमनारी सहित कई गॉव की झांकी निकाली गई। भक्तों के जुबां प जय श्रीराम के जयकारे थे तो हाथ में लाठी डंडा था। जिससे तरह -तरह के कर्तब्य दिखाते नजर आए।वहीं प्रशासन और पुलिस सुरक्षा को लेकर मुस्तैद थी। कई जगहों पर समाजेवियों ने पानी, शरबत, चना सहित अन्य चीजों की व्यवस्था कर रखा था। जुलूस के अलावा कई समाजसेवियों को सम्मानित भी किया गया। इस मौके उपप्रमुख रवि वर्णवाल, मुखिया शिबू प्रसाद सोनी, उपेंद्र पाण्डेय सहित कई लोग उपस्थित थे। टाटीझरिया बीडीओ सह सीओ रशिम खुशबू मिंज, थाना प्रभारी इंद्रजीत कुमार सुरक्षा को लेकर पूरी व्यवस्था कर रखी थी।

## सांसद मीडिया प्रतिनिधि ने बरही चौपारण रोडलाइंस कार्यालय का किया उद्घाटन, क्षेत्रीय विकास की दिशा में नई पहल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : बरही-चौपारण क्षेत्र में परिवहन सुविधा को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बरही चौपारण रोडलाइंस के नए कार्यालय का विधिवत उद्घाटन हजारीबाग के फोरलेन स्थित जबरा पार्क के समीप किया गया। बतौर मुख्य अतिथिहजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने फीता काटकर कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। इस प्रतिष्ठान का संचालन मनोज कुमार यादव और मंटू कुमार यादव हैं और इन्हें इस क्षेत्र में विशेष अनुभव भी है । मौके पर सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने कहा कि क्षेत्र में परिवहन सेवाओं के विस्तार से व्यापार, रोजगार और आवागमन की सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा। उन्होंने इस पहल को स्थानीय विकास के लिए सकारात्मक कदम बताते हुए संस्थान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उक्त अवसर पर मौके पर विशेषरूप से अभिषेक पाण्डेय, रवि शर्मा, नरेश कुमार यादव, रंजीत कुमार यादव, बसंत यादव, प्रमोद यादव, मदन कुमार यादव, अविनाश पांडेय, मनोज यादव, पवन कुमार, मयंक कुमार यादव , उमेश कुमार यादव एवं शुभम कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए ।

## आरोपियों को गिरफ्तार कर तत्काल मिले फांसी की सजा : जयराम महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**विष्णुगढ़** : प्रखंड अंतर्गत कुसुंभा पंचायत के 12 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दरिंदगी व हत्या को लेकर जिले भर में भारी उबाल देखा जा रहा है। शनिवार सुबह झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो विष्णुगढ़ पहुंचे, उन्होंने पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर ढाढस बंधाते हुए उचित न्याय दिलाने एवं हर संभव मदद करने का भरोसा दिया साथ ही घटना स्थल का जायजा लिया। उन्होंने डीएसपी महोदय से फोन के माध्यम से आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि मासूम बच्ची की अस्मिता और जीवन को इस तरह कुचल देना हमारी सामाजिक संवेदनाओं, कानून व्यवस्था और सामूहिक जिम्मेदारी पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। प्रशासन अविलंब इस जघन्य अपराध में संलिप्त सभी दोषियों को गिरफ्तार करें एवं फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर उनके विरुद्ध उदाहरणात्मक कार्रवाई कर कठोरतम फांसी की सजा दिलाई जाए, ताकि भविष्य में कोई भी ऐसी अमानवीय घटना करने का दुस्साहस न कर सके इस कठिन समय में मैं पूरी संवेदना, जिम्मेदारी और दृढ़ता के साथ पीड़ित परिवार के साथ खड़ा हूं। मैं परिवार को हर संभव सहायता और न्याय दिलवाने हेतु प्रयास करूंगा। घटना के बाद 4 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी न होना बहुत ही निंदनीय हैं। बहुत दुःख की बात है। अभी तक मुख्यमंत्री के द्वारा पीड़ित परिजनों के प्रति कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। सरकार केवल अपने करोड़ों रुपयों के बंगले बनाने में व्यस्त हैं।

## अंकित मोबाईल केयर एंड वर्कशॉप का हुआ उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड के अंतर्गत गाल्होवार पंचायत के खरकी रोड टंडवा चौक स्थित शनिवार, 28 मार्च 2026 को "अंकित मोबाईल केयर एंड वर्कशॉप" का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आजसू नेता सह समाजसेवी राजेंद्र मंडल के पिता मुटर साव, विष्णुगढ़ पूर्वी सांसद प्रतिनिधि नागेश्वर महतो, भाजपा विष्णुगढ़ पूर्वी मंडल अध्यक्ष गोविंद कुमार महतो, पूर्व उप प्रमुख सह सांसद प्रतिनिधि सुशील कुमार मंडल, भाजपा महामंत्री प्रकाश साव, समाजसेवी डॉ. बैजनाथ साव, खरकी पंचायत समिति सदस्य विनोद सोरेन एवं जोबर पंचायत मुखिया चेतलाल महतो द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि टंडवा मोड़ पर इस प्रकार का संस्थान खुलने से आसपास के ग्रामीणों को अब मोबाइल से संबंधित कार्यों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इससे लोगों के समय और खर्च दोनों की बचत होगी तथा स्थानीय स्तर पर बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।मोबाइल केयर के संचालक अंकित ने बताया कि उनके संस्थान में मोबाइल रिपेयरिंग के साथ-साथ सभी प्रकार के मोबाइल एवं एक्सेसरीज उचित दर पर उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजसू विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष अजय मंडल, आजसू पार्टी मांडू विधानसभा विधायक प्रतिनिधि सह प्रखंड उपाध्यक्ष दिनेश साव, प्रेम कुमार सागर सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# रामनवमी मेला का आयोजन, युवा क्लब सदबहिया को मिला प्रथम पुरस्कार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र पलांडू में रामनवमी मेला का आयोजन किया गया। मेले में मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी सहित विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, पूर्व कृषि मंत्री योगेन्द्र साव, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि कौलेश्वर गंझू, आंगो पंचायत मुखिया निलम मिंज सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी एवं उपस्थित अतिथियों के द्वारा विधिवत फीता काट कर किया गया। मेले में तलसवार पंचायत एवं आंगो पंचायत के दर्जनों गांव सदबहिया, टिकरीटांड, कोयलंग, लमकीटांड़, परेवातरी, निमियांटोला, बगाही, दीपदहा, पतरा, सोहादी, कुन्दरु, चेलंगदाग, झिकझोर, आंगो, अम्बाटोला, बरतुआ, लुकैइया, सिंगारसरय सहित दर्जन भर से अधिक अखाड़ों के लोग शामिल हुए। सभी अखाड़ों से पहूंचे रामभक्तों ने खूब जय जय श्री राम का जयघोष किया ,लाठी प्रदर्शन दिखाया। झांकियो में जय श्री राम ग्रुप आंगो, युवा क्लब ग्रुप आंगो एवं युवा क्लब सदबहिया के द्वारा बेहतर प्रदर्शन किया गया। वहीं झांकी में युवा क्लब सदबहिया ने राम लीला एवं सीता माता का अपहरन का दृश्य दिखाकर दर्शकों का मनमोह लिया। वहीं मेला समिति पलांडू ने युवा क्लब सदबहिया को प्रथम पुरस्कार में कप एवं नकद 5100 , द्वितीय पुरस्कार जय श्री राम ग्रुप आंगो को कप एवं नकद 3100 एवं तृतीय पुरस्कार युवा क्लब महतो ग्रुप आंगो को कप एवं 2100 नकद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही लाठी प्रदर्शन में बेहतर कला दिखाने वाले प्रतिभागियों को भी मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, पूर्व कृषि मंत्री योगेन्द्र साव, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि कौलेश्वर गंझू, आंगो मुखिया निलम मिंज, तलसवार पंचायत पंसस प्रतिनिधि मिथलेश साव, उप मुखिया प्रतिनिधि बोलबम उर्फ सुरेन्द्र साव,पलांडू रामनवमी मेला समिति अध्यक्ष शुक्ला तुरी, सचिव नारायण प्रसाद, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद महतो, संचालक सह मीडिया प्रभारी- अजय कुमार, काजो कुमारी, सुनील राज, रामु कुमार, बबलु कुमार सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### हरली में झांकियां ने किया प्रदर्शन शिवाडीह को मिला प्रथम पुरस्कार



**बड़कागांव** : प्रखंड में विख्यात हरली रामनवमी मेलाटांड़ में कई अखाड़े के द्वारा प्रदर्शित की गई , मेला एवं जुलूस शुक्रवार शाम 3 :00 से शुरू हुआ और शनिवार की सुबह 9 :00 पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ। जुलूस एवं झांकी का मूल्यांकन हरली पूजा समिति के अध्यक्ष महेंद्र महतो के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा की गई। जिसमें शिवाडीह की जीवंत झांकी को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दूसरा स्थान बिश्रामपुर तथा तीसरा स्थान तलसवार गांव की झांकी को प्राप्त हुआ। कुल14 अखाड़े के जुलूस या झांकी शामिल हुए थे। सभी को क्रमबद्ध पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शिवाडीह की "किसान आत्महत्या" झांकी ने दर्शकों का खूब मनमोहा। किसान आत्महत्या की झांकी सरकार को किसानों के प्रति नई नीति बनाने पर जोर दिया गया। झांकी में किसानों के प्रति देशव्यापी समस्या और दुर्दशा को दशार्या गया वहीं ऑपरेशन सिंदूर में पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद देश की गौरव गाथा को दिखाई गई और लव कुश झांकी में रामायण में माता सीता के प्रति हुए अत्याचार-को अयोध्या नगर वाशियों को बताते झांकी दिखलाया गया। इस जीवंत झांकी संयुक्त निर्देशन- विनोद प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार, चक्रधर प्रसाद ,दीपरंजन की देखरेख में किया गया वही कलाकर में आदित्य कुमार, अनमोल कुमार एवं बासमती देवी ने बेहतर करने का प्रयास किया।


## संक्षिप्त खबरें

### सुनीता देवी के हाथों केपीएल का भव्य उद्घाटन खिलाड़ियों संग मैदान में उतरकर जीता दिल



**चौपारण** : प्रखंड के पाण्डेयबारा पंचायत अंतर्गत केसठ गांव में केपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ पूर्व मुखिया प्रत्याशी सुनीता देवी द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन समारोह के अवसर पर आयोजकों एवं ग्रामीणों ने फूल-मालाओं के साथ उनका जोरदार और गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम का माहौल उस समय और भी उत्साहपूर्ण हो गया जब मुख्य अतिथि सुनीता देवी स्वयं मैदान में उतरीं और बल्लेबाजी कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। इसके बाद उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में सुनीता देवी ने कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का बेहतरीन मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक फिटनेस का माध्यम है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने युवाओं से खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। इस आयोजन में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। जानकारी के अनुसार, पाण्डेयबारा पंचायत में समाजसेवी जीतू यादव एवं सुनीता देवी क्षेत्र के विकास और सामाजिक कार्यों में लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। बताते चले टूर्नामेंट में विजेता टीम के लिए 51,000 रुपये एवं उपविजेता टीम के लिए 35,000 रुपये का आकर्षक पुरस्कार निर्धारित किया गया है, जबकि प्रवेश शुल्क 3,100 रुपये रखा गया है। प्रतियोगिता में कुल 14 टीमों ने भाग लिया है। उद्घाटन मुकाबला अमझर और कोयली टीमों के बीच खेला गया। इस अवसर पर शुभम यादव, मो० शादाब, बेलाल आजाद, मो० सोनू, वाहिद, दाऊद, अफसर, दानिश, वसीम, फैजान, समीर, इरफान, सलमान, सद्दाम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### चयकलां उर्स मेला 3 अप्रैल से, कव्वाली मुकाबलों में देश के नामी कलाकार दिखाएंगे हुनर



**चौपारण** : प्रखंड अंतर्गत पंचायत चयकलां स्थित सूफी संत हजरत दूलाह शाह बाबा के दरबार में तीन दिवसीय उर्स मेला 3 अप्रैल से प्रारंभ होकर 5 अप्रैल तक आयोजित होगा। उर्स कमेटी के जिम्मेदार इसकी तैयारी में जोर-शोर से जुटे हुए हैं। कमेटी के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि उर्स के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस बार भी पूरी रात महफि ल-ए-समा का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें देशभर की मशहूर कव्वाल पार्टियां सूफियाना कलाम पेश कर जायरीनों को आध्यात्मिक रंग में रंग देंगी। चयकलां के मुखिया प्रतिनिधि मौलाना हेलाल अख्तर एवं पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मो० फैजान अजमेरी ने बताया कि 3 अप्रैल को कुरान ख्वानी के साथ उर्स की शुरूआत होगी। इस अवसर पर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और हैदराबाद सहित विभिन्न क्षेत्रों से प्रख्यात इस्लामिक विद्वान, वक्ता और नातख्वां शिरकत करेंगे। प्रमुख हस्तियों में अल्लामा मौलाना गुलाम रसूल बलियावी, मौलाना सैयद कामरान हसीब, नकीब जमाल अख्तर, नातख्वां जाकिर इस्माइली तथा शोएब रजा वारसी सहित कई उलमा, शायर, हाफिज और कारी शामिल रहेंगे। उर्स के दूसरे दिन 4 अप्रैल को वाराणसी के प्रसिद्ध टीवी सिंगर कव्वाल इश्तेयाक भारती और मुंबई के शाह मुराद चिश्ती के बीच कव्वाली मुकाबला होगा। वहीं 5 अप्रैल को बदायूं के दिलबर मेराज और मेरठ के आसिफ मलिक के बीच सीधा मुकाबला आयोजित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, इस तीन दिवसीय उर्स मेले में हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं जायरीन शामिल होते हैं। मेले में हजारों दुकानों के साथ विभिन्न प्रकार के मनोरंजन के साधन भी उपलब्ध रहते हैं, जिससे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहता है। गौरतलब है कि पिछले लगभग 100 वर्षों से आयोजित हो रहा यह उर्स मेला चयकलां स्थित सूफी संत हजरत दूलाह फतह उद्दीन शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैहि की दरगाह पर मनाया जाता है। यह स्थल सर्वधर्म समभाव और सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक माना जाता है, जहां हर साल विभिन्न राज्यों से लोग आकर श्रद्धा अर्पित करते हैं और कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं।

### जयकारों से गूंजा चौपारण, भव्य शोभायात्रा के साथ श्रद्धा और उल्लास में सम्पन्न हुआ रामनवमी पर्व



**चौपारण** : चैत रामनवमी पर्व के समापन पर चौपारण में आस्था, उल्लास और सामाजिक एकता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्लॉक मोड़ दुर्गा मंदिर से निकली माँ दुर्गा की भव्य शोभायात्रा ने पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया। शनिवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ यह पर्व श्रद्धा और भावुकता के माहौल में सम्पन्न हुआ।विसर्जन से पूर्व मंदिर प्रांगण में विधि-विधान से विशेष पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चारण किया गया। पाण्डेयबारा के ब्राह्मण बालमुकुंद पांडेय एवं मोहन कुमार पांडेय के सानिध्य में सम्पन्न अनुष्ठान ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इसके बाद आकर्षक ढंग से सजी वाहन पर विराजमान माँ दुर्गा की प्रतिमा को नगर भ्रमण के लिए निकाला गया। शोभायात्रा ब्लॉक मोड़ से शुरू होकर चतरा मोड़ होते हुए केंदुआ मोड़ तक पहुंची। यात्रा में महिला, पुरुष, बच्चे और बुजुर्गों की भारी भागीदारी रही। भक्तजन भक्ति गीतों, जयकारों और ढोल-नगाड़ों की धुन पर झूमते नजर आए। पूरा क्षेत्र जय माता दी के उद्घोष से गूंज उठा। बालाबांध तालाब पर पहुंचकर विधिवत पूजन के बाद माँ दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान भक्तों की आंखें नम दिखीं, वहीं अगले वर्ष पुन: आगमन की आस्था भी झलकती रही। आयोजन को सफल बनाने में दुर्गा मंदिर समिति की अहम भूमिका रही। अध्यक्ष अभिमन्यु प्रसाद भगत, सचिव महेश प्रसाद केशरी, कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार साव, भोला केशरी, अजय केशरी, मनीष साव, अशोक केशरी, शंकर गुप्ता समेत समिति के सभी सदस्यों और ग्रामीणों ने मिलकर व्यवस्थाओं को संभाला।

## एक नजर

### 30 और 31 मार्च को पानी की आपूर्ति रहेगी बाधित

**रांची** : राजधानी रांची के कई क्षेत्रों में 30 और 31 मार्च को जलापूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सप्लाई वितरण प्रमंडल, बूटी द्वारा शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई। विभाग के अनुसार, बहु बाजार से पटेल चौक तक बन रहे फ्लाईओवर के निर्माण कार्य के कारण पाइपलाइन शिफ्टिंग और कनेक्शन का काम किया जाएगा। इसी वजह से 30 मार्च से 31 मार्च तक कुल 48 घंटे का शटडाउन लिया जाएगा। इस दौरान सिरमटोलीझ्रमेकॉन फ्लाईओवर और पटेल चौक क्षेत्र के साथ-साथ कोकरझ्रयोगदा सत्संग आश्रम फ्लाईओवर से जुड़े इलाकों में जलापूर्ति पूरी तरह प्रभावित रहेगी।

### बीएयू में हुआ किसान-वैज्ञानिक संवाद

**रांची** : बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) में संचालित अरहर संबंधी अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के तहत शनिवार को चान्हो प्रखंड के सिलागाई गांव में किसान-वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 60 किसानों ने भाग लिया। जनजातीय उप योजना के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख डॉ. नीरज कुमार, पौधा रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ. हेमचंद्रलाल, कीट विज्ञान विभाग के डॉ. बिनय कुमार तथा सत्यविद् डॉ. नरगिस कुमारी ने किसानों को अरहर की वैज्ञानिक खेती के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। वैज्ञानिकों ने किसानों को बेहतर बीज चयन, उन्नत उत्पादन तकनीक, रोग एवं कीट प्रबंधन तथा फसल संरक्षण के आधुनिक तरीकों के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने फसल प्रबंधन और संरक्षण से जुड़े कई सवाल भी पूछे, जिनका वैज्ञानिकों ने विस्तार से उत्तर दिया।

**आईआईएम रांची का दीक्षांत समारोह: उपराष्ट्रपति की उपस्थिति में राज्यपाल ने विद्यार्थियों को दीं उपाधियाँ, कहा**

# एक अच्छा प्रबंधक ही नहीं, अच्छा इंसान बनना भी जरूरी






प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) रांची का दीक्षांत समारोह शनिवार को उपराष्ट्रपति की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर झारखंड के राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने सफल विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान कीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राज्यपाल ने अपने संबोधन में छात्रों को पेशेवर कौशल के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने का मंत्र दिया।

राज्यपाल महोदय ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि डिग्री प्राप्त करना केवल एक शैक्षणिक उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज के प्रति एक बड़ी जिम्मेदारी की शुरूआत है। उन्होंने कहा, वर्तमान वैश्विक परिवेश में चुनौतियाँ और अवसर दोनों व्यापक हैं। ऐसे में युवाओं को अपने निर्णयों में नैतिकता, पारदर्शिता और मानवीय मूल्यों को सर्वोपरि रखना चाहिए। आप जहाँ भी जाएँ, केवल सफलता के पीछे न भागें, बल्कि उत्कृष्टता और मानवीय संवेदनाओं की मिसाल बनें।

समारोह के दौरान राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति का झारखंड से उनके विशेष लगाव के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही, उन्होंने उपराष्ट्रपति के सचिव और झारखंड में प्रधान सचिव रह चुके श्री अमित खरे के योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि श्री खरे की दूरदर्शिता ने केंद्र और राज्य, दोनों स्तरों पर शिक्षा और सूचना जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अमूल्य सेवाएँ दी हैं।

### आईआईएम रांची के विशेष केंद्रों की सराहना

राज्यपाल ने संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता की प्रशंसा करते हुए यहाँ स्थापित विशेष केंद्रों का उल्लेख किया. अटल बिहारी वाजपेयी सेंटर: सुशासन और नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए। सेंटर फॉर ट्राइबल अफेयर्स: भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर स्थापित यह केंद्र समावेशी विकास और सामाजिक न्याय की दिशा में मील का पत्थर है।

### अर्थव्यवस्था में युवाओं की भूमिका

देश की प्रगति का जिक्र करते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरी पायदान पर पहुँचने की ओर अग्रसर है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी ऊर्जा और नवाचार के बल पर देश को विकास की नई ऊँचाइयों तक ले जाएं।

**बच्ची की हत्या मामले में 24 घंटे के भीतर कार्रवाई नहीं हुई, तो**

## 30 मार्च को हजारीबाग बंद : आदित्य साहू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने हजारीबाग जिले के बरही प्रखंड के कुसुम्बा गांव में हुई एक बच्ची की हत्या की घटना को लेकर राज्य सरकार पर हमला बोला है।

रांची स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान साहू ने कहा कि रामनवमी और चैत्र नवरात्रि जैसे पर्वों के बीच इस तरह की जघन्य घटना ने पूरे समाज को झकझोर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बच्ची का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया गया और बाद में बेहद क्रूर तरीके से उसकी हत्या कर दी गई, जो अत्यंत अमानवीय और निंदनीय है।

आदित्य साहू ने पुलिस-प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में अपराधियों के मन से कानून का भय समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस व्यवस्था को सुदृढ़ करने के बजाय अन्य कार्यों में उलझी हुई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी पीड़ित परिवार से मिलने तक नहीं पहुंचे।

भाजपा ने इस मामले में सरकार के समक्ष कई मांगें रखी हैं, जिनमें आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी और उन्हें कड़ी सजा दिलाने, पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा, पीड़िता के पिता को सरकारी नौकरी तथा परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग शामिल है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि जल्द आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होती है, तो 29 मार्च को हजारीबाग जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों में मशाल जुलूस निकाला जाएगा। इसके अलावा 30 मार्च को पूरे जिले में बंद का आह्वान किया जाएगा।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को पूरे झारखंड में विस्तारित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर भी निशाना साधते हुए कहा कि इतनी गंभीर घटना पर उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## कांग्रेस ने आदित्य साहू के बयान को बताया दुर्भाग्यपूर्ण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : झारखंड के हजारीबाग में हुई दुष्कर्म की घटना को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है।

कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि भाजपा को पहले अपने शासित राज्यों में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर आत्ममंथन करना चाहिए, बजाय इसके कि वह हर घटना का राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करे।

उन्होंने कहा कि दुष्कर्म जैसी जघन्य घटनाएं समाज पर कलंक हैं और इनके खिलाफ सभी राजनीतिक दलों को एकजुट होकर सख्त कदम उठाने चाहिए। लेकिन भाजपा इस गंभीर मुद्दे पर भी राजनीतिक रोटियां सेंकने से बाज नहीं आ रही है।

राकेश सिन्हा ने आरोप लगाया कि जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है, वहां महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन इन घटनाओं पर पार्टी की चुप्पी साफ दिखाई देती है।

इस बयान के साथ ही झारखंड की राजनीति में हजारीबाग की घटना को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है, जहां दोनों प्रमुख दल एक-दूसरे पर निशाना साध रहे हैं।

## पंच मंदिर में रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : राँची महानगर के वार्ड नंबर 36 अरगोड़ा बाईपास चौक पर स्थित श्री श्री हनुमान मंदिर दादुल घाट परिसर में एवं अरगोड़ा पीपर टोली नागड़ा ढीपा तारा नगर स्थित पंच मंदिर में रामनवमी झंडा महोत्सव, चैती नवरात्रा पिछले सालों की भांति इस साल भी आकर्षक ढंग से रामनवमी महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

अरगोड़ा बाईपास चौक पर रामनवमी स्वागत समिति महावीर मंडल दादुल घाट के अध्यक्ष प्रकाश साहु, सचिव सतीश साहु, कोषाध्यक्ष राज कुमार राम पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सुभाष प्रसाद साहु ने अपनी पूरी समिति के पदाधिकारियों , सदस्यों के साथ ही समिति के पूर्व संस्थापक संयोजक बीरेंद्र साहु ने बताया कि पिछले 25 वर्षों से अरगोड़ा बाईपास चौक पर सभी के सामूहिक सहयोग से रामनवमी स्वागत समिति महावीर मंडल द्वारा अपराह्न 3, बजे से शाम 8 बजे तक रांची मेन रोड की तरफ जुलूसों का प्रस्थान करते लौटते सभी सम्मानित अखाड़ों एवं माननीयों का स्वागत पगड़ी एवं माला पहना कर, तलवार देकर एवं पट्टा ओढ़ाकर, हाथ में महाप्रसाद बुंदिया का पैकेट देकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया है।


## बंद घर से 16 लाख की चोरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड की राजधानी रांची के पंडरा इलाके में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। देवी मंडप रोड स्थित सुजीत कुमार गुप्ता के घर का ताला तोड़कर चोर करीब 16 लाख रुपये के जेवरात और नगदी लेकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, घर के सदस्य शुक्रवार दोपहर गुमला गए हुए थे। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने रात के समय सुनसान घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की सूचना सुजीत कुमार गुप्ता को उनके पड़ोसी द्वारा दी गई। जब वे वापस घर पहुंचे तो देखा कि मुख्य दरवाजा टूटा हुआ है और अलमारी में रखे सभी कीमती जेवरात व नगदी गायब हैं।

## बिरसा मुंडा चिड़ियाघर में मांस आपूर्ति ठप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : रांची स्थित बिरसा मुंडा चिड़ियाघर इन दिनों गंभीर प्रशासनिक चुनौती का सामना कर रहा है। यहां मांसाहारी जानवरों के लिए मांस की आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई है। यह स्थिति मांस आपूर्ति से जुड़े टेंडर को लगातार दूसरी बार रद्द किए जाने के बाद उत्पन्न हुई है, जिससे चिड़ियाघर प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

दरअसल, चिड़ियाघर प्रशासन द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए जारी टेंडर में प्रतिदिन 118.75 किलोग्राम बिना हड्डी वाला और 30 किलोग्राम हड्डी सहित मांस की आपूर्ति का प्रावधान रखा गया था। हालांकि, निर्धारित समय सीमा तक केवल दो ही आवेदकों ने इसमें भाग लिया। नियमों के तहत पर्याप्त प्रतिस्पर्धा नहीं होने के कारण टेंडर को रद्द कर दिया गया।

अधिकारियों का कहना है कि पारदर्शिता बनाए रखने और बेहतर प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है, ताकि भविष्य में अधिक योग्य आपूर्तिकर्ता सामने आ सकें। लेकिन लगातार दूसरी बार टेंडर रद्द होने से प्रशासन की तैयारियों और योजना पर सवाल उठने लगे हैं।

गौरतलब है कि वर्ष 2025-26 में भी इसी तरह की स्थिति बनी थी, जब टेंडर रद्द होने के बाद पुराने आपूर्तिकर्ता खालिद रजा को आपूर्ति का जिम्मा सौंपा गया था। फिलहाल, वही आपूर्तिकर्ता आजादबस्ती प्रतिबंधित मांस कांड में फरार बताया जा रहा है, जिससे मामले की संवेदनशीलता और बढ़ गई है।

मांस की आपूर्ति बंद होने से चिड़ियाघर के शेर, बाघ और अन्य मांसाहारी जानवरों के भोजन की व्यवस्था करना प्रबंधन के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि जल्द वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई, तो इसका सीधा असर जानवरों के स्वास्थ्य और देखभाल पर पड़ सकता है।

# जलाशयों में महाझींगा पालन आदिम जनजातियों की समृद्धि में सहायक : अमरेन्द्र कुमार

- वर्तमान में झारखंड के तीन छोटे जलाशयों में महाझींगा पालन किया जा रहा है।
- जलाशयों में महाझींगा पालन से आदिवासियों की आर्थिक समृद्धि बढ़ रही है।

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**महा झींगा बीज संचयन कार्यक्रम आयोजित**



**रांची** : झारखंड के जलाशयों में महा झींगा पालन से आदिवासी समुदाय, खासकर आदिम जनजातियों की आर्थिक स्थिति में अपेक्षित सुधार हो रहा है। महा झींगा पालन आदिम जनजातियों के लिए रोजगार सृजन में भी सहायक है। उक्त बातें झारखंड सरकार के मत्स्य निदेशालय के निदेशक अमरेन्द्र कुमार ने कही।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में झारखंड के तीन छोटे जलाशयों में महाझींगा पालन किया जा रहा है। हजारीबाग के घाघरा जलाशय, सिमडेगा के केलाघाघ जलाशय और गुमला के मसारिया जलाशय में महाझींगा पालन से आदिवासी समुदाय, खासकर आदिम जनजातियों की आजीविका में अपेक्षित सुधार हो रहा है।

गौरतलब है कि झारखंड सरकार के कृषि, पशुपालन, सहकारिता व मत्स्य विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के निर्देशानुसार उनके मार्गदर्शन में राज्य के जलाशयों में झींगा पालन के माध्यम से आदिम जनजातियों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने की दिशा में मत्स्य निदेशालय द्वारा उल्लेखनीय कार्य किया जा रहे हैं। झारखंड में इस योजना को आईसीएआर, सीआईएफआरआई, बैरकपुर (कोलकाता) द्वारा प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एके दास की देखरेख में संचालित किया जा रहा है।

इस संबंध में निदेशक अमरेंद्र कुमार ने बताया कि जलाशयों में महाझींगा पालन से आदिवासियों की आर्थिक समृद्धि बढ़ रही है। इससे उनकी जीवन शैली में भी सुधार हुआ है। झींगा पालन आदिम जनजातियों की जीविका का एक सशक्त साधन बन रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के मत्स्य निदेशालय की यह योजना अन्य राज्यों के लिए एक उदाहरण बन गया है। छोटे-छोटे जलाशयों में महाझींगा पालन से मत्स्य कृषक अपने जीवनस्तर में सुधार ला सकते हैं।

राज्य के तीन जलाशयों में महाझींगा पालन के बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए सभी जिलों के डीएफओ (जिला मत्स्य पदाधिकारी) ने भी विभाग से अन्य छोटे-छोटे जलाशयों में महाझींगा पालन करने में अभिरुचि दिखाई है।

राज्य के अन्य छह नए जलाशयों बचरा, लातेहार, करंजी, नौरंगा जलाशय, (रांची), नंदनी (लोहरदगा), धनसिंह जलाशय (गुमला) और बांकीबेरा जलाशय (दुमका) में महाझींगा पालन का कार्य किया जा रहा है।

### महा झींगा बीज संचयन

निदेशक (मत्स्य) के मुताबिक घाघरा जलाशय में 22 मार्च 2026 को 2,25,750, 23 मार्च को केलाघाघ सिमडेगा में 4,23,400, 24 मार्च को बचरा जलाशय लातेहार में 2,14,400, 25 मार्च को नौरंगा जलाशय में 2,52,000 तथा करंजी जलाशय, रांची में 2,23,200, 26 मार्च को नंदनी जलाशय लोहरदगा में 2,40500, 27 मार्च को मसरिया जलाशय गुमला में 2,44,180, 28 मार्च को धनसिंह जलाशय गुमला 2,53,725 पीस महाझींगा बीज का संचयन किया गया है।

वहीं 30 मार्च 2026 को बांकीबेरा जलाशय (दुमका) में दो लाख महाझींगा बीज का संचयन होना है। इसके साथ ही विभाग द्वारा जलाशयों के किसानों के लिए महाझींगा पालन हेतु महाझींगा आहार, मिनरल और जियोलाइट भी उपलब्ध कराया जाता है।

महाझींगा बीज संचयन में सिफरी के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एके दास, सहायक मत्स्य निदेशक गीतांजलि कुमारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी रांची, जिला मत्स्य पदाधिकारी लातेहार, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी प्रवीण किस्पोट्टा हजारीबाग, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी पारस नाथ महतो तथा जलाशय समिति के कृषक उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मत्स्य निदेशालय के मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार दीपक ने दी।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्य के 82 मॉडल विद्यालय प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न



**रांची**: झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची द्वारा संचालित राज्य के 82 मॉडल विद्यालयों में कक्षा 6 में सत्र 2026-27 के नामांकन के लिए झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा आज 28 मार्च (शनिवार) को राज्य भर के 19 जिलों के 60 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। परीक्षा का आयोजन पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक किया गया। सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों का आगमन समय से पहले ही प्रारंभ हो गया था, जिससे विद्यार्थियों में इस परीक्षा को लेकर उत्साह, अनुशासन एवं आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से देखने को मिला। परीक्षा 100 अंकों की बहुविकल्पीय प्रश्न आधारित थी, जिसमें अंग्रेजी (30 अंक), गणित (30 अंक) एवं सामाजिक विज्ञान (40 अंक) से प्रश्न पूछे गए। जिसमें प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जाएगी, जिसके पश्चात चयनित छात्र मॉडल विद्यालयों में नामांकन करा सकेंगे। परीक्षा के सफल संचालन हेतु सभी जिला प्रशासन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, केंद्राधीक्षक एवं संबंधित कर्मियों द्वारा समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई। सभी केंद्रों पर कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा सम्पन्न कराई गई। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची द्वारा संचालित मॉडल विद्यालयों में खअउ बोर्ड के अंतर्गत अंग्रेजी माध्यम से कक्षा 6 से 12वीं तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है। इन विद्यालयों का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उत्कृष्ट एवं आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराना है, ताकि वे भविष्य में प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। परिषद राज्य के अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से अपील करता है कि वे अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य हेतु इन मॉडल विद्यालयों में अधिक से अधिक नामांकन कराएं तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ उठाएं।

### खनन क्षेत्र में सुरक्षा, नवाचार और मानव संसाधन पर राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न



**अनगडा** : इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट (आईएसटीडी), रांची चैप्टर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन 2026 का सफल आयोजन झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम, तातिसिलवे औद्योगिक क्षेत्र, रांची में किया गया। सम्मेलन का मुख्य विषय ह्लखनन कार्यों में सुरक्षा एवं मानव संसाधन प्रबंधनह्व रहा, जिसमें खनन क्षेत्र में सुरक्षा, नवाचार, जोखिम प्रबंधन और मानव संसाधन विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत उद्घाटन सत्र से हुई, जिसमें श्री महेश कुमार गुप्ता (अध्यक्ष, आईएसटीडी रांची चैप्टर) ने स्वागत भाषण दिया। श्री नभघना पाणि (राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, आईएसटीडी) तथा श्री हर्ष नाथ मिश्रा (निदेशक-मानव संसाधन, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड) ने सम्मेलन को संबोधित किया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. श्याम सुंदर प्रसाद (उप निदेशक, डीजीएमएस, दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र, रांची) ने अपने विचार व्यक्त किए।

### खेलो इंडिया जनजाति गेम्स-2026 में मलखंब प्रतियोगिता के तकनीकी अधिकारी बने अजय झा

**रांची** : बीएसपी उच्च विद्यालय, धुर्वा के शारीरिक शिक्षा शिक्षक सह झारखंड मलखंब अकादमी के निदेशक अजय झा को खेलो इंडिया जनजाति गेम्स-2026 में मलखंब प्रतियोगिता के लिए तकनीकी पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। मलखंब अकादमी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह प्रतियोगिता सरगुजा के अंबिकापुर स्थित गांधी स्टेडियम में 2 से 4 अप्रैल 2026 तक आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में अजय झा झारखंड से एकमात्र तकनीकी अधिकारी के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। उन्हें 31 मार्च को रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया है। विज्ञप्ति में बताया गया है कि अजय झा पिछले 34 वर्षों से शिक्षण कार्य के साथ-साथ मलखंब, कबड्डी, खो-खो और एथलेटिक्स जैसे खेलों में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में कई खिलाड़ी राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंच चुके हैं। इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, खेल पदाधिकारी, झारखंड ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों, विद्यालय प्रबंधन तथा खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### झारखंड के साहिबगंज में सबसे अधिक 64 मिमी बारिश दर्ज, 2 अप्रैल तक येलो अलर्ट

**रांची** : झारखंड में पिछले 24 घंटों के दौरान कई जिलों में बारिश दर्ज की गई, जिसमें राजमहल (साहिबगंज) में सबसे अधिक 64 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। यह जानकारी मौसम विभाग ने शनिवार को दी। मौसम विभाग के अनुसार, इस अवधि में जगन्नाथपुर में 33.4 मिमी, बरही (डीवीसी) में 26.3 मिमी, चाकुलिया में 23.4 मिमी, कांके (बीएयू) में 16.2 मिमी, आनंदपुर में 16 मिमी, रामगढ़ डीवीसी में 15.5 मिमी, बहरागोड़ा में 13.2 मिमी, बालूमाथ में 12.2 मिमी, पोटका में 11.6 मिमी तथा सरायकेला-खरसावां, सिसई और भरनो में करीब 11 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 2 अप्रैल तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश और वज्रपात की संभावना बनी रहेगी। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। 29 मार्च को उत्तर-पूर्वी इलाकों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, साथ ही वज्रपात की भी आशंका है। राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में 31 मार्च को उत्तर-पश्चिमी हिस्सों को छोड़कर हल्की बारिश, गरज-चमक और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। वहीं 1 अप्रैल को दक्षिणी जिलों और 2 अप्रैल को दक्षिण-पश्चिमी एवं मध्यवर्ती क्षेत्रों में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। इस दौरान 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है।

### दो समुदायों में जमकर पत्थरबाजी, स्थिति नियंत्रण में

**खूंटी** : जिले के मुरहू में दो समुदायों के बीच शनिवार को जमकर पत्थरबाजी हुई। पत्थरबाजी की घटना में मुरहू थाना प्रभारी नोयेएल गोडविन केरकेट्टा सहित कई पुलिसकर्मी और आम लोग घायल हो गए। शुक्रवार को रामनवमी शोभायात्रा के दौरान शुक्रवार को पथराव की घटना के बाद दो पक्षों के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। शनिवार को दिनभर क्षेत्र में माहौल गरम रहा। हालात को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम दीपेश कुमारी, एसडीपीओ वरुण रजक, हेडक्वार्टर डीएसपी अखिल कुजूर, डीसीएलआर अरविंद ओझा, मुरहू बीडीओ रंजीत सिंह, तोरपा बीडीओ नवीन झा, मुरहू सीओ शंकर कुमार विद्यार्थी, रनिया बीडीओ प्रशांत डांग, तपकरा, सायको, मरांगहादा सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया।

# रामगढ़ में उमड़ा आस्था का सैलाब, 219 अखाड़ों के जुलूस में दिखी एकता की मिसाल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रामनवमी के अवसर पर 27 मार्च 2026 को रामगढ़ जिले में भक्ति, उत्साह और सामाजिक सौहार्द का अद्भुत नजारा देखने को मिला। जिले भर में कुल 219 अखाड़ों (141 लाइसेंसी और 78 गैर-लाइसेंसी) द्वारा भव्य जुलूस निकाले गए, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शहरी इलाकों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। शाम करीब 7 बजे तेज आंधी और बारिश के कारण कुछ समय के लिए जुलूस में शामिल भीड़ बिखर गई, लेकिन मौसम शांत होते ही महिला, पुरुष और बच्चे फिर से बड़ी संख्या में जुलूस में शामिल हो गए। इससे श्रद्धालुओं की अटूट आस्था और उत्साह साफ झलकता रहा। उपायुक्त फैज अक अहमद, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी और पुलिस उपाधीक्षक चंदन वत्स सहित अन्य अधिकारियों ने शहर के विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों– सिटी स्टाइल, राजस्थान कलेवाले, बगडिया, सौदागर मोहल्ला, झंडा चौक, गोलपार्क और थाना चौक–का पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सौदागर मोहल्ला में मुस्लिम समुदाय द्वारा मंच तैयार कर जुलूस में शामिल हिंदू श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक स्वयं उपस्थित रहे। इस पहल ने सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे का सशक्त संदेश दिया। दोनों समुदायों ने भविष्य में भी सभी त्योहार मिलजुल कर शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का संकल्प लिया। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने स्वयं पूरी रात पुलिस बल के साथ मैदान में डटे रहकर जुलूस की निगरानी की। जिले में कहीं भी कानून-व्यवस्था की कोई समस्या सामने नहीं आई। ड्यूटी में तैनात जिला बल, जैप, सैप, आईआरबी और गृह रक्षक के जवानों ने 24 घंटे सतर्क रहकर अपनी जिम्मेदारियां निभाईं। जिले में 25 स्थानों पर चौती दुर्गा पूजा आयोजित की जा रही है। इनमें से 22 समितियों द्वारा 28 मार्च और 3 समितियों द्वारा 29 मार्च को प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा। सभी संवेदनशील स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। रामनवमी के शांतिपूर्ण आयोजन पर पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों, अखाड़ा समितियों और सभी सहभागियों को अनुशासन और जिम्मेदारी का परिचय देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इसे जागरूक और जिम्मेदार नागरिकता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

## भुरकुंडा रामनवमी मेले में प्रतिभा और अनुशासन की झलक, विभिन्न प्रतियोगिताओं में कई समितियां हुईं सम्मानित







**भुरकुंडा** : रामनवमी के अवसर पर हुरूमगढ़ा स्थित रामनवमी मैदान में आयोजित भव्य मेला इस वर्ष भी उत्साह, कला और अनुशासन का अनूठा संगम बनकर उभरा। श्री महारामनवमी पूजा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस मेले में भुरकुंडा और भदानीनगर क्षेत्र की अनेक समितियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के मूल्यांकन के लिए गठित निर्णायक मंडल में रंजन कुमार, मनी भूषण प्रसाद, प्रिंस सिंह, रोहित कुमार और अंकुर विश्वनाथ शामिल रहे। सभी प्रस्तुतियों का सूक्ष्म निरीक्षण कर अंकों के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। मेले में सबसे बड़े महाबीर ध्वज के लिए देवरिया समिति को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। कला प्रदर्शन में सनातन हिंदू संगठन, पटेलनगर भुरकुंडा ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि नवयुवक संघ संकटमोचन मंदिर भुरकुंडा बाजार को दूसरा और शिवनगर चिकोर को तीसरा स्थान मिला। झांकी प्रतियोगिता में महाबीर मंडल लादी ने बाजी मारी, जबकि शिवनगर चिकोर दूसरे और अंबेडकर क्लब लादी तीसरे स्थान पर रहे। अनुशासन के क्षेत्र में नवयुवक संघ संकटमोचन मंदिर भुरकुंडा बाजार को प्रथम स्थान मिला। आदर्श क्लब चिकोर और रामनवमी पूजा समिति लपंगा बस्ती संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे, जबकि मतकमा और पगला आश्रम भुरकुंडा की समितियों को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान दिया गया। अखाड़ा प्रदर्शन में शिवनगर चिकोर ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि महाबीर मंडल लादी और देवरिया समिति संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। अंबेडकर क्लब लादी को तीसरा स्थान मिला।

## कानून से ऊपर महापौर और उप महापौर बिना नंबर प्लेट गाड़ियों पर उठे सवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : शहर के प्रथम नागरिक, यानी मेयर (महापौर), तथा द्वितीय नागरिक, यानी डेप्युटी मेयर (उप महापौर) जिनकी जिम्मेदारी शहर में व्यवस्था बनाए रखने की है, उनको ऐसी लग्जरी गाड़ीयों का इस्तेमाल करते देखा गया जिस पर रजिस्ट्रेशन नंबर की जगह सिर्फ उनकी पदवी की पट्टिका लगी थी। यह दृश्य न केवल हैरान करने वाला है, बल्कि सीधे तौर पर मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन भी प्रतीत होता है। अगर एक आम नागरिक बिना नंबर प्लेट की गाड़ी सड़क पर निकाले, तो पुलिस तुरंत चालान काटती है या गाड़ी जब्त कर लेती है। क्या मेयर के लिए कानून की किताब अलग है। जनप्रतिनिधि जनता के रोल मॉडल होते हैं। जब चुने हुए जनप्रतिनिधि ही मोटर वाहन अधिनियम का पालन नहीं करेंगे, तो जनता से नियमों के पालन की उम्मीद कैसे की जा सकती है। क्या ट्रैफिक पुलिस और आरटीओ विभाग केवल आम जनता पर सख्ती दिखाने के लिए हैं! रसूख के आगे उनकी कार्रवाई क्यों थम जाती है। मोटर वाहन अधिनियम की धाराओं के तहत, बिना वैध पंजीकरण नंबर के वाहन चलाना एक दंडनीय अपराध है। इसके लिए भारी जुमार्ने और वाहन की जब्ती का प्रावधान है। नियम स्पष्ट है कि गाड़ी पर 'मेयर', 'अध्यक्ष' या 'विधायक' लिखना नंबर प्लेट का विकल्प नहीं हो सकता। पद की गरिमा गाड़ी पर लिखी पदवी से नहीं, बल्कि नियमों के प्रति सम्मान और जनता के प्रति जवाबदेही से बढ़ती है। बिना नंबर की गाड़ी का इस्तेमाल करना एक 'वीआईपी संस्कृति' की मानसिकता को दर्शाता है, जिसे खत्म करने का दावा सरकारें अक्सर करती रही हैं।

## रामगढ़ में 25 शिक्षक सम्मानित, गोला बना टॉप ब्लॉक और रकुवा सर्वश्रेष्ठ क्लस्टर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** जिले में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित करने के उद्देश्य से झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय परिसर में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। निहार शांति पाठशाला फनवाला के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में 25 शिक्षकों को उनके उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नलिनी रंजन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुलोचना कुमारी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस दौरान शिक्षकों को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनका मनोबल बढ़ा। कार्यक्रम के दौरान अंग्रेजी साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत गोला प्रखंड को जिले का सर्वश्रेष्ठ (टॉप ब्लॉक) घोषित किया गया, जबकि रकुवा संकुल को बेस्ट क्लस्टर का पुरस्कार मिला। यह उपलब्धि वहां के शिक्षकों और शिक्षा कर्मियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया गया। मुख्य अतिथि नलिनी रंजन ने अपने संबोधन में कहा कि यह सम्मान समारोह केवल शिक्षकों को पुरस्कृत करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे जिले के शिक्षकों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि निरंतर प्रयास, आपसी सहयोग और सही दिशा में काम करने से शिक्षा के स्तर में ठोस सुधार लाया जा सकता है। कार्यक्रम में लीपफॉरवर्ड के राज्य प्रबंधक मुकेश वर्णवाल, सहायक प्रबंधक सना देशमुख और वरीय कार्यकारी मानसी तलावडेकर ने भी अपनी बात रखी और शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार की जरूरत पर जोर दिया। इस अवसर पर एपीओ कुमार राज, एसपीएमयू के जिला कोऑर्डिनेटर आदित्य कुमार, मिथलेश कुमार रविदास समेत सभी प्रखंडों के बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी और शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा और प्रेरणा का माहौल तैयार किया।

# रामगढ़ में 5 दिवसीय आईएमएनसीआई प्रशिक्षण संपन्न बच्चों की बीमारियों की पहचान में स्वास्थ्यकर्मी हुए दक्ष

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रामगढ़ :** जिले में नवजात शिशुओं और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में पांच दिवसीय आईएमएनसीआई (इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट ऑफ नियोनेटल एंड चाइल्डहुड इलनेस) प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण 23 मार्च से 26 मार्च तथा 28 मार्च 2026 तक चला, जिसकी अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने की। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों को 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों में होने वाली सामान्य और गंभीर बीमारियों की पहचान एवं समय पर उपचार के लिए तैयार करना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को डायरिया, निमोनिया, कुपोषण और बुखार जैसी बीमारियों के लक्षणों की पहचान और उनके प्रभावी इलाज की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि किस प्रकार गंभीर लक्षणों को समय रहते पहचान कर मरीज को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य केंद्रों में रेफर किया जा सकता है। इससे बच्चों की जान बचाने और मृत्यु दर को कम करने में मदद मिलेगी। अधिकारियों ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिले के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी अब अपने-अपने क्षेत्र में जाकर बच्चों को बेहतर इलाज और परामर्श देने में सक्षम होंगे। पूरे कार्यक्रम का संचालन चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह और डॉ. रूबिना अहसन द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को व्यवहारिक और तकनीकी दोनों प्रकार की जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि यह पहल जिले में बाल स्वास्थ्य सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## एक नजर

### ईवीएम वेयरहाउस का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**पश्चिमी सिंहभूम** : उपायुक्त चंदन कुमार ने शनिवार को चाईबासा सदर अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का चालू वर्ष का पहला त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे, जिससे पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस परिसर का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, जनरेटर रूम सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया। साथ ही ईवीएम रखे गए कमरों की सीलिंग और सुरक्षा मानकों की भी जांच की गई, ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश न रहे। निरीक्षण के बाद उपायुक्त की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आगामी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मतदाता सूची तैयार करने, उसमें संशोधन और पुनरीक्षण की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने पर विशेष जोर दिया गया। उपायुक्त चंदन कुमार ने बैठक में मौजूद प्रतिनिधियों को बूथ लेवल एजेंट–द्वितीय (बीएलए –2)की नियुक्ति, उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### नियुक्ति प्रक्रिया में नियमों का करें पालन : उपायुक्त

**देवघर** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में शनिवार को नियुक्ति समिति (जिला बाल संरक्षण इकाई) की बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने दो रिक्त पदों सोशल वर्कर और असिस्टेंट कम डेटा ऑपरेटर के लिए प्राप्त आवेदनों की वर्तमान वस्तुस्थिति की विस्तृत समीक्षा की। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों से अब तक प्राप्त आवेदनों की संख्या और उनकी प्रारंभिक जांच प्रक्रिया से अवगत हुए। इसके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि प्राप्त सभी आवेदनों की सूक्ष्मता से जांच की जाए और पूरी चयन प्रक्रिया को पूरी तरह से पारदर्शी रखा जाए। साथ ही उन्होंने नियुक्ति प्रक्रिया में नियमों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया, ताकि योग्य उम्मीदवारों का चयन निष्पक्ष तरीके से हो सके। उपायुक्त ने बैठक में समिति के अन्य सदस्य और संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को भी पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया को लेकर निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सहायक निर्देशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, डिसिपीयू, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी और संबंधित विभाग के अधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### भवनाथपुर विधायक की स्कॉट गाड़ी क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बचे अंगरक्षक

**गढवा** : पलामू प्रमंडल के गढवा जिले के श्री बंशीधर नगर–गढ़वा मुख्य मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में भवनाथपुर के विधायक अनंत प्रताप देव की स्कॉट गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गयी। इस घटना में स्कॉट में शामिल उनके अंगरक्षक बाल–बाल बच गये। जानकारी के मुताबिक विधायक अनंत प्रताप देव शनिवार दोपहर श्री बंशीधर नगर में हुए गोली कांड में घायल उमेश मेहता से मिलने गढ़वा जा रहे थे। इसी बीच सीरियाटोंगर में रॉंनग साईड में तेज रफ्तार से आ रही कमांडर जिप ने स्कॉट गाड़ी में धक्का मार दिया, इससे कुछ देर के लिये वहां अफरा–तफरी मच गई। गनीमत रही कि विधायक के चालक की तत्परता के कारण उनकी गाड़ी क्षतिग्रस्त होने से बाल–बाल बच गई।

## संक्षिप्त खबरें

### डीसी ने राजनीतिक दलों की मौजूदगी में ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**रामगढ़** : जिले में चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी और सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से शनिवार को उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने छत्तरमांडू स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे, जिससे पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस में स्थापित सुरक्षा उपायों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली, अग्निशमन प्रणाली, प्रवेश–निकास नियंत्रण और अन्य सुरक्षा प्रोटोकॉल की जानकारी ली। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए। उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने ईवीएम वेयरहाउस में रखी कंट्रोल यूनिट और बैलेट यूनिट की सुरक्षा व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वेयरहाउस में ईवीएम मशीनों की सुरक्षा के लिए सभी मानकों का पालन किया जा रहा है और नियमित रूप से निगरानी की जाती है। निरीक्षण के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने पूरी प्रक्रिया को और अधिक विश्वसनीय बनाया। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उपायुक्त ने कहा कि ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी व्यवस्थाओं की नियमित जांच और रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। इस निरीक्षण के माध्यम से प्रशासन ने यह संदेश दिया कि जिले में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

### एकेसी अस्पताल परिसर में गणेश मंदिर निर्माण की शुरूआत, वैदिक विधि से हुआ भूमि पूजन



**भुरकुंडा** : सीसीएल बरका सयाल क्षेत्र अंतर्गत एकेसी अस्पताल परिसर में भगवान गणेश मंदिर निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विधि–विधान के साथ भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया गया। इस धार्मिक आयोजन ने क्षेत्र में आस्था और सामाजिक सहभागिता का सकारात्मक संदेश दिया। भूमि पूजन कार्यक्रम में बरका सयाल प्रक्षेत्र के महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह यजमान के रूप में शामिल हुए। पंडित सतीश मोहन मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूरे अनुष्ठान को विधिवत संपन्न कराया। पूजा के दौरान वातावरण हर–हर महादेव और जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय हो गया। पूजन के क्रम में ध्वज स्थापना की गई और महाप्रबंधक द्वारा नारियल फोड़कर मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने मंदिर निर्माण को लेकर अपनी आस्था और उत्साह व्यक्त किया। जानकारी के अनुसार, अस्पताल परिसर में बनने वाला यह गणेश मंदिर जनसहयोग से निर्मित किया जाएगा। स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं की सहभागिता से निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होने की उम्मीद जताई गई है। यह मंदिर न केवल श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि अस्पताल आने वाले मरीजों और परिजनों को भी मानसिक शांति प्रदान करेगा। पूजा–अर्चना के उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान सभी ने आयोजन की सफलता की कामना की और मंदिर निर्माण में सहयोग का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुखिया अजय पासवान, चिकित्सक डॉ ए.के. टोप्पो, शशिभूषण सिंह, शंभू प्रसाद सिंह, सुभाष चंद्र ओझा, अशोक गुप्ता, संजय मिश्रा, सत्यनारायण ठाकुर, सेवक राम सहित कई लोग उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल को समाज के लिए एक सकारात्मक और प्रेरणादायक कदम बताया।

### रामनवमी विसर्जन जुलूस को लेकर हाई अलर्ट



**पूर्वी सिंहभूम** : रामनवमी विसर्जन जुलूस को लेकर शनिवार को पूरा शहर हाई अलर्ट पर है। प्रशासन ने कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। मानगो, कदमा, परसुडीह, टेल्को और धातकीडीह को संवेदनशील घोषित करते हुए इन इलाकों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। शहरभर में 1650 पुलिसकर्मियों और 313 दंडाधिकारियों की तैनाती की गई है, जबकि 340 सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के जरिए हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। शुक्रवार को साकची, काशीडीह और शीतला मंदिर समेत कई इलाकों में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर लोगों में सुरक्षा का भरोसा जगाया। दंगा नियंत्रण बल और जगुआर टीम के जवानों ने संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त कर हालात का जायजा लिया। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी तरह की हुड़दंग, स्टंटबाजी या अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बिना नंबर प्लेट की बाइक से स्टंट करने वालों को चिन्हित कर कार्रवाई की तैयारी है। शहर के 168 अखाड़ा जुलूसों की निगरानी के लिए 48 विशेष मॉनिटरिंग टीमें तैनात की गई हैं। प्रमुख मार्गों जैसे साकची, कदमा और गोलमुरी में वीडियो रिकॉर्डिंग की विशेष व्यवस्था की गई है। सोशल मीडिया पर भी पुलिस की पैनी नजर है और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सीधे केस दर्ज करने की चेतावनी दी गई है। दो वर्ष पूर्व हुई अप्रिय घटना को देखते हुए कदमा के शास्त्रीनगर इलाके को सुरक्षा के लिहाज से किले में तब्दील कर दिया गया है। यहां 18 अस्थायी सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और बिजली बाधित होने की स्थिति में जुलूस प्रभावित न हो, इसके लिए छह प्रमुख स्थानों पर हाई क्षमता वाले जेनरेटर की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा साकची गोलचक्कर, महाराणा प्रताप चौक, सुवर्णरेखा घाट और कदमा रंकिणी मंदिर के पास वॉच टावर बनाए गए हैं, जहां से लगातार निगरानी की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग भी पूरी तरह अलर्ट मोड में है। शहर के 18 स्थानों पर एंबुलेंस और मेडिकल टीमों को तैनात किया गया है। सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल ने सभी डॉक्टरों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं और आवश्यक स्थिति में 30 मिनट के भीतर अस्पताल पहुंचने का निर्देश दिया गया है। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने शनिवार को बताया कि शांतिपूर्ण और सुरक्षित विसर्जन सुनिश्चित करने के लिए हर जरूरी कदम उठाए गए हैं। उन्होंने साफ किया कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा।

## एक नजर

### रेलवे होल्ट के पास मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, जांच में जुटी पुलिस

**धनबाद :** भूली होल्ट के पास शनिवार को रेलवे ट्रैक के समीप एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आशंका जताई जा रही है कि किसी मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत हुई है। मृतक के सिर, आंख और दाहिने हाथ पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं। दाहिना हाथ लगभग कटकर लटक गया था, जबकि आंख अंदर दब गई थी। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस और रेलवे कर्मी मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेज दिया गया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के इलाकों में पूछताछ कर रही है और स्टेशन पर लगे सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है, ताकि घटना के वास्तविक कारणों का पता चल सके। रेलवे कर्मचारी राकेश कुमार ने बताया कि सबसे पहले स्टेशन प्रबंधन को सूचना मिली कि भूली होल्ट ओवरब्रिज के नीचे एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है। इसके बाद स्टेशन मास्टर की ओर से उन्हें घटना स्थल भेजा गया। मौके पर पहुंचने पर स्थिति गंभीर दिखी, जिसके बाद उन्होंने तुरंत भूली थाना को सूचना दी। पुलिस ने पहुंचकर पंचनामा तैयार किया और शव को उठवाया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और अज्ञात व्यक्ति की पहचान करने में जुटी है।

### युवक ने की खुदकुशी जांच में जुटी पुलिस

**धनबाद :** कतरास थाना क्षेत्र के भट्टमुड़ना गांव में एक 22 वर्षीय युवक हिमांशु कुमार भट्ट ने फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। परिजनों के अनुसार हिमांशु रामनवमी के अवसर पर शुक्रवार सुबह करीब 12 बजे बिना बताए घर से निकल गया था। देर रात करीब 10 :30 बजे जब वह वापस लौटा तो परिवार के सदस्यों ने उससे देर तक घर से बाहर रहने की वजह पूछी और डांट-फटकार भी लगाई। इसके बाद सभी लोग भोजन कर अपने-अपने कमरे में सोने चले गए। अगली सुबह जब हिमांशु के कमरे का दरवाजा काफी देर तक नहीं खुला तो परिजनों को आशंका हुई। खिड़की से झांककर देखने पर पता चला कि हिमांशु ने पर्दे के सहारे फांसी लगा ली है। यह देखते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। तुरंत इसकी सूचना कतरास थाना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची, दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा और धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेजा, जहां पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिवार का कहना है कि हिमांशु पढ़ाई में तेज था और उसकी नौकरी लगने वाली थी। खेलकूद में भी वह हमेशा अच्छा प्रदर्शन करता था। परिजन इस घटना से सदमे में हैं और रो-रोकर बुरा हाल है। युवक ने ऐसा कदम क्यों उठाया, इसे लेकर परिवार भी अनभिज्ञ है। इधर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और मामले से जुड़े हर पहलू की पड़ताल कर रही है।

# नाबार्ड अध्यक्ष शाजी केवी का चांडिल दौरा सहकारिता आधारित ग्रामीण विकास पर जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**ईचागढ़ :** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष शाजी के. वी ने शनिवार को सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल प्रखंड स्थित गोराडीह लैंप्स/एमपीसीएस का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लैंप्स सदस्यों, किसान उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधियों और किसानों के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं व अनुभवों को जाना। साथ ही विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन करते हुए प्रतिभागियों से बातचीत की। कार्यक्रम के दौरान गौरडीह एमपीसीएस के सदस्यों ने मोबाइल ऐप के माध्यम से लेन-देन की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया, जिससे पैक्स के डिजिटलीकरण की प्रभावशीलता सामने आई। मौके पर नाबार्ड के क्षेत्रीय कार्यालय रांची की मुख्य महाप्रबंधक समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पद्मश्री चामी मुर्मू भी उपस्थित थी। अपने संबोधन में नाबार्ड अध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीण योजनाओं की सफलता का मूल आधार अंतिम छोर तक उनका प्रभावी क्रियान्वयन है। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड, पैक्स के कंप्यूटरीकरण और एफपीओ को ग्रामीण परिवर्तन के तीन प्रमुख स्तंभ बताते हुए सहकारी संस्थाओं के माध्यम से ऋण वितरण को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पैक्स का डिजिटलीकरण संस्थागत सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम है, जिससे पारदर्शिता, विश्वास और ऋण वितरण की गति में सुधार होगा। वहीं, एफपीओ को कृषि मूल्य श्रृंखला में अहम भूमिका निभाने वाला मंच बताते हुए उनके लिए ऋण उपलब्धता और व्यावसायिक मजबूती सुनिश्चित करने की बात कही। इस अवसर पर अध्यक्ष द्वारा पैक्स सदस्यता प्रमाण-पत्र, इ केसीसी प्रमाण-पत्र तथा एफपीओ को ईजीए स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए। पद्मश्री चामी मुर्मू ने कहा कि सामुदायिक भागीदारी और महिलाओं की सक्रिय भूमिका से ही ग्रामीण विकास को स्थायित्व मिल सकता है। वहीं, नाबार्ड की मुख्य महाप्रबंधक दीपमाला घोष ने कहा कि नाबार्ड सहकारिता क्षेत्र को सुदृढ़ करने, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने तथा तकनीक आधारित पहलों के माध्यम से किसानों को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम का आयोजन नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक चंदना सुमन और पूर्वी सिंहभूम के डीडीएम जशिका बास्के के समन्वय में किया गया। नाबार्ड के अध्यक्ष के आगमन पर काफी संख्या में किसान और क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे, लेकिन लोगों के लिए अव्यवस्था का आलम रहा। स्थानीय व किसानों के लिए बैठने तक का व्यवस्था नहीं था। कुर्सियों पर नाबार्ड और लैम्पस से संबंधित लोग ही बैठे, ताकि क्षेत्र के स्थानीय लोग और किसान कमीयों को उजागर नहीं कर सके । वहीं समाजसेवी सह पूर्व पंसस गुरूचरण साव ने कहा कि नाबार्ड के अध्यक्ष हमारे यहां आना शौभाग्य की बात है। लेकिन सहकारिता आधारित विकास जन जागरूकता से ही संभव है। यहां लोगों को पता ही नहीं है नाबार्ड क्या है और सहकारिता समिति क्या है। जागरूकता का यहां घोर कमी है। ये जगह पुनर्वास स्थल है,जो डैम विस्थापित लोग रहते हैं, इन्हें भी सहकारिता समिति से जोड़कर स्वरोजगार का व्यवस्था करने की जरूरत है।

## रामनवमी के सुअवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में झुमे दर्शक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़ :** प्रखंड क्षेत्र के यांग स्टार ग्रुप दियांडीह द्वारा शनिवार को रामनवमी के सुअवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं छऊ नृत्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन आजसू के केन्द्रीय महासचिव हरेलाल महतो ने फीता काट कर किया। मुख्य अतिथि केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो ने अपने संबोधन में कहा कि संस्कृति हमारी पहचान है, इसे संजोए रखना हम सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम में जुनून रूसिका झुमुर ग्रुप गोपीपुर मनोहरपुर के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। झुमुर ग्रुप द्वारा एक से बढ़कर एक झुमुर संगीत व नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। झुमर नृत्य व गीत प्रस्तुत कर लोगों को जमकर झुमाया। नृत्य का एक झलक पाने को लोग आतुर देखें गए। वहीं पुरूलिया पलमा के उस्ताद हेम चन्द्र महतो एवं चुरूहातु कोटशीला के उस्ताद अजीत कुमार एवं दल के बीच मानभूम शैली का छऊ नृत्य का प्रदर्शन किया गया। मौके पर आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गोपेश कुमार महतो,पंसस प्रतिनिधि अनाथ महतो, श्रीकांत महतो, ताराचंद महतो, विमल महतो बुद्धेश्वर, अरिन्द्र, संजय, आस्तिक, सुफल चन्द्र, पालटन महतो आदि उपस्थित थे।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान कल से शुरू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पश्चिमी सिंहभूम :** सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उद्देश्य से जिले में 30 मार्च से मानव पैपिलोमा वायरस टीकाकरण अभियान की शुरूआत की जाएगी। यह जानकारी सिविल सर्जन जुझार माझी ने शनिवार को अपने प्रेस वार्ता में पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत केवल 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी बालिकाओं को शामिल किया जाएगा। 15 वर्ष या उससे अधिक आयु की बालिकाएं इस अभियान के लिए पात्र नहीं होंगी। जिले की कुल जनसंख्या 18,54,300 है, जिसमें लगभग 01 प्रतिशत यानी 18,543 बालिकाएं लक्षित समूह में आती हैं। इनमें से 14,742 बालिकाओं के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के तहत गार्डासिल-04 नामक क्वाड्रिवेलेंट वैक्सीन दी जाएगी, जो एचपीवी के 16, 18, 6 और 11 प्रकार के वायरस से सुरक्षा देती है। यह वैक्सीन 93 से 100 प्रतिशत तक प्रभावी मानी जाती है और सर्वाइकल कैंसर से बचाव में सहायक है। यह अभियान रविवार और अन्य अवकाश के दिनों को छोड़कर सभी कार्यदिवसों में संचालित होगा। टीकाकरण चिकित्सा पदाधिकारियों की देखरेख में किया जाएगा। टीकाकरण के बाद सभी लाभार्थियों को 30 मिनट तक स्वास्थ्य केंद्र में निगरानी के लिए रखा जाएगा। टीका बाएं हाथ में इंट्रामस्क्युलर डोज के रूप में दिया जाएगा। इसके बाद हल्का दर्द, सूजन या बुखार जैसे सामान्य दुष्प्रभाव हो सकते हैं, जिन्हें पैरासिटामोल से नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अभियान के संचालन के लिए एएनएम, आशा, सेविका, मानसी और जेएसएलपीएस के माध्यम से बालिकाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तक लाया जाएगा। टीकाकरण से पहले अभिभावकों या संरक्षकों से सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कराए जाएंगे और टीकाकरण के बाद ई-वैक्शिनेशन प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।

## धनबाद के 55 विद्यालयों के 110 शिक्षक उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** शहर के मिश्रित भवन में शनिवार को स्वास्थ्य और कल्याण कार्यक्रम के तहत जिले के आरोग्य दूतों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूलों में बच्चों के बीच स्वास्थ्य, सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों के 55 विद्यालयों से जुड़े कुल 110 शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। ये सभी शिक्षक आरोग्य दूत के रूप में कार्य करते हुए विद्यार्थियों के बीच स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी पहुंचा रहे हैं और उन्हें जागरूक बना रहे हैं।

इस पहल के तहत छात्रों को स्वास्थ्य, साइबर सुरक्षा और सड़क सुरक्षा जैसे अहम विषयों पर जानकारी दी जाती है। इसके लिए एनसीईआरटी ने विशेष मॉड्यूल तैयार किया है। इसके माध्यम से बच्चों को सरल और प्रभावी तरीके से शिक्षित किया जा रहा है। इस अभियान में सी-3 एनजीओ और स्वास्थ्य विभाग की टीम भी सक्रिय सहयोग दे रही है। कक्षा 06 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए हर सप्ताह विशेष सत्र आयोजित किए जाते हैं। इन सत्रों में केंद्र और राज्य सरकार की ओर से निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार बच्चों को जरूरी जानकारी दी जाती है, जिससे वे अपने जीवन में सुरक्षित और स्वस्थ आदतों को अपना सकें। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन आलोक विश्वकर्मा और डीईओ अभिषेक झा सहित स्वास्थ्य विभाग और सी-3 की टीम के सदस्य उपस्थित थे। यह कार्यक्रम न केवल बच्चों में जागरूकता बढ़ा रहा है, बल्कि उन्हें एक स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य की दिशा में प्रेरित भी कर रहा है।

## रामनवमी की देर रात निकली शोभायात्रा में 36 अखाड़ों ने लिया हिस्सा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूम :** शहर चाईबासा में रामनवमी का पर्व शुक्रवार देर रात 2.30 बजे तक शांतिपूर्वक और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर शहर में कुल 42 अखाड़ों में से लगभग 36 अखाड़ों ने भव्य शोभायात्रा में हिस्सा लिया। सभी अखाड़ों ने आकर्षक मूर्तियां, झांकियां, लाइट और गाजे-बाजे के साथ निर्धारित रूट पर भ्रमण किया। पूरे शहर में जय श्री राम, जय हनुमान और जय बजरंगबली के नारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। करीब 06 से 07 किलोमीटर लंबी इस शोभायात्रा में अखाड़ों का उत्साह देखने लायक था। विशेष रूप से बजरंग दल अखाड़ा के साथ दुर्गा वाहिनी की बच्चियों की ओर से प्रस्तुत किए गए करतबों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। बच्चियों का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा और लोगों ने जमकर तालियां बजाईं। वहीं श्री सरस्वती हरि बोल कमेटी की ओर से निकाली गई झांकी भी लोगों के बीच चर्चा का विषय रही। यह झांकी सबसे लंबी और आकर्षक मानी गई, जिसे देखने के लिए लोग खासा उत्साहित दिखे। वहीं विभिन्न अखाड़ों की ओर से निकाले गए ऊंचे-ऊंचे झंडे भी आकर्षण का केंद्र बने रहे। झंडों की ऊंचाई देखकर लोग आश्चर्यचकित नजर आए। शोभायात्रा को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में महावीर मंडल की टीम की अहम भूमिका रही। महावीर मंडल के अध्यक्ष विशाल साव और महामंत्री बिट्टू यादव के नेतृत्व में पूरी टीम आयोजन में सक्रिय रही और व्यवस्थाओं को संभाला।

## संक्षिप्त खबरें

### जय श्री राम के जयकारे से गूंज उठा पटमदा, निकली जुलूस



**पटमदा :** रामनवमी के अवसर पर बिजया दशमी पर पटमदा में महावीर अखाड़ा,लावा रामकृष्ण मंदिर अखाड़ा,बेलटांड़ अखाड़ा,श्री श्री पंच मुखी हनुमान अखाड़ा द्वारा बेल्टांड चौक में जुलूस के साथ पहुंचकर एकत्रित होकर झंडा के साथ करतब दिखाया। इस दौरान हजारों की संख्या में राम भक्तों ने जय जय श्री राम के नारा लगाया। ढोल बाजा,साउंड के धुन में सभी झूमते रहे। श्री श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर अखाड़ा द्वारा चौक में छौ नृत्य की प्रस्तुति की गई। झंडा जुलूस में अखाड़ा के महावीर महतो, मुचिराम बाउरी,पूर्ण सिंह,बृंदावन दास,साधु कुंभकार,अजय प्रामाणिक,चंदन सिंह,प्रदीप,विजय महतो,विश्वजीत महतो,विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, मुखिया कानूराम बेसरा, पार्षद प्रदीप बेसरा,कृष्ण पद सिंह,सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान प्रशासन की तहफ से बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग, एई संतोष कुमार,थाना प्रभारी विष्णु चरण भोगता सहित सभी पुलिस बल,चौकीदार सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में शामिल थे। जुलूस बेल्टांड चौक से पटमदा थाना तक जुलूस के सकल में पहुंची।

### विधायक सरयू राय ने सड़क दुर्घटना में अंकित शर्मा की मृत्यु पर जताया शोक

**पूर्वी सिंहभूम :** जमशेदपुर सिविल अदालत के अधिवक्ता प्रतीक शर्मा के छोटे भाई अंकित शर्मा (31) की शुक्रवार देर रात सड़क दुर्घटना में हुई असामयिक मृत्यु से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। इस घटना पर शनिवार को जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने गहरा दु:ख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट कीं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर संदेश जारी करते हुए कहा कि अंकित शर्मा एक होनहार और ऊर्जावान युवक थे, जिनकी अचानक मृत्यु अत्यंत पीड़ादायक है। विधायक सरयू राय ने यह भी कहा कि उनका परिवार से व्यक्तिगत जुड़ाव रहा है, जिससे यह क्षति उनके लिए भी अत्यंत दुखद है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। इधर, अंकित शर्मा का शनिवार को स्वर्णरेखा बर्निंग घाट पर विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान उनके चचेरे छोटे भाई तनिश ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में परिजन, मित्र और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इस दुखद घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है और लोग परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहे हैं।

### तेज साउंड से महिला की तबियत बिगड़ने पर शिकायत पर दो डीजे सिस्टम जब्त




**पलामू :** रामनवमी के दौरान बढ़ते शोर और सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर जिले की मेदिनीनगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र के बेलवाटिका इलाके में कॉम्पिटिशन में डीजे बजाने के दौरान एक बीमार महिला की तबीयत बिगड़ने पर मामला दर्ज कराया गया। मामला दर्ज होने के बाद शनिवार को कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उतर प्रदेश और मध्य प्रदेश के दो बड़े डीजे सिस्टम को जब्त कर लिया है। ट्रक सहित डीजे सामान को टीओपी टू में रखा गया है। जब्त किए गए डीजे में उत्तर प्रदेश के मउ के शगुन और मध्य प्रदेश के भोपाल के नटराज डीजे शामिल हैं। ये दोनों डीजे रामनवमी पूजा में लाए गए थे और जुलूस में तेज आवाज में बजाए जा रहे थे। शुक्रवार रात बेलवाटिकर इलाके में दोनों डीजे के बीच साउंड कॉम्पिटिशन हो रहा था। इस दौरान शहर के होटल व्यवसायी रहे स्वर्गीय मंजीत प्रकाश की पत्नी की तबीयत खराब हो गई। उनके हार्ट में पेसमेकर लगा हुआ है। उन्हें गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद होटल व्यवसायी ने मेदिनीनगर शहर थाना में एफआईआर दर्ज कराई। आवेदन के आधार पर दोनों डीजे के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने डीजे जब्त करने और एफआईआर दर्ज करने की पुष्टि की है। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ज्योतिलाल रजवार ने बताया कि डीजे जब्त कर लिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच की जा रही है। टीओपी-2 प्रभारी राकेश कुमार के नेतृत्व में डीजे जब्त करने की कार्रवाई की गयी।

# अफीम की खेती की सूचना पर तत्काल कार्रवाई करें अधिकारी : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले में अवैध अफीम की खेती और मादक पदार्थों के कारोबार पर लगाम कसने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। इसी कड़ी में शनिवार को समाहरणालय सभागार में नार्को कोऑर्डिनेशन कमिटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त चंदन कुमार ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में नशे के बढ़ते प्रभाव को रोकना और संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना था। बैठक के दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि जहां कहीं भी अवैध अफीम की खेती की सूचना मिले, वहां तत्काल कार्रवाई करते हुए फसल को नष्ट किया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी संयुक्त रूप से कार्रवाई की रिपोर्ट समय पर जिला कार्यालय को उपलब्ध कराएं, ताकि जिले का समेकित डाटा तैयार किया जा सके। समीक्षा में सामने आया कि अब तक लगभग 51 एकड़ क्षेत्र में फैली अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया जा चुका है। इस पर उपायुक्त ने संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निरंतर अभियान चलाने, सत्यापन प्रक्रिया तेज करने और दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने पूर्व में नष्ट की गई जमीन पर वैकल्पिक खेती को बढ़ावा देने की बात कही, ताकि किसान दोबारा इस अवैध गतिविधि में न जुड़ें इसके साथ ही उपायुक्त ने ब्राउन शुगर और प्रतिबंधित कफ सिरप की अवैध बिक्री पर रोक लगाने के लिए शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में दुकानों की नियमित जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने मानकी, मुंडा और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया। बैठक में अपर उपायुक्त प्रवीण केरकेट्टा, पोड़ाहाट-चक्रधरपुर अनुमंडल पदाधिकारी श्रुति राजलक्ष्मी, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सिद्धांत कुमार, पुलिस उपाधीक्षक शिवेंद्र सहित कई अधिकारी मौजूद थे।


## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग।
द्वारा आयोजित
राष्ट्रीय लोक अदालत
(दिनांक 09 मई 2026, शनिवार, पूर्वाह्न 07.00 बजे से कार्य समाप्ति तक)

माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार, झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रॉंची के तत्वाधान में, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग के द्वारा दिनांक 09.05.2026 को 07.00 बजे पूर्वाह्न से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है।
अतः, आप सभी पक्षकारों से निवेदन है कि आप सभी अपने-अपने वादों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से करायें एवं इस अवसर का लाभ उठायें।
यहाँ यह उल्लेखनीय है कि दिनांक 09 मई, 2026 के पूर्व किसी भी कार्य दिवस में न्यायालय एवं स्थाई लोक अदालत के समक्ष समझौता पूर्व बैठक के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने मामले को सूचीबद्ध करा सकते है।
उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण योग्य वाद निम्नवत है:-
A. प्री.लिटिगेशन मामले- सभी प्रकार के सिविल एवं आपराधिक सुलहनीय मामले
B. न्यायालय में लंबित मामले-

| | |
|---|---|
| 1 | सुलहनीय प्रकृति के आपराधिक मामले |
| 2 | धारा 138, N.I.Act के अंतर्गत मामले |
| 3 | धन वसुली से संबंधित मामले |
| 4 | मोटर वाहन दुर्घटना मुआवजा के मामले |
| 5 | श्रम एवं रोजगार विवाद से संबंधित मामले |
| 6 | विद्युत, जल बिल एवं अन्य बिल भुगतान (सुलहनीय) से संबंधित मामले |
| 7 | पारिवारिक विवाद के मामले |
| 8 | भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले |
| 9 | सेवा एवं पेंषन से संबंधित मामले |
| 10 | राजस्व से संबंधित मामले |
| 11 | अन्य सिविल वाद |

इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु मो0 सं0- 9939201624 पर संपर्क कर सकते हैं एवं विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग से संपर्क करें।

पुलिस अधीक्षक सह सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग
उपायुक्त सह उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग
प्रधान जिला न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग

PR 376231 Law(25-26)D

# विजयादसवीं समस्त देशवासियों को वीरता और शौर्य का संदेश देता है

इस वर्ष की रामनवमी जुलूस ने बीते 108 वर्षों के इतिहास को एक नए रूप में प्रस्तुत कर कृतिमान स्थापित करने का काम किया है । तीन दिवसीय चलने वाले इस महा जुलूस का पहला दिन जब इतना भव्य रहा तो दसवीं और ग्यारहवीं और भव्यता के साथ प्रस्तुत होगा। सर्वविदित है कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम की जयंती पर चैत्र शुक्ल नववी पर संपूर्ण देश में बहुत ही धूमधाम के साथ रामनवमी का त्योहार मनाया जाता है । भगवान राम की विशेष रूप से पूजा की जाती है। इस दिन परंपरागत शस्त्रों का बहुत ही विधि विधान के साथ पूजा की जाती है । जुलूस निकाले जाते हैं । शस्त्रों का परिचालन होता है। बड़ी-बड़ी झांकियां निकाली जाती हैं। अर्थात सारे देश में एक उत्सव का माहौल बन जाता है। भगवान राम हिंदू धर्मावलंबियों के एक आराध्य देव के रूप में पूजे जाते हैं । इनका प्रादुर्भाव चैत्र माह के शुक्ल नवमी के दिन हुआ था। भगवान राम के साथ उनके अनुज भ्राता के रूप में लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का भी जन्म हुआ था । चारों भाइयों का जन्म एक खास उद्देश्य की पूर्ति के लिए हुआ था। भगवान राम ने जो संदेश दिया, सकल समाज के लिए ग्राही है। भगवान राम जितने पराक्रमी थे, उतने ही विनम्र थे। असत्य के प्रतीक रावण का नाश कर राम ने सत्य को स्थापित किया था। माता दुर्गा ने भी असत्य के प्रतीक के महिषासुर का वध कर सत्य को स्थापित किया था। इस गौरवमयी विजय की याद में हर वर्ष हम सब विजयादशमी के दिन बड़े ही धूमधाम के जुलूस निकालते हैं। विजयादसवीं का जुलूस समस्त देशवासियों को वीरता और शौर्य के साथ मनाने का संदेश देता है। भगवान राम की जयंती पर हजारीबाग से निकलने वाला रामनवमी जुलूस, अब विश्व विख्यात जुलूस के रूप में तब्दील चुका है। हजारीबाग की रामनवमी को इंटरनेशनल रामनवमी और वर्ल्ड फेमस आदि नामों से भी जाना जाने लगा है। श्री चैत्र रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष अमरदीप यादव ने प्रांत की सरकार से हजारीबाग रामनवमी को राजकीय पर्व का दर्जा देने का मांग किया है। हजारीबाग सदर के विधायक प्रदीप प्रसाद ने भी विधानसभा में हजारीबाग के रामनवमी को राजकीय पर्व का दर्जा देने की मांग उठाई है। उम्मीद है कि राज्य सरकर शीघ्र ही हजारीबाग की रामनवमी को राजकीय महोत्सव का दर्जा प्रदान कर दे।

चैत्र नवमी को निकलने वाला यह जुलूस बिना रुके दशमी और ग्यारहवीं तक अनवरत चलता रहता है। इस जुलूस में हजारों की हजार संख्या में हर उम्र के लोग सम्मिलित होते है। भगवान राम की जयंती पर यह जुलूस संपूर्ण देश में चैत्र शुक्ल नवमी को ही समाप्त हो जाता है । वहीं झारखंड के 23 जिलों में भी यह जुलूस नवमी को ही समाप्त हो जाता है। बीते कुछ वर्षों से जमशेदपुर आदि एक दो जिलों में दशमी के दिन भी प्रतीकात्मक विजयादशमी जुलूस निकाले जा रहे हैं । हजारीबाग में तीन दिनों तक चलने वाले रामनवमी के जुलूस में जिस रूप में राम भक्तगण सम्मिलित होते हैं, उन सबों के उत्साह को देखकर लगता है कि भगवान राम का प्रकटीकरण आज ही हुआ हो। संपूर्ण देश का एकमात्र हजारीबाग जिला ऐसा है, जहां रामनवमी का जुलूस लगातार तीन दिनों तक राम भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करता रहता है। भगवान राम की जयंती पर निकलने वाले रामनवमी जुलूस का नवमी से लेकर ग्यारहवीं तक की यात्रा भी बहुत ही दिलचस्प है।

1918 में हिंदू महासभा के सक्रिय सदस्य, स्वाधीनता सेनानी सह समाजसेवी स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर ने अपने पांच मित्रों के साथ पहला रामनवमी जुलूस चैत्र शुक्ल नवमी को निकाला था । तब शायद किसी ने यह कल्पना तक नहीं की थी कि यह छः व्यक्तियों द्वारा निकाला गया जुलूस, विश्व विख्यात रामनवमी रूप में तब्दील हो जाएगा।

# हिन्दू अनुभूति के महानायक हैं श्रीराम

हृदयनारायण दीक्षित



इतिहास पक्षपातपूर्ण नहीं होता। वह निष्पक्ष और निर्मम होता है। निर्मम का अर्थ है मेरा नहीं, इदं न मम। निष्पक्ष। जहां मम है, मेरा है, वहां पक्षपात है। लेकिन 'श्रद्धा' असम्भव पर विश्वास है। श्रद्धा का विकास शून्य से नहीं होता। वह इतिहास से तथ्य लेती है। संस्कृति की कसौटी पर कसती है। 'लोक' समर्थन करता है, विश्वास की सीमाएं फैलती हैं। विश्वास 'अंधविश्वास' जैसा दिखाई पड़ सकता है, लेकिन तर्क और विज्ञान की कसौटी महत्वपूर्ण है। हिन्दू-श्रद्धा का आधार दर्शन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण है।

हिन्दू अनुभूति में राम, कृष्ण और शिव त्रिदेव हैं। श्रीराम और श्रीकृष्ण विष्णु के अवतार माने जाते हैं। भारतीय श्रद्धा ने उन्हें- इतिहास में खोजा। उन्हें भगवान भी माना। डॉ. राममनोहर लोहिया भारत के लोकमन की थाह ले चुके थे। लोहिया ने राम, कृष्ण और शिव को भारत में पूर्णता के तीन महान स्वप्नों की संज्ञा दी। "राम की पूर्णता मर्यादित व्यक्तित्व में है, कृष्ण की उन्मुक्त या सम्पूर्ण व्यक्तित्व में और शिव की असीमित व्यक्तित्व में, लेकिन हर एक पूर्ण है।" (राम, कृष्ण और शिवः लोहिया, पृ. 4) डॉ. लोहिया समाजवादी थे। डॉ. रामविलास शर्मा मार्क्सवादी थे। महाभारत के सम्बंध में डॉ. शर्मा की टिप्पणी दिलचस्प है, "महाभारत इतिहास है, आख्यान है.... आधुनिक अर्थ में वह इतिहास नहीं है, लेकिन इतिहास से भिन्न भी नहीं है।" फिर आगे कहा, "ऋग्वेद में जो समाज-व्यवस्था है, ऋग्वेद और रामायण के समाजों से महाभारत का समाज पिछड़ा हुआ है।" (भारतीय संस्कृति और हिन्दी प्रदेश)। यहां एक समाज ऋग्वेद का है, एक रामायण का और बाद का समाज महाभारत का है। श्रीराम और रामायण का समाज ऋग्वेद के बाद है, महाभारत के पहले है। राज्य-व्यवस्था भी विकसित है।

भारत के ज्ञात इतिहास, पौराणिक अनुश्रुति के अनुसार वैवस्वत मनु पहले आर्य राजा थे। उनके बड़े पुत्र थे इक्ष्वाकु। मनु और इक्ष्वाकु ऋग्वेद में भी हैं। इक्ष्वाकु अयोध्या के राजा थे। इक्ष्वाकु के 19 पीढ़ी बाद मान्धाता चक्रवर्ती राजा हुए। उनका पुत्र पुरुकुत्स अयोध्या का राजा बना। पुरुकुत्स के 11 पीढ़ी बाद दानवीर राजा हरिश्चन्द्र का शासन आया। 41वीं पीढ़ी में राजा सगर और 45वीं में चक्रवर्ती सम्राट भगीरथ। इक्ष्वाकुवंश के बाद 60वीं पीढ़ी में दिलीप, फिर दिलीप का पोता रघु और भी प्रतापी राजा हुआ। रघु के कारण ही 'रघुवंशी' शब्द चला। रघु के पुत्र अज, अज के पुत्र दशरथ और दशरथ के पुत्र श्रीराम। श्रीराम इक्ष्वाकु वंश की 65वीं पीढ़ी में थे।

वाल्मीकि ने इन्हीं श्रीराम को अपना नायक बनाया। रामायण अस्तित्व में आई। वाल्मीकि 'आदर्श मनुष्य' का चित्रण कर रहे थे। वाल्मीकि के श्रीराम मनुष्य हैं और ईश्वर भी हैं। लेकिन मनुष्य ज्यादा हैं। तुलसीदास के राम ईश्वर हैं, वे मनुष्य रूप में लीला करते हैं। राम सबको भाए। श्रीराम का चरित्र और व्यक्तित्व विश्वव्यापी बना। संस्कृत और प्राकृत सहित भारत और विश्व की तमाम भाषाओं में रामकथाएं लिखी गईं। तमिल कवि कम्बन ने 11वीं सदी में ही रामकथा लिखी। मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया में भी रामायण राष्ट्रीय महत्व वाला ग्रंथ है। भारतीय इतिहास के सबसे बड़े लोकप्रिय नेता महात्मा गांधी भारत में 'रामराज्य' के ही स्वप्नद्रष्टा बने।

लोहिया के अनुसार 'राम' उत्तर और दक्षिण की एकता के देवता हैं और 'रामायण' उत्तर-दक्षिण एकता का ग्रंथ। उन्होंने कहा, "राम की पूर्णता मर्यादित व्यक्तित्व में है। उन जैसा मर्यादित जीवन कहीं और नहीं, न इतिहास में, न कल्पना में। श्रीराम समन्वय के प्रतीक हैं। न्याय के लिए संघर्ष के प्रतीक हैं। राम आनंद-सागर हैं, हिलोरे लेने वाला सागर नहीं, विश्रांत-निस्पंद।" लोहिया को तुलसी का 'रामचरित मानस' मोहित करता था। एक-एक चौपाई आनंद का सागर है।

'रामराज्य' विश्व में अद्वितीय है। वैदिककाल से लेकर आधुनिक काल की किसी राज्यप्रणाली में रामराज्य के आदर्श नहीं मिलते। तुलसी लिखते हैं, "बयरु न कर काहू सन कोई, राम प्रताप विषमता खोई।" (रामचरितमानस, उत्तरकाण्ड) फिर कहते हैं, "अल्प मृत्यु नही कौनिऊ पीरा, सब सुन्दर सब बिरुज शरीरा। नहि दरिद्र कोऊ दुखी न दीना, नहि कोऊ अबुध न लच्छन हीना। न अल्पमृत्यु है, न बीमारियां। सब स्वस्थ हैं। कोई गरीब और दुःखी नहीं है। न कोई मूर्ख है और न अगुणी।" सबसे दिलचस्प बात यह है, "बिधु महि पूर मयूखन्हि, रबि तप जेतन्हि काज"- चन्द्रमा धरती को प्रकाश से पूर्ण करता है, सूर्य उतना ही तपते हैं, जितना जरूरी होता है। फिर वर्षा के बारे में कहते हैं, "मांगे वारिधि देहि जल, रामचन्द्र के राज- बादल इच्छा करते ही, जल माँगते ही बरस पड़ते हैं।'

रामचरितमानस की प्रगतिशीलता सांस्कृतिक परम्परा से संवाद करती है। यह 'विधि निषेधमय कलिमय हरनी' (बालकाण्ड) है, इसमें विधि-निषेध (करणीय और अकरणीय) की सूची है। वेदों की परम्परा है, उपनिषदों का दर्शन है। सगुण भक्ति-उपासना है। निर्गुण-निराकार की सरल व्याख्या है। अद्वैत दर्शन भी है, "एक दारुगत देखिए एकू, पावक सम जुग ब्रह्म विवेकू- जैसे लकड़ी के भीतर निराकार अग्नि छिपी रहती है, दिखाई नहीं पड़ती, लेकिन जलते समय अग्नि प्रकट रहती है।" प्रकट अग्नि सगुण है, अप्रकट अग्नि निर्गुण है। ऋग्वेद में अग्नि से ऐसी ही प्रार्थना है। उपनिषदों वाले ब्रह्म की तुलसी की चौपाई ठेठ अवधी भाषा में है "व्यापकु एकु ब्रह्म अविनाशी, सत चेतन घन आनंद वासी।" (बालकाण्ड) लेकिन तुलसी भक्तिमार्गी हैं, "निरगुन तें एहि भांति बड़, नाम प्रभाऊ अपार"- वे नाम का प्रभाव निर्गुण और सगुण से भी बड़ा बताते हैं, "कहहुं नाम बड़ नाम राम तें निज विचार अनुसार।" यहां राम का नाम सगुण राम से भी बड़ा है। "राम नाम वाणी है। मन संकल्प है। ध्यान है, विज्ञान है, अन्न-जल उन्हीं में है, वे तेज हैं। आकाश हैं, आशा हैं, प्राण हैं।

मार्क्सवादीविद्वान श्रीराम को कल्पना बताते हैं। 'राम' भारत की श्रुति में, बोली में, नमस्कार और कुशलक्षेम में, प्रत्येक मंगलमुहूर्त में हैं। चक्रवर्ती राजगोपालाचार्य बहुपठित विद्वान और राजनेता थे। रामकथा पर वे भी सम्मोहित थे। उन्होंने तमिल में 'तिरुगमन-रामायण' लिखी। इसका हिन्दी अनुवाद उनकी पुत्री और महात्मा गांधी की पुत्र-बहू लक्ष्मी देवदास गांधी ने किया। राजाजी ग्रन्थ की भूमिका में लिखते हैं, "सियाराम, हनुमान और भरत को छोड़कर हमारी कोई गति नहीं। उनकी कथा हमारे पूर्वजों की धरोहर है। हम आज उसी के आधार पर जीवित हैं।" (हिन्दी अनुवाद, पृ. 7) यहां 'इसी के आधार पर हम जीवित हैं' वाक्य पर गौर करना चाहिए। भारत का राष्ट्रजीवन अखण्ड रामायण है। अविभक्त है।

हिन्दू अनुभूति के महानायक हैं श्रीराम। वे दिक्काल में हैं और दिक्काल के परे भी। भारतीय जनता के चित्त, आचार-व्यवहार पर श्रीराम का प्रभाव है। श्रीराम 'मंगल भवन' हैं और 'अमंगलहारी' भी। वे भारत के मन में रमते हैं। मिले तो राम-राम, अलग हुए तो राम-राम। राम का नाम हमसब बचपन से सुनते आए हैं। वे संकट के धैर्य हैं। वे परम शक्तिशाली हैं। भाव-श्रद्धा में वे ईश्वर हैं। राम तमाम असंभवों के संभव हैं। युद्ध में अजेय पौरुष-पराक्रम और निजी जीवन में मयार्दा के पुरुषोत्तम। श्रीराम भारतीय आदर्श व आचरण के शिखर हैं। भारतीय मनीषा ने उन्हें ब्रह्म या ईश्वर जाना है। श्रीकृष्ण भी विष्णु के अवतार हैं। वे अर्जुन को गीता (10.31) में बताते हैं "पवित्र करने वालों में मैं वायु हूं और शस्त्रधारियों में राम हूं।" राम महिमावान हैं। श्रीकृष्ण भी स्वयं को राम बताते हैं।

## सूडोकु नवताल- 7748

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7747 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

# बीमा सुरक्षा का माध्यम बने, न कि मुनाफे का जाल

ललित गर्ग




बीमा का मूल उद्देश्य जीवन की अनिश्चितताओं से सुरक्षा प्रदान करना है। यह व्यवस्था व्यक्ति को बीमारी, दुर्घटना या अन्य संकटों के समय आर्थिक सहारा देती है। परंतु आज के दौर में यह व्यवस्था अपने मूल उद्देश्य से भटकती हुई दिखाई दे रही है। विशेषकर स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में जो जटिलताएं, अपारदर्शिता और मनमानी देखने को मिल रही है, उसने आमजन के विश्वास को गहरी चोट पहुंचाई है। बीमा, जो सुरक्षा का माध्यम होना चाहिए था, वह कई बार शोषण का उपकरण बनता जा रहा है। वर्तमान समय में चिकित्सा सेवाओं की लागत अत्यधिक बढ़ चुकी है। निजी अस्पतालों में इलाज का खर्च लाखों में पहुंच जाता है। सरकार के द्वारा रियायती मूल्यों पर उपलब्ध कराई भूमि पर बने अस्पताल आज गरीबों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य बीमा एक आवश्यक सुरक्षा कवच के रूप में उभरता है। बीमा कंपनियां भी इसी भय और भविष्य की अनिश्चितता का उपयोग कर लोगों को पॉलिसी खरीदने के लिए प्रेरित करती हैं। लेकिन वास्तविक समस्या तब सामने आती है जब बीमा धारक को उसकी जरूरत होती है। दावों के निपटान के समय कंपनियां अनेक तकनीकी कारणों, शर्तों और अपवादों का हवाला देकर भुगतान से बचने का प्रयास करती हैं। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, हजारों करोड़ रुपये के बीमा दावे हर वर्ष खारिज कर दिए जाते हैं। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि बीमा प्रणाली की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। अक्सर देखा गया है कि पॉलिसी लेते समय ग्राहकों को शर्तों की पूरी जानकारी नहीं दी जाती। जटिल भाषा में लिखे गए नियम और शर्तें आम व्यक्ति की समझ से बाहर होती हैं। परिणामस्वरूप, जब दावा प्रस्तुत किया जाता है, तो उन्हीं शर्तों को आधार बनाकर भुगतान रोक दिया जाता है। इस समस्या का एक महत्वपूर्ण पहलू निजी अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच संभावित गठजोड़ भी है। कई मामलों में अस्पताल अत्यधिक बिलिंग करते हैं और बीमा कंपनियां कम भुगतान करती हैं, जिससे मरीज को भारी आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। यह स्थिति विशेष रूप से मध्यम और निम्न वर्ग के लोगों के लिए अत्यंत पीड़ादायक होती है। कई बार तो ऐसी घटनाएं भी सामने आती हैं, जहां अस्पताल बकाया राशि के कारण मरीज के शव को तक रोक लेते हैं, जो मानवीय संवेदनाओं के विरुद्ध है। यदि हम विकसित देशों की तुलना करें, तो वहां बीमा प्रणाली अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी है। दावों का निपटान समयबद्ध और न्यायसंगत तरीके से किया जाता है। भारत में भी भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) जैसे नियामक संस्थान मौजूद हैं, जिनका उद्देश्य बीमा क्षेत्र को नियंत्रित और संतुलित करना है। लेकिन व्यावहारिक स्तर पर इनकी प्रभावशीलता पर प्रश्न उठते रहे हैं। नियामक तंत्र की निष्क्रियता या सीमित हस्तक्षेप के कारण बीमा कंपनियों की मनमानी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। इस स्थिति में सुधार के लिए सबसे पहले बीमा प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाना आवश्यक है। पॉलिसी दस्तावेजों को आम भाषा में प्रस्तुत किया जाना चाहिए ताकि एक सामान्य व्यक्ति भी उसकी शर्तों को समझ सके। इसके साथ ही, बीमा एजेंटों की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए कि वे ग्राहकों को पूरी और सही जानकारी दें। गलत जानकारी देकर पॉलिसी बेचने पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। दूसरा महत्वपूर्ण कदम है-दावा निपटान प्रक्रिया का सरलीकरण। बीमा दावों के लिए एक मानकीकृत और समयबद्ध प्रक्रिया लागू की जानी चाहिए। यदि कोई दावा खारिज किया जाता है, तो उसके स्पष्ट और उचित कारण बताए जाएं। इसके लिए एक स्वतंत्र अपीलीय तंत्र भी होना चाहिए, जहां उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज कर सके और उसे त्वरित न्याय मिल सके। तीसरा, अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच पारदर्शिता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उपचार की लागत को नियंत्रित करने के लिए एक मानक दर प्रणाली लागू की जा सकती है। इससे अनावश्यक बिलिंग और वित्तीय शोषण पर रोक लगेगी। साथ ही, कैशलेस उपचार की सुविधा को अधिक प्रभावी और व्यापक बनाया जाना चाहिए ताकि मरीज को तत्काल आर्थिक राहत मिल सके। चौथा, सरकार को इस क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। एक राष्ट्रीय स्तर की निगरानी प्रणाली स्थापित की जानी चाहिए, जो बीमा कंपनियों और अस्पतालों की गतिविधियों पर नजर रखे। समय-समय पर ऑडिट और जांच के माध्यम से अनियमितताओं को उजागर किया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पांचवां, बीमा साक्षरता को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को बीमा की शर्तों, अधिकारों और प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए। विशेष रूप से गरीब और अशिक्षित वर्ग के लिए सरल मार्गदर्शिका और सहायता केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए। निश्चित तौर पर बीमा व्यवसाय को केवल लाभ कमाने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में देखा जाना चाहिए। जब तक इस क्षेत्र में नैतिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक आमजन का विश्वास बहाल नहीं हो सकता। आज आवश्यकता इस बात की है कि बीमा प्रणाली को पुनर्गठित कर उसे जनहितकारी बनाया जाए। सरल प्रक्रियाएं, स्पष्ट नियम, सशक्त नियामक तंत्र और जागरूक उपभोक्ता-ये चार स्तंभ ही बीमा क्षेत्र को उसकी वास्तविक दिशा में ले जा सकते हैं। यदि समय रहते इन सुधारों को लागू नहीं किया गया, तो बीमा का यह महत्वपूर्ण साधन आम आदमी के लिए सुरक्षा के बजाय संकट का कारण बना रहेगा। चिकित्सा और बीमा-दोनों ही ऐसे क्षेत्र हैं जो मूलतः मानव जीवन की सुरक्षा, राहत और सेवा से जुड़े हुए माने जाते हैं, लेकिन विडंबना यह है कि आज ये दोनों क्षेत्र आमजन के लिए सबसे अधिक जटिल, महंगे और अविश्वसनीय होते जा रहे हैं। एक ओर रियायती जमीन पर बने निजी अस्पताल गरीबों को मुफ्त इलाज देने के अपने दायित्व से बचते नजर आते हैं, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य बीमा के नाम पर बीमा कंपनियां ऐसी शर्तें और प्रक्रियाएं थोप देती हैं कि जरूरत के समय मरीज को बीमा का लाभ मिलना कठिन हो जाता है।

# भाजपा, संकल्प और राष्ट्रवाद

मृत्युंजय दीक्षित



वर्ष 2014 में केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनने के बाद से लेकर अब तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशन में भाजपा अपने सभी संकल्पों को गंभीरता के साथ पूर्णता की ओर ले जाने के लिए अग्रसर है। भाजपा ने अपनी स्थापना से लेकर अब तक किए गए कई संकल्प पूर्ण किए हैं, जिनमें सबसे प्रमुख है अयोध्या में श्री रामजन्मभूमि स्थल पर दिव्य व भव्य राम मंदिर का निर्माण कराना। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाया जाना। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के समय से चल रहा महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का विधेयक भी कानून बन चुका है। भाजपा के सभी संकल्पों में राष्ट्रवाद की झलक है।

सामान नागरिक संहिता भी भारतीय जनता पार्टी का एक संकल्प है, जो चरणबद्ध रूप से सिद्धि की दिशा में बढ़ रहा है। पहले समान नागरिक संहिता कानून भाजपा शासित राज्य उत्तराखंड में सफलतापूर्वक लागू हुआ अब उसकी सफलता का गहन अध्ययन करने के बाद गुजरात भी ऐसा दूसरा राज्य बन गया है जहां सामान नागरिक संहिता लागू की गई है। विगत विधानसभा चुनाव से पूर्व गुजरात भाजपा के संकल्प पत्र में सामान नागरिक संहिता लागू करने का वादा किया गया था और इसके लिए एक समिति भी बना दी गई थी। प्रधानमंत्री मोदी लाल किले के संबोधन से भारतीय जनमानस के लिए समान नागरिक संहिता की बात कर चुके हैं। हाल ही में उच्चतम न्यायालय ने भी एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि अगर मुस्लिम महिलाओं को भी समान अधिकार प्राप्त करने हैं तो अब समय आ गया है कि देश की संसद समान नागरिक संहिता पर विचार करे और कानून बनाए। गुजरात विधानसभा में सात घंटे की लंबी चर्चा के बाद यह विधेयक पारित हुआ। इस पर चर्चा के दौरान कांग्रेस सदस्यों ने इस विधेयक को मुस्लिम विरोधी करार देते हुए कहा कि भाजपा यह विधेयक जानबूझ कर चुनाव से पहले जल्दबाजी में लेकर आई है। इस विधेयक के पारित हो जाने के बाद गुजरात में विभिन्न जातियों, धर्मों और सम्प्रदायों के लिए लोगों के लिए विवाह, तलाक, पिता की संपत्ति में महिलाओं की हिस्सेदारी और लिव -इन रिलेशनशिप को लेकर समान नागरिक संहिता कानून लागू हो जाएगा।विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक प्रस्तुत करते समय मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न वर्गों और धर्मों के बीच कानूनी भेदभाव को समाप्त करना है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जनजातियों के पुरुषों और महिलाओं पर यह कानून लागू नहीं होगा लेकिन मुस्लिम समुदाय के लिए पर्सनल लॉ को समाप्त किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की समान नागरिक संहिता कानून की आवश्यकता पर दिए गए बयान का उल्लेख करते हुए सदन में कहा कि आजादी के 75 वर्ष बाद भी विभिन्न धर्मों और समाजों के लोगों के नागरिक अधिकारों के साथ भेदभाव हो रहा है। इस कानून का उद्देश्य विवाह, तलाक, पिता की संपत्ति, भरण पोषण और लिव इन रिलेशनशिप के कानूनों में एकरूपता लाना है। इस विधेयक में विवाह, तलाक और लिव इन रिलेशनशिप का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। इस विधेयक में पहचान छिपाकर धोखे से विवाह करने पर सात वर्ष की सजा का प्रावधान किया गया है ताकि किसी बेटी को धोखा देकर उसका जीवन खराब न किया जा सके। समान नागरिक संहिता कानून के पक्ष में कहा जा रहा हे कि इससे महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को मजबूती प्राप्त होगी। यह मुस्लिम महिलाओं को कानूनी सुरक्षा देगा। कानून लागू हो जाने के बाद इसके लागू होने के दिन से लिव -इन में रहने वाली महिलाओं को भी पहचान मिल सकेगी। सरकार यह स्पष्ट रूप से कह रही है कि यह किसी धर्म के खिलाफ नहीं अपितु नागरिक अधिकारों को समान बनाने के लिए है। एक प्रश्न यह उठाया जा रहा है कि जब यह समान नागरिक संहिता कानून है तो फिर इसमें आदिवासी समाज को क्यों अलग किया गया है? समान नागरिक संहिता का कांग्रेस विरोध कर रही है। रही बात कांग्रेस और विपक्ष के विरोध की तो वह तो पूरी तरह से मुस्लिम लीगी माओवादी हो चुका है। विपक्ष का कोई भी वक्तव्य सिर्फ वोट बैंक और तुष्टिकरण के लिए ही होता है।

## दैनिक पंचांग

**29 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.48 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | वृष | 08.28 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | मिथुन | 10.26 बजे से |
| बुध | कुंभ में | कर्क | 12.39 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | सिंह | 14.55 बजे से |
| शुक्र | मेष में | कन्या | 17.07 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 19.18 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृश्चिक | 21.33 ब.से |
| केतु | सिंह में | धनु | 23.49 बजे से |
| राहुकाल | | मकर | 01.54 बजे से |
| 4.30 से 6.00 | | कुंभ | 03.40 बजे से |
| बजे तक | | मीन | 05.13 बजे से |

**रविवार** 2026 वर्ष का 88 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** एकादशी 07.47 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** आश्लेषा 14.38 बजे को समाप्त।
**योग** धृति 18.20 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 07.47 बजे तदनन्तर बव 19.26 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 9.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 03° 18'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872663
**जूलियन दिन** 2461128.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** सव्वाल
**तारीख** 09
**विशेष** कामदा एकादशी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से | 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से | 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से | 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से | 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से | 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से | 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से | 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से | 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से | 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से | 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से | 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से | 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से | 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से | 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### जहरीला पदार्थ खाने से किशोरी की तबीयत बिगड़ी

**साहिबगंज :** राजमहल थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 6 स्थित मधुसूदन कॉलोनी में 15 साल की किशोरी ने भूलवश जहरीला पदार्थ खा ली। इससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। जानकारी के अनुसार, किशोरी इन दिनों अपनी नानी के घर मधुसूदन कॉलोनी में रहकर पढ़ाई कर रही थी। इसी दौरान उसने घर में रखा जहरीला पदार्थ गलती से खा लिया। दवा खाने के कुछ ही देर बाद वह बेहोश हो गई। जानकारी मिलते ही परिजन उसे तुरंत इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया। जहां ड्यूटी में तैनात डॉक्टर ने किशोरी का प्राथमिक इलाज किया। उसके बाद डॉक्टरों की देख रेख में उसका इलाज जारी है।

### न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी, जांच में जुटीं सुरक्षा एजेंसियां

**साहिबगंज:** जिले के व्यवहार न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल के मामले में सुरक्षा एजेंसियों की जांच तेज हो गयी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए रांची से बम निरोधक दस्ता (बॉम्ब स्क्वॉड) की तीन सदस्यीय टीम साहिबगंज पहुंची और पूरे न्यायालय परिसर की सघन जांच की। इस दौरान दस्ते ने परिसर के विभिन्न हिस्सों को बारीकी से खंगाला, लेकिन कहीं भी कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। इसके साथ ही दुमका से पहुंची डॉग स्क्वॉड टीम ने भी अपनी सूंघने की क्षमता के आधार पर परिसर की जांच की, जिसमें किसी खतरे की पुष्टि नहीं हुई। हालांकि, धमकी भरे ईमेल को हल्के में नहीं लिया जा रहा है। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां इसे संवेदनशील मामला मानते हुए हर पहलू से जांच कर रही हैं। इस संबंध में जिरवाबाड़ी थाने में प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। वहीं, तकनीकी जांच भी जारी है। साइबर सेल की मदद से ईमेल भेजने वाले की पहचान और लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। घटना के बाद न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, लगातार गश्त और आने-जाने वालों की सख्त निगरानी की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी गंभीरता से की जा रही है। दोषी की पहचान होते ही सख्त कार्रवाई की जायेगी।

### जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में ललित स्वदेशी अध्यक्ष व विजय कुमार कर्ण सचिव बने

**साहिबगंज:** जिला अधिवक्ता संघ के वर्ष 2026-28 के चुनाव में ललित स्वदेशी अध्यक्ष एवं विजय कुमार कर्ण सचिव बने हैं। ललित स्वदेशी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी संजय कुमार जायसवाल को एक मत से पराजित किया। जबकि सचिव पद पर विजय कुमार कर्ण अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भानु प्रताप सील को 11 मतों से पराजित किया। उपाध्यक्ष पद पर गौतम कुमार सिंह उर्फ द्वारा 71 मत प्राप्त कर विजय हुए। संयुक्त सचिव पद पर लाल बाबू यादव एवं देवेंद्र कुमार चौधरी विजय हुए हैं।

### बरहेट बाजार में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**साहिबगंज :** बरहेट प्रखंड क्षेत्र के बरहेट बाजार में शनिवार को प्रखंड अंचल अधिकारी अंशु कुमार पांडे के निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व अंचल निरीक्षक छोटू मुर्मू ने की। इस दौरान बरहेट बाजार के तीन मोहनी, नवाब चौक समीप सड़क के दोनों और अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।कहा की एक सप्ताह के अंदर सड़क के दोनों और अतिक्रमण किए गए दुकानदार स्वत हटा ले अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# साहिबगंज के वार्ड 26 में बदहाल हालात बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे लोग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या-26 में रहने वाले हजारों निवासी आज के दौर में भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। सड़क, बिजली और पानी जैसी प्राथमिक जरूरतों की बदहाली ने स्थानीय लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। वार्डवासियों का आरोप है कि नगर परिषद और वार्ड पार्षद की अनदेखी के कारण क्षेत्र का विकास पूरी तरह से ठप्प पड़ा है। वार्ड के भ्रमण के दौरान समस्याओं की एक लंबी सूची सामने आई है। अधिकांश स्ट्रीट लाइटें या तो खराब हैं या कई खंभों पर लाइटें लगी ही नहीं हैं। शाम ढलते ही वार्ड में असुरक्षा का माहौल बन जाता है। इलाके में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति एक सपना बनकर रह गई है। कई मोहल्लों में पाइपलाइन का अभाव है और जहाँ पाइपलाइन है, वहाँ पानी पहुँचता ही नहीं। यहां की सड़कें पूरी तरह से जर्जर हो चुकी हैं, जिससे आवागमन में दुर्घटना का भय बना रहता है। नालियों की नियमित साफ-सफाई नहीं होने से गंदगी और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। जहां वार्ड संख्या- 26 के निवासियों का कहना है कि उनकी समस्याओं का समाधान तभी संभव है जब नगर परिषद और यहां के वार्ड पार्षद गंभीर प्रयास करे। लोगों ने मांग की है कि नगर परिषद द्वारा वार्ड में नियमित समाधान कैंप लगाए जाएं, ताकि लोग अपनी शिकायतें सीधे दर्ज करा सकें। खराब स्ट्रीट लाइटों को तुरंत बदला जाए और नई लाइटें लगाई जाएं। सड़क निर्माण और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए विशेष कार्य योजना बनाई जाए। स्थानीय ग्रामीणों का ये भी कहना है कि वार्ड संख्या-26 के साथ सौतेला व्यवहार हो रहा है। हम टैक्स भरते हैं, लेकिन बदले में हमें न साफ पानी मिल रहा है और न ही अच्छी सड़कें। अगर विभाग यहां कैंप लगाकर हमारी समस्याओं को सुने, तभी हमें इस नर्क से मुक्ति मिल सकती है। इस संबंध में जब वार्ड पार्षद चमरू उरांव से संपर्क स्थापित करने की कोशिश की गई तो वे उपलब्ध नहीं थे।

## पाकुड़ युवा कांग्रेस को मिला नया प्रखंड अध्यक्ष, संगठन विस्तार पर जोर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए इंडियन यूथ कांग्रेस, पाकुड़ ने प्रखंड स्तर पर नई जिम्मेदारी सौंपी है। 28 मार्च 2026 को जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार, मो. नसीम आलम को पाकुड़ प्रखंड युवा कांग्रेस का प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष बेलाल शेख के हस्ताक्षर से जारी की गई। जारी पत्र में नव-नियुक्त प्रखंड अध्यक्ष से अपेक्षा व्यक्त की गई है कि वे संगठन के कार्यों को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ निभाएंगे तथा बिना किसी भेदभाव के सभी कार्यकताओं को साथ लेकर चलेंगे। साथ ही उन्हें संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की जिम्मेदारी दी गई है। पत्र में यह भी स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया है कि मो. नसीम आलम आगामी 15 दिनों के भीतर पाकुड़ प्रखंड में युवा कांग्रेस संगठन का विस्तार करेंगे और इसकी विस्तृत जानकारी जिला अध्यक्ष को उपलब्ध कराएंगे। इसके अतिरिक्त उन्हें पार्टी की विचारधारा को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाने का दायित्व भी सौंपा गया है। इस नियुक्ति के बाद जिले के युवा कार्यकताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि नए प्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन को नई दिशा और गति मिलेगी। वहीं, राजनीतिक जानकारों का कहना है कि आगामी समय में होने वाले चुनावों को देखते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से यह नियुक्ति काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। कुल मिलाकर, इस नई जिम्मेदारी के साथ मो. नसीम आलम के सामने संगठन विस्तार, कार्यकर्ताओं को एकजुट करने और पार्टी की नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने की बड़ी चुनौती होगी, जिसे लेकर सभी की निगाहें अब उनके कार्यकाल पर टिकी हैं।

### जन समस्याओं पर सख्त रुख : कांग्रेस महासचिव ने पाकुड़ में की सुनवाई

**पाकुड़ :** जिले के लोगों की समस्याओं को लेकर आज पाकुड़ जिला कांग्रेस कार्यालय में एक महत्वपूर्ण जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव डॉ. तनवीर आलम ने आम जनता की शिकायतें सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न पंचायतों एवं नगर क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। लोगों ने जमीन विवाद, मईया सम्मान योजना, पेंशन योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अनुदान में देरी, ग्रीन कार्ड निर्गत नहीं होने तथा जाति, आय और निवास प्रमाण पत्र से जुड़ी परेशानियां प्रमुख रूप से रखीं। डॉ. तनवीर आलम ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से तत्काल बातचीत की। कुछ समस्याओं का मौके पर ही समाधान कराया गया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### टोटो-बाइक की टक्कर में तीन घायल

**साहिबगंज:** बोरियो-बोआरीजोर मुख्य पथ के कुड़म्बा चौक में शुक्रवार की देर शाम हुए सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गये। इनमें से दो व्यक्ति की स्थिति गंभीर बनी है। बोरियो सीएचसी में इलाज के बाद दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार टोटो व बाइक की टक्कर में टोटो चालक की हालत नाजुक बनी है। उसके एक पैर में गंभीर चोट लगी है। एक अन्य व्यक्ति के दायें हाथ में गंभीर चोट लगी है। घायल गणेश मड़ैया कबीयाडीह महगामा (गोड्डा) के रहने वाला बताया गया है। वहीं उसके साथी का बाएं पैर गंभीर रूप से घायल है। एक व्यक्ति का दायां हाथ कट चुका है। उधर, घटना की सूचना मिलते ही बोरियो थाना के पेट्रोलिंग दल के एएसआई मनोज शर्मा ने तीनों घायलों को इलाज के लिए सीएससी में भर्ती कराया। जहां मौके पर उपस्थित डॉ. पंकज कुमार ने बताया कि दो की हालत नाजुक बनी हुई है। जहां बेहतर इलाज के लिए साहिबगंज रेफर कर दिया गया है।

## ट्रांसजेंडर समुदाय के उत्थान को लेकर सिमडेगा में पहल, उपायुक्त ने दिए निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड की बैठक आयोजित की गई, जिसमें ट्रांसजेंडर समुदाय के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान पर विस्तार से चर्चा हुई। उपायुक्त ने समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने में शिक्षा की अहम भूमिका बताते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में समुदाय के प्रतिनिधियों ने बताया कि जिले में कई ट्रांसजेंडर लोग डर और संकोच के कारण सामने नहीं आ पा रहे हैं तथा अशिक्षा के कारण वे सरकारी प्रक्रियाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। इस पर उपायुक्त ने निर्देश दिया कि ऐसे लोगों की पहचान करने हेतु मेडिकल टीम गठित कर रिपोर्ट तैयार की जाए तथा उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति की व्यापक मैपिंग की जाए, जिसमें शिक्षा, आजीविका, स्वास्थ्य और जीवन स्तर को शामिल किया जाएगा। साथ ही, उनकी निजता और गोपनीयता की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि ट्रांसजेंडर समुदाय को वोटर आईडी, आधार, राशन कार्ड सहित सभी सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्हें कौशल विकास, स्वयं सहायता समूह और लघु उद्योगों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के निर्देश भी दिए गए। जिले में एक मात्र चिन्हित ट्रांसजेंडर को पहचान कर उसे 1000 मासिक पेंशन एवं प्रमाण पत्र उपलब्ध रा दी गई है। वहीं उन्हें कार्य निर्वहन के लिए साइकिल भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। रोजगार और आवास सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। बैठक में सिविल सर्जन, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, एलआरडीसी-सह- जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, जिला समाज कलयाण पदाधिकारी, सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी, शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जमीनी विवाद में महिला की पत्थर मारकर हत्या, चार आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जगतपुर गांव में शनिवार को जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें एक महिला की पत्थर से मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आदिवासी समुदाय के दो गोतिया के बीच जमीन विवाद एवं ताड़ का पेड़ काटने को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि पार्वती सोरेन (41 वर्ष), पति विजय हांसदा पर उनके ही गोतिया के लोगों ने हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने पत्थर से वार कर उनकी हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आया और तत्काल मामले के सत्यापन के साथ कार्रवाई के निर्देश दिए गए। हिरणपुर थाना पुलिस ने त्वरित छापेमारी करते हुए हत्या में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में हिरणपुर थाना कांड संख्या 18/26 दिनांक 28 मार्च 2026 के तहत धारा 103(1)/3(5) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पत्थर को भी जब्त कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में नोरेन हांसदा, चरण हांसदा, अजय हांसदा एवं मनोज हांसदा शामिल हैं, जो सभी जगतपुर गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। छापेमारी दल का नेतृत्व थाना प्रभारी विनय कुमार ने किया, जिसमें लिट्टीपाड़ा थाना प्रभारी विवेक कुमार, गौतम कुमार दास, जेना बालमुचू सहित अन्य सशस्त्र बल शामिल थे। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## सर्वाइकल कैंसर के बचाव को लेकर एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान, 14 वर्ष की बच्चियों को लगाया जाएगा टीका

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिले में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम को लेकर 14 वर्ष की उम्र की बच्चियों के लिए एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान चलाया जाएगा। इसी के उपलक्ष्य में सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसकी शुभारंभ 30 मार्च से शुरू होकर अगले तीन महीनों तक चलेगी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में बच्चियों को लगाया जाएगा। सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में कुल 14,394 बच्चियों को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह अभियान शहर से लेकर सभी प्रखंडों तक संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि केवल उन्हीं बच्चियों को यह टीका लगाया जाएगा जिनकी उम्र 14 वर्ष होगी – न 14 वर्ष से एक दिन कम और न ही 15 वर्ष से अधिक। जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के अंतर्गत लक्ष्य इस प्रकार निर्धारित किया गया है:

सीएचसी बरहरवा - 2,272, सीएचसी बरहेट - 1,551, सीएचसी बोरियों- 2,181, सीएचसी पतना -1,030, एसडीएच राजमहल -2,094, सीएचसी साहिबगंज सदर - 2,037, सीएचसी तालझारी-979, सीएचसी उधवा - 2,251, उन्होंने आगे बताया कि स्कूलों में शिक्षकों तथा बच्चियों के अभिभावकों को जागरूक किया जाएगा और उन्हें वैक्सीन की सुरक्षा एवं महत्व के बारे में जानकारी दी जाएगी। सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ डॉक्टरों की निगरानी में यह टीकाकरण अभियान संचालित किया जाएगा। सिविल सर्जन ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बच्चियों को इस टीकाकरण अभियान में शामिल कराएं ताकि सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव सुनिश्चित किया जा सके। झारखंड में पहली बार यह वैक्सीन दिया जाएगा। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉक्टर किरण माला मौजूद थी।

## संक्षिप्त खबरें

### नव नियुक्त उप समाहर्ताओं का डीसी ने किया स्वागत, उत्कृष्ट प्रशिक्षण पर दिया जोर




**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार ने शनिवार को नव नियुक्त एवं पदस्थापित उप समाहर्ताओं का हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर उपायुक्त व अपर समाहर्ता एवं विशेष कार्य पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया तथा उन्हें डायरी एवं कलम प्रदान कर उनके उज्ज्वल प्रशासनिक भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उपायुक्त ने प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु आए 9 उप समाहताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशिक्षण प्रशासनिक सेवा की नींव को मजबूत करने का महत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने अधिकारियों को प्रशिक्षण अवधि का अधिकतम लाभ उठाने, कार्यों को गंभीरता एवं समर्पण के साथ सीखने तथा जनहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर विभिन्न विभागों के कार्यों की समझ विकसित करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि भविष्य में वे कुशलतापूर्वक दायित्वों का निर्वहन कर सकें। साथ ही, उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को टीम भावना के साथ कार्य करने एवं आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए तत्पर रहने की सलाह दी।

### कलश विसर्जन के साथ चैत्र नवरात्री संपन्न मां दुर्गा हाथी पर प्रस्थान



**साहिबगंज:** शहर में नवरात्री के दसवें दिन विजय दशमी के पावन अवसर पर शनिवार को अहले सुबह मंदिरों में विजय दशमी की पूजा अर्चना वैदिक मंत्रोचारण के साथ विधिवत रूप से किया गया। जहां शहर के भारतीय कला मंदिर सकरूगढ़ चैती दुर्गा मंदिर, रसूलपुर दहला चैती दुर्गा मंदिर, चौक बाजार दुर्गा मंदिर, जीरवाबाड़ी तुरी टोला चैती दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा का पूजन करके दही चूड़ा का भोग लगाकर, मां दुर्गा को महिलाओं ने खोयचा चढ़ाकर, सिंदूर लगाकर, अपराजिता पूजन करके विधिवत रूप से मां दुर्गा को विदा किया। वही हवन पूजन भी किया गया। ढोल नगाड़ा गाजे बाजे के साथ कलश विसर्जन मंदिर से निकलकर मुख्य मार्ग होते हुए स्थानीय गंगा तट पहुंचकर कलश विसर्जन किया गया। वही आचार्य रंजय शास्त्री ने बताया कि मां दुर्गा का आगमन पालकी पर हुआ जो सामान्य या मिश्रित फलदायी माना जाता है। वही माता रानी का प्रस्थान हाथी पर हुआ, जो शुभ और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। मां दुर्गा जब विदा हो रही थी तो साक्षात हाथी महाराज आंधी बारिश के साथ आकर मां दुर्गा को अपने साथ लेकर भक्तों के बीच से प्रस्थान हुई। वही भक्त मंदिर पहुंचकर मां दुर्गा का दर्शन पूजन करके मेला में लगे फास्ट फूड, आइसक्रीम, चाट, गोलगप्पे, घरेलू सामग्री, खिलौने खरीद रहे ओर मेला का आनंद उठा रहे है।

### आंधी-बारिश से ढहा 70 फीट का दुर्गा पंडाल एनएच -80 पर सात घंटे ठप रहा आवागमन



**साहिबगंज:** शुक्रवार की रात आयी तेज आंधी व बारिश से साहिबगंज जिला मुख्यालय के बड़ी चैती मंदिर का महाभारत पर आधारित 70 फीट का भव्य पंडाल क्षतिग्रस्त होकर गिर गया। हालांकि पंडाल गिरने की घटना में कोई जान माल की क्षति की सूचना नही है। वही पंडाल के गिरने से एनएच 80 पर रात ढ़ाई बजे से वाहनों व आम लोगो का आवागमन बाधित हो गया। पंडाल के गिरने की घटना पुरे शहर में फैल गई। गिरे पंडाल को देखने के लिए लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी थी। वही पूजा समिति व पंडाल का निर्माण किये कारीगरों के द्वारा सुबह सात बजे हाइडा को बुलवाकर गिरे पंडाल को उठाने का प्रयास शुरू कर दिया गया। करीब डेढ़ घंटा कड़ी मेहनत करने के बाद गिरे पंडाल को उठाकर सीधा करने में लोगों को सफलता मिली। वही पंडाल निर्माण करने वाले कारीगर व पेंटर क्षतिग्रस्त हुए पंडाल की मरम्मती करने के कार्य में जुटे है।

### मालदा डिवीजन ने रेलवन ऐप के बारे में जागरूकता अभियान का आयोजन किया



**साहिबगंज:** मालदा डिवीजन ने बरहरवा और करणपुरातो रेलवे स्टेशनों पर रेलवन ऐप के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया। यह अभियान मालदा के मंडल रेलवे प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन और मालदा के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कार्तिक सिंह के पर्यवेक्षण में चलाया गया। जहां बरहरवा और करणपुरातो रेलवे स्टेशनों पर, वाणिज्यिक निरीक्षकों ने वाणिज्यिक कर्मचारियों के साथ मिलकर वास्तविक यात्रियों से बातचीत की और उन्हें रेलवन ऐप के लाभों और उपयोग के बारे में जागरूक किया। यात्रियों को रेलवन ऐप की प्रमुख विशेषताओं के बारे में जानकारी दी गई, जैसे कि आरक्षित और अनारक्षित दोनों प्रकार के टिकटों की बुकिंग, वास्तविक समय में ट्रेन की जानकारी, पीएनआर स्थिति की जांच, कोच की स्थिति देखना, प्लेटफॉर्म टिकट बुक करना और रेल मदद के माध्यम से सहायता प्राप्त करना। यात्रियों को अधिक सुविधाजनक, पारदर्शी और परेशानी मुक्त यात्रा अनुभव के लिए एप्लिकेशन डाउनलोड करने और उसका उपयोग करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया।

### बंद पड़े क्रशर प्लांट में चोरी करते चोर गिरफ्तार

**साहिबगंज:** मिजाचौकी थाना क्षेत्र के नामनगर स्थित सीटीएस कंपनी के बंद पड़े क्रशर प्लांट में चोरी करते हुए एक चोर को रंगेहाथ पकड़ा गया। क्रशर प्लांट के स्टाफ बेगूसराय निवासी अरविंद कुमार ने मौके पर ही चोर को पकड़कर इसकी सूचना मिजाचौकी थाना को दी। सूचना मिलते ही थाना के एसआई प्रवीण प्रभाकर दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और आरोपी को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आए। इस संबंध में अरविंद कुमार के आवेदन पर मिजाचौकी थाना में कांड संख्या 28/26 दर्ज किया गया है। पुलिस ने प्राथमिक आरोपी मुर्शिदाबाद जिला के फरक्का थाना क्षेत्र के रानीपुर गांव निवासी हासिम शेख को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं घटना में संलिप्त अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है।

## संक्षिप्त डायरी

### आधी रात पटना समेत 5 जिलों में आंधी-बारिश, आज पूरे बिहार में अलर्ट, गिरेगा पारा

**पटना (एजेंसी)** शुक्रवार की आधी रात पटना समेत 5 जिलों में अचानक मौसम का मिजाज बिगड़ा. जोरदार आंधी के साथ तेज बारिश हुई. इस बीच आज (शनिवार) पूरे बिहार में तेज हवा और बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है. इसके साथ ही अगले 48 घंटे में तापमान गिरने की संभावना जताई गई है. मौसम विभाग की ओर से शनिवार को अररिया, सुपौल, किशनगंज, कटिहार, भागलपुर और बांका में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. इन जिलों में तेज आंधी-तूफान के साथ भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है. इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना जताई गई है. इसके साथ ही आज जमुई, मधेपुरा, पूर्णिया, खगड़िया, मुंगेर समेत बाकी के जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है. इन जिलों में हल्की से तेज हवा, बारिश और ठनका गिरने की संभावना है. मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक बिहार के अधिकांश जिलों में हल्की या कुछ देर के लिए तेज हवा या बादल गरजने की संभावना है. अगले 48 घंटों में गिरेगा तापमान मौसम विभाग की माने तो, बिहार में अगले 48 घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों के अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की कमी होने की संभावना है. इसके बाद अगले तीन दिनों के दौरान बढ़ोतरी होने की संभावना है. इसके साथ ही अगले 48 घंटों में ही राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में एक से चार डिग्री की कमी होने की संभावना है. पिछले 24 घंटे में कैसा रहा तापमान पिछले 24 घंटों के दौरान सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस भभुआ (कैमूर) में दर्ज किया गया. जबकि राज्य का अधिकतम तापमान 29.9 से 37 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा. मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के कई जगहों के अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव दर्ज नहीं किया गया. सबसे कम न्यूनतम तापमान 17.5 डिग्री सेल्सियस डेहरी में दर्ज किया गया. राज्य का न्यूनतम तापमान 17.5 से 22.2 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा. पटना का मौसम सम विभाग की माने तो, पटना में आज येलो अलर्ट जारी किया गया है.

### सारण में पुलिस का ताबड़तोड़ एक्शन: 32 आरोपी गिरफ्तार

**पटना (एजेंसी)** सारण में कानून-व्यवस्था को सख्त बनाने के लिए पुलिस ने बड़ा अभियान चलाते हुए 32 आरोपितों को गिरफ्तार किया. इस दौरान अवैध शराब, हथियार और नकदी भी बरामद की गई, जबकि वाहन जांच में लाखों का जुमार्ना वसूला गया. सारण जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस ने बड़ा अभियान चलाते हुए अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है. वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के निर्देश पर 27 मार्च को पूरे जिले में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसमें अलग-अलग मामलों के कुल 32 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया. अभियान का मकसद क्या था? इस अभियान का मुख्य फोकस अवैध शराब कारोबार और आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों पर था. पुलिस टीमों ने एक साथ कई स्थानों पर दबिश देकर शराब माफिया और अन्य अपराधियों पर शिकंजा कस दिया. गिरफ्तार आरोपितों में 16 लोग शराब सेवन के मामले में पकड़े गए, जबकि 5 लोग अवैध शराब कारोबार में संलिप्त पाए गए. इसके अलावा एक वारंटी, हत्या के प्रयास के दो आरोपी, चोरी के दो, आर्म्स एक्ट के चार और अन्य मामलों के दो आरोपित भी शामिल हैं. 40 लीटर अवैध शराब और 15 जिंदा कारतूस बरामद कार्रवाई के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी. टीम ने 40 लीटर अवैध शराब बरामद की. इसके साथ ही एक देशी कट्टा, 15 जिंदा कारतूस, एक चारपहिया वाहन, 640 रुपये नकद और चार मोबाइल फोन भी जब्त किए गए. पुलिस का कहना है कि यह बरामदगी जिले में सक्रिय आपराधिक नेटवर्क पर कड़ी चोट है. 157 वाहनों की भी की गई जांच सी के साथ पुलिस ने यातायात नियमों को सख्ती से लागू करने के लिए विशेष वाहन जांच अभियान भी चलाया. इस दौरान 157 वाहनों की जांच की गई और नियमों का उल्लंघन करने पर कुल 3,30,000 रुपये का जुमार्ना वसूला गया. पुलिस प्रशासन ने साफ किया है

### नालंदा के जवान का पार्थिव शरीर पहुंचते ही लिपटकर खूब रोई पत्नी

नालंदा के जवान का पार्थिव शरीर पैतृक जिले में पहुंचते ही लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा. जेसीओ सुमन कुमार सिंह की मौत लंबी बीमारी से हुई. जवान के पार्थिव शरीर से लिपटकर पत्नी रोती रही. साथ ही उनके बच्चे बस एकटक होकर उन्हें निहारते रहे. नालंदा के एक आर्मी जवान की लंबी बीमारी के बाद मौत हो गई. शुक्रवार की रात जेसीओ सुमन कुमार सिंह उर्फ पंकज (45 साल) का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव मोकरमपुर मिर्चायगंज पहुंचा, जहां पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई. जैसे ही जवान का पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, पूरा माहौल गमगीन हो गया. ग्रामीणों ने ह्यशहीद सुमन कुमार अमर रहेह्ण और ह्यभारत माता की जयह्ण के नारों के साथ उन्हें श्रद्धांजलि दी. पार्थिव शरीर से लिपटकर रोई पत्नी पत्नी पार्थिव शरीर से लिपटकर बिलखती रही. जबकि बच्चे अपने पिता को एकटक निहारते रहे. यह देख वहां मौजूद हर किसी की आंखें नम हो गई. सुमन कुमार सिंह लद्दाख में पोस्टेड थे. ड्यूटी के दौरान हिमस्खलन (अ५ल्लौं) की चपेट में आने से उनकी तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके बाद सेना के बचाव दल ने उन्हें आर्मी अस्पताल में भर्ती कराया. पिछले करीब एक महीने से उनका इलाज लखनऊ के अस्पताल में चल रहा था. वे ब्लड कैंसर और पीलिया जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे थे. 27 मार्च को जवान ने ली अंतिम सांस डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद 27 मार्च को जवान ने अंतिम सांस ली. परिजनों ने बताया कि सुमन कुमार अपने परिवार के स्तंभ थे. दो भाइयों में वे बड़े थे, जबकि उनके छोटे भाई सीआईएसएफ में कार्यरत हैं. अंतिम संस्कार में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास और परिवहन मंत्री श्रवण कुमार भी शामिल हुए और दिवंगत जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की. मंत्री श्रवण कुमार ने क्या कहा? मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि शहीद जवान की सेवा बेकार नहीं जाएगी. परिजनों को इस संकट में धैर्य रखने की जरूरत है. राज्य सरकार के नियम के अनुसार जो भी आगे की कार्रवाई है,

### बक्सर में थर्मल पावर प्रोजेक्ट की दूसरी यूनिट जल्द होगी शुरू

**पटना (एजेंसी)** बिहार में गांव-गांव तक बिजली पहुंचाने को लेकर सरकार की ओर से कई पहल किए जा रहे हैं. इसी क्रम में अब बक्सर जिले में थर्मल पावर प्रोजेक्ट की दूसरी यूनिट को भी जल्द शुरू किया जाएगा. इसके शुरू होने से लगभग 561 मेगावाट बिजली मिल सकेगी. बिहार के लोगों को बिना किसी रुकावट बिजली मिले, इसके लिए बक्सर के चौसा में थर्मल पावर प्रोजेक्ट की दूसरी यूनिट को जल्द ही चालू किया जाएगा. इससे राज्य को 561 मेगावाट बिजली मिलने की उम्मीद है. एक्सपर्ट का मानना है कि इससे न केवल बाहरी सोर्स पर निर्भरता कम होगी, बल्कि कंज्यूमर को पहले से ज्यादा बिना किसी रुकावट के बिजली मिल सकेगी. क्या कहना है एक्सपर्ट का? यह परियोजना लंबे समय से निमार्णाधीन रही है. साल 2013 में शुरू हुई इस परियोजना को जमीन अधिग्रहण से जुड़े विवादों के कारण कई बार रुकावटों का सामना करना पड़ा. मुआवजे को लेकर किसानों के विरोध ने काम को प्रभावित किया था. कौन करा रहा यूनिट का निर्माण? परियोजना का निर्माण हिमाचल प्रदेश और केंद्र सरकार के संयुक्त उपक्रम एसजेवीएन की ओर से किया जा रहा है.

## सीएम ने निमार्णाधीन योजनाओं का किया निरीक्षण, नीतीश कुमार ने कार्य शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश



**पटना (एजेंसी)** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब बिहार के सीएम नहीं रहेंगे, लेकिन वह पटना में चल रहे निमार्णाधीन विभिन्न योजनाओं का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। आज भी वह बिहार गौरव पार्क पहुंचे और शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना शहर स्थित विभिन्न निमार्णाधीन योजनाओं का निरीक्षण किया और तेजी से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने डॉ० राजेन्द्र प्रसाद समाधि स्थल के पास निर्माण कराये जा रहे लोकनायक जय प्रकाश नारायण पार्क, जो बिहार गौरव पार्क के नाम से भी जाना जाता है, के निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। पटना में बांस घाट के पास लोकनायक जय प्रकाश नारायण पार्क का निर्माण लोकनायक के सम्मान में किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल के पास इस पार्क का निर्माण बेहतर ढंग से कराएं। इस पार्क के निर्माण से इस क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा होगा। इस थीम पार्क के एक तरफ देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद जी का समाधि स्थल है, वहीं दूसरी ओर जे०पी० गंगा पथ अवस्थित है, यहां का दृश्य काफी मनोरम होगा। देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल एवं जे०पी० गंगा पथ के बीच 10 एकड़ भूमि में बिहार गौरव पार्क का निर्माण कराया जा है। इस पार्क में बिहार के गौरवपूर्ण इतिहास एवं संस्कृति के विभिन्न अवयवों को प्रदर्शित किया जाएगा। थीम पार्क में बिहार की महान विभूतियों- आर्यभट्ट, चाणक्य, सम्राट अशोक, लोकनायक जयप्रकाश नारायण एवं दशरथ मांझी मांझी की प्रेरणादायक गाथाओं को उद्धृत किया जाएगा। पार्क में बिहार की स्थापत्य कला नालंदा, विक्रमशिला, धार्मिक स्तूप, मंदिरों एवं मकबरों को दशार्या जाएगा। साथ ही पर्यटकों के खाने-पीने की व्यवस्था एवं खेल मैदान का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद की याद में उनके वर्तमान स्मारक स्थल पर एक भव्य स्मृति परिसर का निर्माण भी किया जायेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बांस घाट स्थित नये मुक्ति धाम परिसर का निरीक्षण किया और वहां की सुविधाओं की जानकारी ली। लगभग साढ़े चार एकड़ भूमि में बांसघाट शवदाह गृह का नवीनीकरण कार्य कराया गया है। यहां दाह संस्कार की सुविधाओं के साथ-साथ नागरिक तथा धार्मिक एवं सांस्कृतिक सुविधायें उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री ने बांस घाट स्थित पुराने शवदाह गृह परिसर का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इसको भी और बेहतर ढंग से बनायें। मुख्यमंत्री ने सभ्यता द्वार से कलेक्ट्रेट घाट तक निर्माण कराये जा रहे सैरगाह का स्थल निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को मैप के माध्यम से बताया कि सभ्यता द्वार से कलेक्ट्रेट घाट तक सैरगाह की सुविधा होगी जिसमें यहां आनेवाले लोगों के लिये पैदल पथ, स्ट्रीट लाइट, सिटिंग एरिया, छतरीनुमा स्तंभ सहित अन्य सुविधायें उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन सभी योजनाओं को तेजी से पूर्ण करें, ताकि शहरवासियों को इसका लाभ मिल सके। सभ्यता द्वार बहुत अच्छा बना है।

## बिहार में ग्लास ब्रिज, भीमबांध, ककोलत वॉटरफॉल समेत ये फेमस जगहें बनीं टूरिस्टों की पसंद, जानें क्यों है खास

**पटना (एजेंसी)** बिहार में राजगीर का ग्लास ब्रिज, मुंगेर का भीमबांध, नवादा का ककोलत वॉटरफॉल समेत कई जगहें टूरिस्टों की पसंद बनती जा रही है. गर्मी के मौसम में काफी संख्या में लोग इन जगहों पर घूमने-फिरने पहुंचते हैं. बिहार के अलग-अलग जिलों में वन्यजीव अभ्यारण्य, झील, वॉटरफॉल, पहाड़ और बांध अब इको टूरिज्म के लिए सेंटर प्वाइंट बनता जा रहा है. इन जगहों पर बेसिक स्ट्रक्चर, सड़क, आवास और अन्य सुविधाओं का लगातार विकास किया जा रहा है. पश्चिम चंपारण स्थित वाल्मीकि टाइगर रिजर्व राज्य का प्रमुख इको टूरिज्म जगह है. लगभग 901 वर्ग किलोमीटर में फैले इस वन में बंगाल टाइगर, तेंदुआ, भालू, हिरण, नीलगाय सहित 250 से अधिक पक्षियों की प्रजातियां पाई जाती हैं. इसके अलावा अमवा मन झील और उदयपुर वन्यजीव अभ्यारण्य भी नैचुरल ब्यूटी और पक्षी प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं. भागलपुर का विक्रमशिला गंगा डॉल्फिन अभ्यारण्य गंगा डॉल्फिन प्रोटेक्शन के लिए फेमस है, वहां पर्यटक डॉल्फिन को प्राकृतिक आवास में देख सकते हैं. मुंगेर का भीमबांध वन्यजीव अभ्यारण्य अपने घने जंगल, पहाड़ियों और वन्यजीवों के लिए जाना जाता है. नालंदा जिले का राजगीर नेचर सफारी और जू सफारी और घोड़ाकटोरा झील पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय हो रहे हैं. राजगीर में देश का पहला ग्लास स्काई वॉक भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है. नवादा का ककोलत जलप्रपात, रोहतास के तुतला भवानी जलप्रपात, मांझर कुंड, धुआं कुंड और इंद्रपुरी बैराज भी प्राकृतिक पर्यटन के लिए खास जगहें हैं. जमुई, बेगूसराय और दरभंगा में भी खास जगहें जमुई जिले के नागी-नकटी पक्षी अभ्यारण्य, गढ़ी बांध, बांका का ओढ़नी बांध, कैमूर का कैमूर वन्यजीव इसके अलावा गया का गौतम बुद्ध वन्यजीव अभ्यारण्य और पटना स्थित संजय गांधी जैविक उद्यान भी इको टूरिज्म के महत्वपूर्ण केंद्र हैं. यहां भी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं.

## बिहार का नया CM कौन: JDU ऑफिस के बाहर पोस्टर - फ्यूचर CM ऑफ बिहार निशांत कुमार

**पटना (एजेंसी)** पटना में जेडीयू ऑफिस के बाहर पोस्टर लगाया गया है. इस पोस्टर में सीएम नीतीश के बेटे निशांत कुमार की तस्वीर के नीचे फ्यूचर उट ऑफ बिहार लिखा है. इसके साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बिहार छोड़कर नहीं जाने की अपील की गई है. निशांत कुमार को बिहार का अगला सीएम बनाने की मांग तेज हो गई है. शनिवार को पटना में जेडीयू ऑफिस के बाहर एक बड़ा सा पोस्टर लगाया गया है. इस पोस्टर के जरिए सीएम नीतीश के बेटे निशांत कुमार को राज्य का अगला मुख्यमंत्री बनाने की मांग की गई. पोस्टर में निशांत कुमार की फोटो के नीचे लिखा है- ह्यफ्यूचर उट ऑफ बिहार. नीतीश सेवक, मांगे निशांत.ह्ण सीएम नीतीश से भी की गई अपील इसके साथ ही पोस्टर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तस्वीर भी है. इसमें सीएम नीतीश से बिहार छोड़कर नहीं जाने की अपील की गई है. पोस्टर में लिखा है- ह्यक्यों कर रहे हैं आप ऐसा विचार, जब बिहार वासियों को स्वीकार नहीं कि आप मुख्यमंत्री पद छोड़ जाएं बिहार.ह्ण सीएम नीतीश ने राज्यसभा जाने का जब ऐलान किया था, तब से ही जेडीयू के कार्यकर्ता उन्हें फिर से विचार करने और बिहार से नहीं जाने की अपील कर रहे हैं. जेडीयू निशांत कुमार को उट बनाने की कर रही मांग इसके अलावा सीएम नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद बिहार के अगले सीएम कौन होंगे, इसे लेकर चर्चा तेज है. जेडीयू लगातार निशांत कुमार को सीएम बनाने की मांग कर रही है. जेडीयू ज्वाइन करने जब निशांत कुमार ऑफिस पहुंचे थे, उस दिन भी पार्टी के कार्यकताओं ने उन्हें ही सीएम फेस बताया था. इसके साथ ही निशांत जब नालंदा पहुंचे थे, तब महिलाओं ने भी यही मांग की थी. मोकामा के विधायक अनंत सिंह ने हाल ही में निशांत कुमार को सीएम मैटेरियल बताया था

## बिहार को अमृत भारत एक्सप्रेस समेत तीन नई ट्रेनों का गिफ्ट, जानिए टाइम टेबल



**पटना (एजेंसी)** भारतीय रेलवे ने बिहार को तीन नई ट्रेनों की सौगात दी है. खास बात यह है कि इन ट्रेनों में अमृत भारत एक्सप्रेस भी शामिल है. यह ट्रेनें पटना से अहमदाबाद, पटना से राजगीर और सहरसा से जमालपुर के बीच चलेंगी. बिहार में जल्द ही गर्मी की छुट्टियों की शुरूआत होने वाली है. इससे पहले रेलवे ने राज्य को तीन नई ट्रेनों का गिफ्ट दिया है. रेलवे की ओर से इन तीनों ट्रेनों का टाइम टेबल भी जारी कर दिया गया है. लेकिन कब से ये ट्रेनें चलाई जायेंगी, इसे लेकर डेट अब तक कंफर्म नहीं हो पाया है. इन ट्रेनों के चलने से बिहार के लोगों को सहूलियत मिल सकेगी. तीनों ट्रेन की क्या होगी टाइमिंग? (गाड़ी नंबर- 21905\21906) अहमदाबाद-पटना अमृत भारत एक्सप्रेस- यह ट्रेन हर बुधवार को अहमदाबाद से शाम 6:30 बजे और अगले दिन गुरुवार की रात में 12:30 पटना पहुंचेगी. वापसी में यही ट्रेन पटना से शुक्रवार को रात 10:30 बजे खुल जाएगी और रविवार की सुबह 5:25 बजे अहमदाबाद पहुंच जाएगी. (गाड़ी नंबर- 13354\13353) पटना-राजगीर एक्सप्रेस ट्रेन- पटना और राजगीर के बीच एक्सप्रेस ट्रेन चलाई जाएगी. पटना से यह ट्रेन सुबह में 9:20 बजे खुलेगी और 12:45 बजे दोपहर में राजगीर पहुंचेगी. इसके बाद वापसी में यही ट्रेन राजगीर से शाम 3:10 बजे खुलेगी. इसके बाद 6:45 बजे शाम में पटना पहुंच जाएगी. (गाड़ी नंबर- 63398\63397) सहरसा-जमालपुर मेमू- यह ट्रेन पटना और जमालपुर के बीच चलेगी. सहरसा से यह ट्रेन सुबह में 5:15 बजे खुल जाएगी और 8:05 बजे जमालपुर पहुंच जाएगी. जबकि वापसी में यही ट्रेन रात 9:45 बजे जमालपुर से खुलेगी और 1 बजे जमालपुर पहुंच जाएगा. भीड़भाड़ की समस्या से मिलेगी राहत गर्मी की छुट्टियों के दौरान ट्रेनों में यात्रियों को काफी भीड़भाड़ की समस्या झेलनी पड़ती है. तीन नई ट्रेनों की सौगात मिलने से यात्रियों को राहत मिलेगी. रेलवे की तरफ से बताया गया है कि ट्रेन के नियमित चलने और तारीख का जल्द ही ऐलान किया जाएगा. समर स्पेशल ट्रेनों की बढ़ाई गई परिचालन अवधि यात्रियों की सहूलियत को देखते हुए ही बिहार से चलने वाली कई समर स्पेशल ट्रेनों की परिचालन अवधि बढ़ाई गई है. इसके अलावा तीन स्पेशल ट्रेनों के चलाने का फैसला भी लिया था. बिहार से दिल्ली, मुंबई और सूरत के लिए समर स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी

## सीएम नीतीश के राज्यसभा निर्वाचन पर आनंद मोहन नाराज, कहा- निशांत को फुल फ्लेज्ड में लाएं



**पटना (एजेंसी)** : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा निर्वाचन पर जेडीयू नेता आनंद मोहन नाराज दिखे. उन्होंने कहा- हमारे जैसे हजारों लोग इस फैसले से आहत और असहमत हैं. साथ ही उन्होंने निशांत कुमार को पावर देने की बात भी कही. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की भूमिका जल्द ही केंद्र की राजनीति में दिखने वाली है. लेकिन बिहार में जेडीयू के नेता और कार्यकर्ता सीएम नीतीश से एक बार फिर इस मामले में विचार करने और बिहार छोड़कर नहीं जाने की अपील कर रहे हैं. ऐसे में जेडीयू के नेता आनंद मोहन भी इस फैसले से नाराज दिखे. उन्होंने कहा- जनता के बीच इस फैसले को लेकर आक्रोश है. आनंद मोहन बोले- विश्वास को ठेस पहुंचा मीडिया के सवाल पर आनंद मोहन ने यह भी कहा कि जनता के बीच कहा गया था, 2025 से 2030 फिर से नीतीश, इस विश्वास को ठेस पहुंचा है. जो भी लोग ये समझते हैं कि इसका लाभ होगा तो ऐसा बिल्कुल भी नहीं है. जेडीयू को तो इस फैसले से नुकसान होगा ही लेकिन इससे ज्यादा बीजेपी को होगा. इसका लाभ प्रतिपक्ष को मिलेगा, निशांत कुमार को सीएम बनाने के सवाल पर कहा कि निशांत कुमार के आने से उम्मीद जगी है. निशांत कुमार को लाया जाना नीतीश कुमार के दिल्ली जाने के फैसले के लिए एक शॉक ऑब्जर्वर है. लेकिन निशांत कुमार को सीएम बनाते हैं तो अच्छी बात है. साथ ही निशांत को उपमुख्यमंत्री बनाए जाने के सवाल पर बोले- उपमुख्यमंत्री क्या होता है? उपमुख्यमंत्री मतलब चुप मुख्यमंत्री. इसलिए अगर लाते हैं तो फुल फ्लेज्ड में लाना चाहिए. इखढ से आनंद मोहन ने किसे किया सपोर्ट? आनंद मोहन ने आगे यह भी कहा कि अगर बीजेपी से किसी को मुख्यमंत्री बनाया जाता है तो लव-कुश, पिछड़ा या फिर अति पिछड़ा का मैसेज था, उसमें बेहतर विकल्प सम्राट चौधरी हैं. इस तरह से आनंद मोहन ने बिहार के अगले सीएम फेस को लेकर जेडीयू से निशांत कुमार और बीजेपी से डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी का समर्थन किया है. लेकिन एनडीए की ओर से क्या फैसला लिया जाता है,

## बिहार में मेला देखकर लौट रहे 3 दोस्तों की मौत, एक लापता, रेलिंग तोड़कर नदी में गिरी कार



**पटना (एजेंसी)** : रामनवमी वाले दिन मधेपुरा में चार दोस्तों की मौत हो गई. जबकि एक दोस्त लापता है. बताया जा रहा है कि चार दोस्त मेला देखकर लौट रहे थे. तभी अचानक कार बेकाबू हो गई और रेलिंग को तोड़ते हुए नदी में गिर गई. तीन दोस्तों के शव को निकाला गया जबकि एक लापता है. शुक्रवार को मधेपुरा जिले में रामनवमी को लेकर जश्न मनाया गया. लेकिन इसी जश्न के बीच तीन दोस्तों की मौत की खबर है. हादसे में एक दोस्त लापता भी है. घटना जिले के अरार थाना इलाके में शुक्रवार की रात हुई. लापता दोस्त की खोजबीन की जा रही है. कार को भी नदी से निकाल लिया गया है. शुक्रवार की रात कैसे हुई पूरी घटना? पूरी घटना के बारे में बताया गया कि रामनवमी को लेकर ग्वालपाड़ा में दीनाभद्री मेला लगा हुआ था. इस मेले को देखने के लिए चार दोस्त कार से रात लगभग 9 बजे स्टेशन चौक से निकले थे. इसके बाद रात करीब साढ़े 12 बजे के आस-पास चारों दोस्त मधेपुरा लौट रहे थे. तभी कार अनियंत्रित हो गई और अरार पुल पर रेलिंग को तोड़कर नदी में गिर गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत बचाव कार्य शुरू किया. इस हादसे में तीन दोस्तों की मौत हो गई. कड़ी मशक्कत के बाद तीनों दोस्तों के शव को नदी से निकाला गया. लेकिन चौथा दोस्त अभी भी लापता है. उसकी तलाश अभी भी की जा रही है. नदी में पानी ज्यादा होने की वजह से चौथे दोस्त को खोजने में काफी परेशानी आने की बात कही जा रही है. तीनों मृतकों की हुई पहचान इस हादसे में तीनों मृत दोस्तों की पहचान कर ली गई है. मृतकों में मधेपुरा स्टेशन चौक वार्ड-23 निवासी स्व. विमल यादव के बेटे घनश्याम कुमार (28 साल), सहरसा के बसनही थाना इलाके के मोकमा निवासी मनोज कुमार के बेटे अंकित कुमार (27 साल) और सहरसा जिला के सौरबाजार के निवासी प्रमोद यादव के बेटे बसंत कुमार शामिल है. जबकि चौथा दोस्त जो लापता है, उसकी पहचान सदर थाना इलाके के वार्ड नं- 14 जयपालट्टी सागर कुमार के रूप में हुई है.

## पटना नगर निगम बजट 2026-27: कागजों पर 'स्मार्ट' विकास, धरातल पर योजनाएं 'फेल'




**पटना (एजेंसी)** पटना नगर निगम का बजट 2914 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, लेकिन विकास की रफ्तार सुस्त है. पिछले तीन साल के वादे जैसे फ्री वाइ-फाइ, इ-लाइब्रेरी और स्मार्ट क्लास अब भी अधूरे हैं. होल्डिंग टैक्स से कमाई बढ़ने के बावजूद शहर को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं. आज बजट बैठक में इन मुद्दों पर मंथन होगा. पटना नगर निगम (Patna Municipal Corporatin) के बजट का आकार साल दर दर बढ़ रहा है. बावजूद इसके जमीनी स्तर पर विकास की रफ्तार सुस्त पड़ी है. आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निगम बोर्ड की विशेष बजट बैठक आज यानि 28 मार्च को होने जा रही है. इसमें करीब 2914 करोड़ रुपये के प्रस्तावित बजट को अंतिम स्वीकृति दी जाएगी. यह पिछले साल से 59 करोड़ रुपये अधिक है. हालांकि, आय और व्यय के अंतर के कारण यह आठ करोड़ रुपये के घाटे का बजट दशार्या गया है. बता दें कि, पिछले वित्तीय वर्षों में बजट का आकार लगभग दोगुना हो गया है. साल 2021-22 में बजट 15 सौ करोड़ का था. जबकि, वही अब 2914 करोड़ तक पहुंच गया है. इसी तरह होल्डिंग टैक्स से मिलने वाला राजस्व भी 63 करोड़ से बढ़कर 137 करोड़ (अनुमानित) हो गया है. बजट की राशि बढ़ने के बावजूद शहरवासियों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं. पिछले तीन सालों के बजट में घोषित फ्री वाई-फाइ, स्मार्ट क्लास, इ-लाइब्रेरी और लिक्विड ट्री केवल कागजों तक सीमित रह गई हैं. निगम प्रशासन आय बढ़ाने व संपत्ति कर का लक्ष्य पूरा करने में भी पीछे रह रहा है. ओटीएस लागू करने के बाद भी वसूली नहीं हो सकी. शहर में बेहतर शौचालय की सुविधा भी नहीं मिल पा रही है. जबकि, इसके संचालन की जिम्मेदारी एजेंसियों को दी गयी है. कागजों में ह्र-त्र व स्मार्ट क्लास का काम नगर निगम (Municipal Corporatin) ने पिछले तीन बजटों में युवाओं और छात्रों के लिए मुफ्त ऑनलाइन व ऑफलाइन लाइब्रेरी और सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास कंप्यूटर, प्रोजेक्टर के साथ शुरू करने का वादा किया था, लेकिन धरातल पर काम शून्य रहा. इसी तरह शहर के 15 से अधिक सार्वजनिक स्थानों पर ओपन वाइ-फाइ देने की योजना भी ठप पड़ी है. वायु प्रदूषण कम करने के लिए लिक्विड लगाने और हर वार्ड में पांच-पांच समरसेबल पंप लगाने की घोषणा भी पूरी तरह फेल साबित हुई है. निगम मार्ट व मॉल बनने की परियोजना भी अधूरी व्यापार व राजस्व बढ़ाने के मकसद से राजधानी में 32 वेंडिंग जोन बनाने की तैयारी है. जगह चिन्हित किए गये हैं. लेकिन, तीन प्रमुख जगह आर्य कुमार रोड, सैदपुर व खेतान मार्केट के पास निगम मार्ट और मॉल बनाने की योजना पिछले दो बजटों से दोहराई जा रही है. इसके लिए 50 करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया गया और जमीन भी चिह्नित हुई, लेकिन अतिक्रमण के कारण एक ईंट भी नहीं रखी जा सकी. स्लम बस्तियों के विकास व नई बसावटों को बेहतर करने की परियोजनाएं भी लंबे समय से ठप हैं. निगम के होल्डिंग टैक्स से प्राप्त होने वाले राजस्व में पिछले पांच वर्षों में लगातार वृद्धि हुई है



# कविता

## गर्मी की छुट्टियाँ

आराम करेंगी किताब, कॉपियाँ,
जब आएँगी गर्मी की छुट्टियाँ।
रोज पार्क में सैर करेंगे,
घर के अंदर भी खेला करेंगे।
कैम्पा, आइसक्रीम और कुल्फी,
मस्ती भरी ये गर्मी की छुट्टी।
खूब खेलेंगे डंडा और गुल्ली,
आएँगी जब गर्मी की छुट्टी।

--------

### मेरी बिल्ली

मेरी बिल्ली, काली-पीली,
बारिश से हो गई वो गीली।
गीली होकर लगी काँपने,
छींकी, छींकी लगी छींकने।
मैं फिर बोला, 'कुछ तो सीखो,
बिन रूमाल के कभी न छींक।'

# गलत दोस्ती की संगत में ना पड़ जाए बच्चा, जरूर बता दें फ्रेंडशिप से जुड़ी ये बातें

10-12 साल के बढ़ते हुए बच्चे की परवरिश कई बार मुश्किल हो जाती है। इंटरनेट और सोशल मीडिया के जमाने में बच्चे उम्र से पहले की कई सारी चीजें एक्सप्लोर करते हैं। वहीं नए-नए बन रहे दोस्त आपस में आधा-अधूरा ज्ञान बांट कर गलत रास्ते पर चलने लगते हैं। ऐसे में पैरेंट्स के लिए बच्चों को सही-गलत की राह दिखाना मुश्किल हो जाता है। बच्चे को किसी गलत रास्ते पर जाने से रोकना है तो पहले तो उसकी संगत यानी फ्रेंडशिप को जरूर परखें। बच्चे को सिखाएं कि किस तरह के लोगों से दोस्ती नहीं करनी है और किससे नहीं। इस काम में करेंगी आपकी ये 7 बातें, बच्चे को सिखाएं कि इन लोगों के साथ भूलकर भी दोस्ती नहीं करनी चाहिए।

बच्चे को समझाएं कि अगर उसका दोस्त बोलता है कि तुझे ये करना ही पड़ेगा तो समझ लेना कि ये इमोशनल प्रेशर दोस्ती नहीं बल्कि मैनीपुलेशन है।

अगर कोई दोस्त पढ़ने वाले बच्चे को 'बोरिंग' या 'टीचर का चमचा' बोले, तो समझ लेना कि वह तुम्हारी ग्रोथ नहीं चाहता। ऐसे दोस्त से दूर रहना चाहिए।

अगर तुम अपने दोस्त के साथ रहकर बदलने लगे हो, तुम्हें अब ज्यादा गुस्सा आने लगा है, तुम अक्सर रूल्स तोड़ रहे हो या ज्यादा झूठ बोल रहे हो, तो ये हेल्दी दोस्ती नही है। दोस्ती होने पर इंसान में ऐसे बदलाव नहीं आने चाहिए।

कोई ऐसा दोस्त जो तुम्हारे ना बोलने पर भी उसकी वैल्यू नहीं करता या तुम्हारी सेट बाउंड्रीज को हमेशा इग्नोर करता है तो ऐसे दोस्त भी तुम्हारे लिए सही नही है।

अपने बच्चे को समझाएं को जो दोस्त गलत होंगे वो हमेशा तुमसे वहीं



चीज करने को बोलेंगे जो तुम नहीं करना चाहते। एक अच्छे दोस्त की तरह वो तुम्हारे कंफर्ट की वैल्यू नहीं करेंगे।

कोई दोस्त तुमसे कहे कि 'ये बात घर पर मत बताना' तो सिग्नल है कि वो दोस्त तुम्हारा अच्छा नही है। अच्छी दोस्ती में कभी घर से कुछ नही छिपाना पड़ता।

अगर कोई दोस्त किसी भी गलत काम को कूल बताता है, जैसे किसी का मजाक उड़ाना, रूल्स तोड़ना, झूठ बोलना तो ये दोस्त तुम्हें गलत रास्ते पर ले जा रहा है। ऐसे दोस्त के साथ दोस्ती ठीक नही है। ये गलत दोस्ती है।

### नाव

जल्दी-जल्दी दौड़कर आओ,
रंग-बिरंगे कागज़ लाओ।

सुंदर-सी एक नाव बनाकर,
मिल-जुलकर उसको तैराओ।
खूब तेज चलती ये नाव,
कभी न थकती अपनी नाव।
आगे-आगे बढ़ती जाती,
पार हमें ले जाती नाव।

-------

हाथी राजा हाथी राजा,
बहुत बड़े।
सूँड हिलाते कहाँ चले?
पूँछ हिलाते कहाँ चले?
गन्ना खाते कहाँ चले?

मेरे घर आ जाओ ना।
हलवा-पूड़ी खाओ ना।

आओ, बैठो कुर्सी पर,
कुर्सी बोली, चटर-पटर।

------

एक चिड़िया के बच्चे चार,
घर से निकले पंख पसार।

पूरब से पश्चिम को जाएँ,
उत्तर से फिर दक्षिण आएँ।
घूम-टहल जब घर को आएँ,
मम्मी को एक बात सुनाएँ।

देख लिया हमने जग सारा,
अपना घर है सबसे प्यारा।

# 6 से 12 महीने के बच्चे की डायट में कब और कैसे शामिल करें मसाले, एक टिप खूब आएगी काम



बच्चा जैसे ही खाना शुरू करता है वैसे ही पेरेंट्स इस बात को लेकर कंफ्यूज हो जाते हैं कि बेबी की डायट में मसालों को कैसे शामिल करें। ऐसे में यहां जानिए कि कब और कैसे बच्चे की डायट में मसालों को शामिल करें।

6 से 12 महीने के बच्चे की डायट में कब और कैसे शामिल करें मसाले, एक टिप खूब आएगी काम

सभी पेरेंट्स चाहते हैं कि उनका बच्चा सेहतमंद हो और हमेशा स्वस्थ रहे। बच्चे के जनम से लेकर 6 महीने पूरे होने तक बेबी को सिर्फ मां का दूध देने की सलाह दी जाती है। लेकिन 6 महीने पूरे होते ही डॉक्टर की सलाह के बाद अलग-अलग चीजें खिलाना शुरू कर देना चाहिए। शुरुआत में मैश की हुई दाल, सब्जी खिला सकते हैं। जैसे बच्चा बड़ा होता है और टेस्ट डेवलप कर लेता है तो आप उसे सभी चीजें खिला सकते हैं। बहुत से पेरेंट्स इस दौरान एक बात को लेकर सबसे ज्यादा चिंतित होते हैं वह है कि बच्चे की डायट में कब और कैसे मसालों को शामिल करें। डॉक्टर बच्चे को एक साल तक नमक देने और दो साल तक चीनी देने के लिए मना करते हैं लेकिन बाकी मसालों का क्या? यहां जानिए बच्चों के खाने में कब और कैसे शामिल करें मसाले।

6-7 महीने का बच्चा

बच्चा जब खाना शुरू कर देता है तो उसे हल्का और आसानी से पचने वाली चीजों को ही खिलाना चाहिए। हल्दी, जीरा, अदरक, सौंफ जैसी चीजों को प्यूरी, दाल, खिचड़ी, दलिया या ओट्स में थोड़ी मात्रा में डालकर खिला सकते हैं।

7-8 महीने का बच्चा

7 से 8 महीने के बच्चे को हल्की खुशबू वाली चीजें जैसे इलायची, जायफल, अजवायन, धनिया दे सकते हैं। ये सभी चीजें आप खीर, सूजी, ओट्स, मैश किए हुए फल और सूप में दे सकते हैं।

8-9 महीने का बच्चा

प्राकृतिक स्वाद वाली चीजें जैसे तेज पत्ता और लौंग को सूप या सब्जी प्यूरी में दे सकते हैं। हालांकि मात्रा बहुत कम होनी चाहिए।

9-10 महीने का बच्चा

9 से 10 महीने के बच्चे को दही या छाछ में पुदीना, दाल या मैश की हुई सब्जियों में उबला या भुना हुआ लहसुन और खिचड़ी या उपमा में सरसों के दानों का हल्का तड़का लगा सकते है।

10-12 महीने का बच्चा

पाचन के लिए दाल या सूप में एक चुटकी हींग डालें और रोटी या दाल में भिगोई हुई मेथी डालें। इससे खाने का स्वाद बढ़ जाएगा और बच्चे का टेस्ट भी डेवलप होगा।

टिप- बच्चे की डायट में खाने को धीरे-धीरे शुरू करें, शुरुआत में सिर्फ चुटकी भर मसाले शामिल करें। कोई भी नया मसाला डालने से पहले 3-5 दिन तक इंतजार करें। इसके अलावा मिर्च, गरम मसाला, नमक और चीनी को कम से कम एक साल तक अवॉइड करें।

# चालाक भेड़िया और भोलू मेमने की नादानी

कहानी

भारत की सुंदर पहाड़ियों के बीच 'हरियाली वन' नाम का एक बहुत ही खूबसूरत जंगल था। इस जंगल के किनारे एक बड़ा सा घास का मैदान था, जहाँ गाँव के जानवर रोज़ चरने आते थे। उसी मैदान में भेड़ों का एक बड़ा सा झुंड रहता था। इस झुंड की रखवाली की ज़िम्मेदारी 'मोती' नाम के एक बहुत ही बहादुर और वफादार शिकारी कुत्ते पर थी।

मोती इतना सतर्क और ताकतवर था कि उसकी मौजूदगी में कोई भी जंगली जानवर भेड़ों की तरफ आँख उठाकर भी नहीं देख सकता था। लेकिन उसी जंगल की एक अंधेरी गुफा में 'भैरव' नाम का एक भेड़िया रहता था।

भैरव बहुत ही खूंखार और लालची था। लेकिन ताकत से ज़्यादा वह अपनी चालाकी के लिए जाना जाता था। वह एक चालाक भेड़िया था जो हमेशा सीधे-सादे जानवरों को अपनी बातों के जाल में फंसाकर अपना शिकार बनाता था। कई दिनों से भैरव की नज़र भेड़ों के उस ताज़े और मोटे झुंड पर थी, लेकिन मोती के डर से वह पास नहीं जा पा रहा था।

## भोलू की नादानी और भेड़िये की नज़र

भेड़ों के उसी झुंड में 'भोलू' नाम का एक छोटा सा मेमना था। भोलू देखने में रुई के गोले जैसा सफेद और प्यारा था, लेकिन वह बहुत ही चंचल और नादान था। उसे हमेशा नई-नई चीजें देखने का शौक था। मोती काका उसे हमेशा समझाते थे, 'भोलू बेटा, कभी भी झुंड से दूर मत जाना और जंगल के अनजान जानवरों से बात मत करना।'

लेकिन भोलू सोचता था, 'मोती काका तो बस मुझे डराते रहते हैं। जंगल के जानवर भी तो हमारे जैसे ही होते हैं, भला वे मुझे क्यों नुकसान पहुँचाएंगे?'

एक दिन दोपहर के समय, जब मोती काका एक पेड़ के नीचे सुस्ता रहे थे और सारी भेड़ें घास चरने में मगन थीं, भोलू एक रंग-बिरंगी तितली के पीछे भागते-भागते जंगल के किनारे तक पहुँच गया।

वहाँ झाड़ियों के पीछे छिपा चालाक भेड़िया भैरव कई दिनों से इसी मौके की तलाश में था। भोलू को अकेला देखकर उसके मुँह में पानी आ गया। लेकिन उसे पता था कि अगर उसने भोलू पर झपट्टा मारा, तो भोलू चिल्लाएगा और मोती काका तुरंत जाग जाएंगे। इसलिए भैरव ने अपनी चालाकी का इस्तेमाल करने का फैसला किया।

## 'साधु' भेड़िये का ढोंग और मीठी बातें

भैरव ने अपने गले में कुछ जंगली फूलों की माला पहन ली और अपनी लाल आँखों को झुकाकर बहुत ही शांत और शरीफ बनने का नाटक किया। वह धीरे-धीरे झाड़ियों से बाहर आया और घास खाने की एक्टिंग करने लगा।

भोलू ने जब एक विशाल भेड़िये को घास खाते देखा, तो वह हैरान रह गया। 'अरे! आप तो एक भेड़िये हैं न? क्या भेड़िये भी घास खाते हैं?' भोलू ने मासूमियत से पूछा।

भैरव ने एक लंबी और गहरी सांस ली और बहुत ही मीठी आवाज़ में बोला, 'हाँ बेटा, मैं भेड़िया तो हूँ, लेकिन मैंने अब मांस खाना छोड़ दिया है। मैंने संन्यास ले लिया है और अब मैं सिर्फ हरी घास और मीठे फल खाता हूँ। मुझे किसी से कोई बैर नहीं है।'

भोलू को यह सुनकर बड़ा आश्चर्य हुआ। उसे लगा कि यह भेड़िया तो बहुत अच्छा है। यह एक ऐसी प्रेरणादायक कहानी जैसी बात लग रही थी, जहाँ एक बुरे जानवर ने अच्छाई का रास्ता चुन लिया हो।

भैरव ने अपनी चाल को आगे बढ़ाते हुए कहा, 'बेटा भोलू, तुम यहाँ जो घास खा रहे हो, वह तो सूखी और बेस्वाद है। क्या तुम्हें पता है कि इस जंगल के थोड़ा सा अंदर 'सुनहरी घास' का एक बहुत बड़ा मैदान है? वह घास शहद से भी ज्यादा मीठी होती है। अगर तुम चाहो, तो मैं तुम्हें वह जगह दिखा सकता हूँ।'

## लालच का फंदा और जंगल की ओर कदम

मीठी और 'सुनहरी घास' का नाम सुनते ही भोलू के मुँह में पानी आ गया। उसे मोती काका की चेतावनी याद आई, लेकिन चालाक भेड़िया की मीठी बातों ने उसके दिमाग पर लालच का पर्दा डाल दिया था।

भोलू ने सोचा, 'यह भेड़िया तो संत बन गया है, यह मेरा क्या बिगाड़ेगा? बस थोड़ी सी मीठी घास खाकर मैं वापस आ जाऊँगा, किसी को पता भी नहीं चलेगा।'

भोलू ने हामी भर दी और भैरव के पीछे-पीछे घने जंगल की ओर चल पड़ा। जैसे-जैसे वे जंगल के अंदर जा रहे थे, रोशनी कम हो रही थी और डरावनी आवाज़ें आ रही थीं। भोलू को थोड़ा डर लगने लगा। 'भेड़िये अंकल, वह मीठी घास का मैदान



और कितनी दूर है?' भोलू ने कांपती हुई आवाज़ में पूछा।

भैरव की चाल अब बदल चुकी थी। वह एक पुरानी और सुनसान गुफा के पास रुक गया। उसने अपने गले की फूलों की माला तोड़कर फेंक दी और पलटकर भोलू को देखा। अब उसकी आँखों में शराफत नहीं, बल्कि खूंखार भूख चमक रही थी।

## भेड़िये का असली रूप और मोती काका का साहस

भैरव जोर से हँसा और अपने नुकीले दांत दिखाते हुए बोला, 'हा-हा-हा! मूर्ख मेमने! दुनिया में कोई भेड़िया घास नहीं खाता। तूने मेरी बातों पर विश्वास करके अपनी मौत को खुद बुलावा दिया है। अब तू मेरा आज का स्वादिष्ट भोजन बनेगा!'

भोलू के पैरों तले ज़मीन खिसक गई। उसे अपनी नादानी पर बहुत रोना आया। वह ज़ोर-ज़ोर से चिल्लाने लगा, 'बचाओ! मोती काका मुझे बचाओ!'

भैरव ने भोलू पर छलांग लगाने के लिए अपने पंजे उठाए।

लेकिन तभी... भौ-भौ-भौ! एक जोरदार और भयानक गर्जना पूरे जंगल में गूँज उठी।

झाड़ियों को चीरता हुआ मोती काका तीर की तरह वहाँ पहुँच गया। असल में, जब मोती की नींद खुली और उसने भोलू को झुंड में नहीं देखा, तो वह तुरंत जमीन पर भोलू के छोटे-छोटे खुरों और भेड़िये के पंजों के निशान सूंघते हुए जंगल में आ गया था।

मोती ने बिना एक पल गंवाए पूरी ताकत से उस चालाक भेड़िया पर छलांग लगा दी। मोती के तीखे दांत भैरव की गर्दन के पास गड़ गए। भैरव ने इस अचानक हुए हमले की उम्मीद नहीं की थी। दोनों के बीच भयंकर लड़ाई शुरू हो गई।

## जीत और जीवन की सबसे बड़ी सीख

भैरव समझ गया कि वह मोती के गुस्से और ताकत का सामना नहीं कर सकता। अपनी जान बचाने के लिए उसने मोती को एक धक्का दिया और अपनी पूंछ दबाकर जंगल के अंधेरे में भाग खड़ा हुआ।

मोती काका हाँफते हुए भोलू के पास आए। भोलू डर के मारे कांप रहा था और रो रहा था। उसने मोती काका के पैर पकड़ लिए और कहा, 'मुझे माफ़ कर दीजिए काका। मैंने आपकी बात नहीं मानी। उस भेड़िये ने मुझसे झूठ बोला कि वह शाकाहारी हो गया है। मुझे लगा कि वह मेरी दोस्ती करना चाहता है।'

मोती काका ने भोलू को प्यार से सहलाया और समझाया, 'बेटा, शक्ल से भले दिखने वाले सब लोग अच्छे नहीं होते। दुश्मन हमेशा मीठी-मीठी बातें करके ही अपने जाल में फंसाते हैं। लोटपोट की हिंदी कहानियां भी हमें यही सिखाती हैं कि अनजान लोगों पर कभी भी आँख मूंदकर भरोसा नहीं करना चाहिए।'

उस दिन के बाद से भोलू ने कभी भी मोती काका की बात नहीं टाली और वह हमेशा अपने झुंड के बीच ही सुरक्षित रहने लगा।

इस कहानी से सीख

अजनबी पर भरोसा न करें: अनजान व्यक्ति चाहे कितनी भी मीठी बातें करे, उस पर कभी भी तुरंत भरोसा नहीं करना चाहिए।

बड़ों की बात मानें: घर के बड़े और माता-पिता जो भी चेतावनी देते हैं, वह हमारी सुरक्षा के लिए होती है, उसे कभी अनसुना न करें।

दिखावे से बचें: जो इंसान बाहर से जितना शरीफ और मीठा बनने का नाटक करता है, कभी-कभी वह अंदर से उतना ही चालाक और खतरनाक हो सकता है।



# एमआई विरुद्ध केकेआर : वानखेड़े में हाईवोल्टेज टक्कर

**– आंकड़ों में मुंबई भारी लेकिन हालिया फॉर्म में कोलकाता आगे**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल के 19वें सीजन की शुरुआत के साथ ही रोमांच अपने चरम पर पहुंचने वाला है। टूर्नामेंट का दूसरा मुकाबला बेहद दिलचस्प रहने की उम्मीद है, जहां मुंबई इंडियस और कोलकाता नाइट रायडर आमने-सामने होंगी। यह मुकाबला 29 मार्च को मुंबई के वानखेडे स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां दोनों टीमें जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करना चाहेंगी।

मुंबई इंडियंस की कप्तानी हार्दिक पाण्डया के हाथों में है, जबकि कोलकाता नाइटराइडर्स की कमान अजिक्य रहाणे संभाल रहे हैं। दोनों कप्तानों के लिए यह मुकाबला खास होगा, क्योंकि शुरुआती जीत टीम के आत्मविश्वास को नई ऊंचाई दे सकती है। अगर दोनों टीमों के हेड-टू-हेड रिकॉर्ड की बात करें तो यहां मुंबई इंडियंस का पलड़ा साफ तौर पर भारी नजर आता है। अब तक दोनों के बीच कुल 35 मुकाबले खेले गए हैं, जिनमें मुंबई ने 24 मैच जीते हैं, जबकि कोलकाता को सिर्फ 11 मैचों में जीत मिली है। शुरुआती सीजन में मुंबई ने लगातार दबदबा बनाए रखा और 2008-09 में सभी मुकाबले अपने नाम किए।

हालांकि, 2012 के बाद तस्वीर थोड़ी बदली। 2014 और 2015 में केकेआर ने मुंबई पर बढ़त बनाई और चार में से तीन मैच जीते। इसके बाद 2016 से 2018 तक मुंबई ने फिर से पूरी तरह वापसी करते हुए लगातार सात मुकाबले जीत लिए। लेकिन हालिया सीजनों पर नजर डालें तो कोलकाता ने बेहतर प्रदर्शन किया है। पिछले चार सीजन में दोनों टीमों के बीच खेले गए छह मुकाबलों में से चार में केकेआर ने जीत दर्ज की है, जो उनके आत्मविश्वास को दर्शाता है। खिताब की बात करें तो मुंबई इंडियंस अब तक पांच बार आईपीएल ट्रॉफी जीत चुकी है और छठे खिताब की तलाश में है। टीम ने 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में खिताब अपने नाम किए थे। वहीं, कोलकाता नाइटराइडर्स तीन बार (2012, 2014 और 2024) चैंपियन बन चुकी है और इस सीजन में अपने प्रदर्शन को और मजबूत करना चाहेगी।

कुल मिलाकर यह मुकाबला आंकड़ों और मौजूदा फॉर्म के बीच दिलचस्प जंग होने वाला है। जहां एक ओर इतिहास मुंबई के पक्ष में है, वहीं हालिया प्रदर्शन के आधार पर कोलकाता को हल्के में नहीं आंका जा सकता। क्रिकेट फैंस के लिए यह मैच एक रोमांचक शुरुआत का वादा करता है।




**मुंबई इंडियंस की टीम**

रॉबिन मिंज, नमन धीर, शेरफेन रदरफोर्ड, रयान रिकेलटन, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या (कप्तान), राज बावा, विल जैक्स, कॉर्बिन बॉश, मिशेल सैंटनर, तिलक वर्मा, ट्रेंट बोल्ट, अश्वनी कुमार, जसप्रित बुमरा, दीपक चाहर, मयंक मारकंडे, शार्दुल ठाकुर, क्विंटन डी कॉक, एएम गजनफर, रघु शर्मा, मयंक रावत, दानिश मालेवार, अथर्व अंकोलेकर, मोहम्मद सलाउद्दीन इजहार.

**कोलकाता नाइटराइडर्स की टीम**

अजिंक्य रहाणे, मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, सुनील नारायण, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, हर्षित राणा, उमरान मलिक, वरुण चक्रवर्ती, कैमरून ग्रीन, फिन एलन, मथीशा पथिराना, कार्तिक त्यागी, राहुल त्रिपाठी, टिम सीफर्ट, तेजस्वी दहिया, सार्थक रंजन, रचिन रवींद्र, आकाश दीप, प्रशांत सोलंकी, दक्ष कामरा.

# मियामी ओपन 2026: यानिक सिनर ने ज्वेरेव को हराकर फाइनल में बनाई जगह, लेहेका से होगी भिड़ंत



**मियामी (एजेंसी)।** मियामी ओपन 2026 में दुनिया के नंबर-2 टेनिस खिलाड़ी इटली के यानिक सिनर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर फाइनल में जगह बना ली है। अब खिताबी मुकाबले में उनका सामना चेक गणराज्य के जिरी लेहेका से होगा।

24 वर्षीय सिनर ने सेमीफाइनल में ज्वेरेव को 6-3, 7-6 (7/4) से हराया। यह ज्वेरेव के खिलाफ उनकी लगातार सातवीं जीत रही। इसके साथ ही सिनर ने मास्टर्स 1000 स्तर पर लगातार जीते गए सेट्स की संख्या 32 तक पहुंचा दी।

विंबलडन चैंपियन सिनर इससे पहले इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में भी ज्वेरेव को हरा चुके हैं और अब वह तीन साल में अपना दूसरा मियामी ओपन खिताब जीतने के करीब हैं। वह 2017 में रोजर फेडरर के बाद 'सनशाइन डबल' (इंडियन वेल्स और मियामी दोनों खिताब) हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बनने की कोशिश में हैं।

दूसरी ओर, 21वीं वरीयता प्राप्त लेहेका ने फ्रांस के आर्थर फिल्स को एकतरफा मुकाबले में 6-2, 6-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। लेहेका ने पूरे टूर्नामेंट में अब तक एक भी सेट नहीं गंवाया है और यह उनका पहला एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल होगा।

हालांकि, लेहेका का रिकॉर्ड सिनर के खिलाफ अच्छा नहीं रहा है। दोनों के बीच अब तक खेले गए तीनों मुकाबलों में सिनर ने जीत दर्ज की है और लेहेका एक भी सेट नहीं जीत सके हैं।

Also Read - देवरिया पुलिस ने 119 वाहनों का किया ई-चालान

महिला वर्ग में दुनिया की नंबर-1 खिलाड़ी आर्यना सबालेंका भी 'सनशाइन डबल' पूरा करने की कोशिश में हैं। वह फाइनल में अमेरिका की कोको गॉफ के खिलाफ अपने खिताब का बचाव करेंगी।

लेहेका ने मैच के बाद कहा कि वह इस प्रदर्शन से बेहद खुश हैं और पूरे सीजन की मेहनत का नतीजा अब देखने को मिल रहा है। वह अपने करियर के तीसरे एटीपी खिताब की तलाश में हैं।

यह फाइनल मुकाबला काफी रोमांचक होने की उम्मीद है, जहां अनुभवी और शानदार फॉर्म में चल रहे सिनर का सामना युवा और आत्मविश्वास से भरे लेहेका से होगा।

# धोनी आईपीएल के शुरुआती मैचों से बाहर हुए



**चेन्नई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबलों से बाहर हो गये हैं। धोनी के बाहर होने से टूर्नामेंट शुरु होने से पहले ही सीएसके की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। इसका कारण है कि धोनी टीम का हौंसला बढ़ाने के साथ ही उसे मार्गदर्शन भी देते रहे हैं। वह पिंडली में आये खिंचाव के कारण अभी रिहैबिलिटेशन के दौर से गुजर रहे हैं। ऐसे में उनका शुरुआत से खेलना संभव नहीं है। सीएसके का मैच 30 मार्च को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स से होगा। इसमें टीम को उनकी कमी खलेगी।

धोनी के बाहर होने से साफ है कि अब सैमसन उनकी जगह पर विकेटकीपर रहेंगे। सीएसके अपना पहला मुकाबला सोमवार को राजस्थान रॉयल्स ये खेलेगी। उसे पहले दो सप्ताह में पंजाब किंग्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स से भी खेलना है। धोनी के नहीं होने से विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन अब विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी भी संभालेंगे।

इस सत्र से पहले सैमसन को सीएसके ने ट्रेड डील के जरिये हासिल किया था। अब वह कप्तान रितुराज गायकवाड़ के साथ पारी की शुरुआत भी करेंगे। धोनी ने पिछले साल सभी मैच खेले थे हालांकि वह घुटने की परेशानी क कारण निचले क्रम पर उतरे थे। ऐसे मे उन्हें काफी कम गेंदें खेलने को मिलती है।

धोनी के अलावा सीएसके को तेज गेंदबाज नाथन एलिस की कमी भी खलेगी। उनकी जगह स्पेंसर जॉनसन को शामिल किया है। पिछले साल सीएसके का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और वह सबसे निचले स्तर पर रही थी। अब देखना है कि इस बार सीएसके क्या करती है।

# अपनी पत्नियों के कारण खिलाड़ी लेते हैं संन्यास.., योगराज सिंह का विवादित बयान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह अक्सर अपने अजीबो-गरीब बयानों के कारण सुर्खियों में रहते हैं। इसी कड़ी में उन्होंने एक बार फिर विवादित बयान दिया है। उन्होंने ये बयान खिलाड़ियों की पत्नियों को लेकर दिया है जिससे वो आलोचकों के निशाने पर आ गए हैं। योगराज ने साफ कहा कि उम्र को खिलाड़ी के प्रदर्शन से जोड़ना गलत है। उनके मुताबिक फिटनेस और प्रदर्शन ही किसी खिलाड़ी के करियर का असली पैमाना होना चाहिए, ना कि उम्र।

इनसाइड स्पोर्ट्स को दिए इंटरव्यू में योगराज सिंह ने कहा कि, भारत में लोग 40 की उम्र के बाद खुद को बूढ़ा मानने लगते हैं, महिलाएं 30 के बाद कहती हैं कि अब हम फिट नहीं रह सकते, बच्चे बड़े हो गए हैं। लेकिन खेल को उम्र से जोड़ना बिल्कुल गलत है।

योगराज सिंह ने कहा कि, अक्सर घर की महिलाएं, पत्नियां आपको समझाने लगती हैं कि अब रिटायर हो जाओ, परिवार और बच्चों पर ध्यान दो। मेरा मानना है कि महिलाओं को खिलाड़ी और उसके करियर के बीच नहीं आना चाहिए। एक खिलाड़ी और एक फकीर का कोई धर्म या वर्ग नहीं होता, वे भगवान के होते हैं। जब तक वे जिंदा हैं बहुत कुछ कर सकते हैं।

वहीं योगराज सिंह ने विराट कोहली और रोहित शर्मा पर निशाना साधते हुए साफ कहा है कि खिलाड़ियों को उम्र नहीं, बल्कि अपने प्रदर्शन से जवाब देना चाहिए। योगराज ने अपने बेबाक अंदाज में कहा कि, रोहित शर्मा और विराट कोहली अभी युवा खिलाड़ी हैं और रिटायर होने की सोच रहे हैं। लानत है ऐसी जिंदगी पर दुनिया को दिखाओ की तुम सबसे बेहतरीन हो, तुम अपरिहार्य हो।



# बांग्लादेश की नई सरकार ने आईपीएल प्रसारण पर रोक हटाई

ढाका ।बांग्लादेश की नई सरकार ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के प्रसारण पर लगी रोक हटा दी है।इससे पहले की यूनुस सरकार ने ये रोक लगायी थी।एक रिपोर्ट के अनुसार नये सूचना और प्रसारण मंत्री जहीर उद्दीन स्वपन ने कहा है कि बांग्लादेश में आगामी आईपीएल सत्र के प्रसारण पर कोई रोक नहीं है। जहीर उद्दीन स्वपन ने कहा, आईपीएल प्रसारण के लिए हालांकि अभी तक किसी ने भी हमसे आवेदन नहीं किया है।हम खेल में राजनीति को नहीं मिलाना चाहते।ऐसे में अगर कोई चैनल आईपीएल के प्रसारण के लिए हमसे आवेदन करता है, तो हम उस पर विचार करेंगे।वहीं इससे पहले, युवा और खेल मामलों के राज्य मंत्री अमीनुल हक ने कहा था कि वह पिछली अंतरिम सरकार की ओर से आईपीएल प्रसारण पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद अधिकारियों से बात करेंगे।प्रसारण मंत्री ने कहा कि हम किसी को भी इसके प्रसारण से नहीं रोकेंगे।अगर स्टार स्पोर्ट्स इसका प्रसारण करना चाहता है, तो वह कर सकता है।अगर हमारे चैनलों में से कोई इसका प्रसारण करना चाहता है, तो हम किसी को नहीं रोकेंगे।बांग्लादेश के केबल ऑपरेटर्स एसोसिएशन के कार्यालय सचिव, रेजाउल करीम लबलू का कहना है कि वे स्टार स्पोर्ट्स को आईपीएल का प्रसारण करने से नहीं रोकेंगे, हालांकि इस संबंध में सरकार की ओर से कोई निर्देश नहीं मिला है।

# आईपीएल में अब कमेंटर की भूमिका निभा रहे अश्विन

मुम्बई।दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में अब कमेंट्री कर रहे हैं। अश्विन इस नई भूमिका में अपनी रणनीतिक समझ और विश्लेषण से दर्शकों पर कितना प्रभाव बनाते हैं ये देखना होगा। अश्विन का कमेंट्री के आने को एक अहम बदलाव माना जा रहा है।इससे साफ है कि अब कमेंट्री में मनोरंजन के साथ ही डेटा, मैच की रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा होगी। गौरतलब है कि अश्विन ने अब तक आईपीएल में 221 मैच खेलकर 187 विकेट लिए हैं, ऐसे में उनका अनुभव कमेंट्री में भी नजर आयेगा। इस बार कमेंट्री पैनल काफी बड़ा रहेगा। वीरेंद्र सहवाग, एबी डिविलियर्स, इरफान पठान, सुरेश रैना, हरभजन सिंह, फाफ डु प्लेसिस और अनिल कुंबले जैसे दिग्गज भी इस पैनल में शामिल हैं। इसके अलावा रवि शास्त्री, सुनील गावस्कर, केविन पीटरसन और इयोन मोर्गन भी अपने अलग अंदाज में रहेंगे। इस बार 12 भाषाओं में 160 से ज्यादा कमेंटेर दर्शकों पतक मैच का विवरण पहुंचाएंगे। अश्विन आईपीएल के सबसे सफल गेंदबाजों में रहे हैं।उन्होंने 221 मैचों में 187 विकेट लिए और चेन्नई सुपर किंग्स के साथ 2010 और 2011 में ट्रॉफी जीती थी।

# विराट के अलावा आरसीबी से सबसे अधिक मैच खेलने वालों में दो विदेशी भी शामिल



बेंगलुरु।इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अब विराट कोहली ने आरसीबी की ओर से सबसे अधिक मैच खेले हैं। कोहली ने साल 2023 तक आरसीबी की कप्तानी करन के साथ ही कुल 143 मैच खेले। विराट के अलावा जिन खिलाड़ियों ने आरसीबी की ओर से सबसे अधिक मैच खेले है उनमें दो विदेशी खिलाड़ी फाफ डु प्लेसिस और डेनियल विटोरी भी शामिल हैं।

फाफ डु प्लेसिस : साल 2022 से 2024 के बीच डु प्लेसिस ने 42 मुकाबलों में आरसीबी की कप्तानी करते हुए 21 जीते और इतने ही मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। गंवाए।

डेनियल विटोरी : न्यूजीलैंड के इस दिग्गज खिलाड़ी ने साल 2011 से 2022 के बीच कुल 22 मुकाबलों में आरसीबी की कप्तानी की। इस दौरान 12 मैच जिताए और 10 मुकाबलों में टीम को हार का सामना करना पड़ा।

अनिल कुंबले : दिग्गज स्पिनर ने साल 2009 से 2010 के बीच 26 मुकाबलों में आरसीबी की कमान संभाली।इस दौरान टीम ने 15 मैच जीते, जबकि 11 मुकाबलों को गंवा दिया।

राहुल द्रविड़ : यह खिलाड़ी आईपीएल इतिहास में आरसीबी का पहला कप्तान रहा, जिन्होंने सिर्फ साल 2008 में इस टीम की कमान संभाली।इस दौरान 14 में से सिर्फ 4 ही मैच टीम को जिता सके। 10 मुकाबलों में टीम को हार झेलनी पड़ी।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 103 रन से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई

**सेंट किट्स (एजेंसी)।** सेंट किट्स के बासेटेरे में शुक्रवार रात खेले गए पहले वनडे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने दमदार प्रदर्शन करते हुए वेस्टइंडीज को 103 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। नई कप्तान सोफी मोलिन्यूक्स के नेतृत्व में टीम ने शानदार जीत दर्ज की।

पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 341 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। टीम की शुरुआत मजबूत रही और ओपनिंग जोड़ी ने 75 रन जोड़े। जॉर्जिया वोल ने 32 गेंदों में 42 रन बनाए, जबकि फोएबे लिचफील्ड ने 72 गेंदों पर 77 रनों की अहम पारी खेली। एलिस पेरी ने 46 गेंदों में 44 रन बनाकर टीम को मजबूती दी।

मध्यक्रम में कप्तान सोफी मोलिन्यूक्स ने 47 रन बनाए और निकोला कैरी (49) के साथ 91 रनों की साझेदारी की। अंत में जॉर्जिया वेयरहैम ने 42 रन बनाकर टीम को 300 के पार पहुंचाया। वेस्टइंडीज की ओर से अफी फ्लेचर ने 3 विकेट लिए, लेकिन काफी महंगे साबित हुईं।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही और टीम ने जल्दी विकेट गंवा दिए, जिसमें कप्तान हेले मैथ्यूज का विकेट भी शामिल था। अनुभवी बल्लेबाज स्टेफनी टेलर ने शानदार नाबाद 105 रन बनाकर टीम को संभालने की कोशिश की, जो उनका 2021 के बाद पहला वनडे शतक था, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से पर्याप्त समर्थन नहीं मिला। चिनेल हेनरी ने 38 रन बनाए।




ऑस्ट्रेलिया की ओर से किम गर्थ ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट झटके, जबकि एश्ले गार्डनर ने भी अहम योगदान दिया। अंततः वेस्टइंडीज की टीम 238/8 तक ही पहुंच सकी और मुकाबला गंवा बैठी।

# टाइगर वुड्स नशे में गाड़ी चलाने के बाद गिरफ्तार , आठ घंटे बाद हुए रिहा



न्यूयॉर्क। विश्व के शीर्ष गोल्फरों में शामिल रहे अमेरिका के टाइगर वुड्स को नशे में गाड़ी चलाने के कारण गिरफ्तार किया गया है हालांकि उन्हें आठ घंटे के बाद जमानत पर रिहा भी कर दिया गया। वुड्स पर आरोप है कि नशे की हालत में गाड़ी चलाते हुए उनकी कार फ्लोरिडा में अपने घर के करीब ही पलट गयी थी। उन्हें गिरफ्तार किये जाने के कुछ ही समय के बाद फ्लोरिडा की एक जेल से रिहा कर दिया गया। वहीं रिपोर्ट्स के अनुसार फ्लोरिडा के कानून के अनुसार, वुड्स को कम से कम आठ घंटे जेल में बिताने पड़े। शुरुआती रिपोर्ट्स में मार्टिन काउंटी पुलिस के हवाले से कहा गया है कि जब वुड्स दोपहर करीब 2 बजे एक फ्लैटबेड ट्रक को तेजी से ओवरटेक करने की कोशिश कर रहे थे, तब उनकी लैंड रोवर कार पलट गई। उस समय नशे में थे। उन्होंने पुलिस से जांच में सहयोगी भी नहीं किया और यूरीन जांच के लिए तैयार नहीं हुए। गिरफ्तारी के बाद वुड्स नशे में दिखे। मार्टिन काउंटी पुलिस ने शाम को वुड्स की एक गिरफ्तारी के समय ली गई तस्वीर जारी की, जिसमें उनकी आंखें लाल दिखाई दे रही थीं। उन्हें फ्लोरिडा की मार्टिन काउंटी जेल ले जाया गया था। मार्टिन काउंटी के शेरिफ जॉन बुडेंसिएक ने कहा वुड्स एक लैंड रोवर चला रहे थे। घर के पास एक सड़क पर एक ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश में उनकी गाड़ी पलट गई। गाड़ी एक ट्रेलर से टकराई, सड़क से हट गई, और सड़क पर कुछ दूर घिसटने के बाद पलट गई। वुड्स पर पहले भी सड़क पर लापरवाही से गाड़ी चलाने के मामले दर्ज हैं हैं। इससे पहले फरवरी 2021 में उनका एसयूवी लॉस एंजिलिस की एक तटीय सड़क पर तेज रफ्तार में नियंत्रण से बाहर होकर सड़क से उतर गया था, जिसमें वह घायल भी हो गये थे।

# बैडमिंटन और मैं तुम्हें बहुत याद करेंगे: पीवी सिंधु

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने अपनी लंबे समय की प्रतिद्वंद्वी कैरोलिना मारिन को बैडमिंटन से संन्यास लेने के बाद एक भावुक संदेश में कहा कि बैडमिंटन और मैं तुम्हे बहुत याद करेंगे।

रियो 2016 की स्वर्ण पदक विजेता और तीन बार की वर्ल्ड चैंपियन कैरोलिना मारिन ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो मैसेज के जरिए अपने संन्यास की घोषणा की।

पीवी सिंधु ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया मंच इंटस्टग्राम पर स्पेन की कैरोलिना मारिन के संन्यास की घोषणा को लेकर कहा, 'कुछ प्रतिद्वंद्वी हमेशा के लिए आपकी यात्रा का हिस्सा बन जाते हैं। कैरोलिना उनमें से एक थीं। हम पहली बार एक-दूसरे के खिलाफ तब खेले थे जब हम मालदीव में 15 या 16 साल की लड़कियां थीं, और तब से हमने एक साथ कई मुकाबले खेले।'

उन्होंने कहा, 'सच कहूँ तो, कोर्ट पर तुम सचमुच बहुत परेशान करने वाली थीं। लगातार चिल्लाना, तुम्हारी आक्रामकता, तुम्हारी छोटी-छोटी चालें–ये सब किसी को भी परेशान कर सकती थीं। लेकिन तुम्हारा कौशल, तुम्हारी गति और तुम्हारी लड़ने की भावना बेजोड़ थी। लोग बड़े-बड़े मुकाबलों को याद करते हैं, और उस तीसरे सेट में शटल उठाने को लेकर हमारे बीच हुई उस तीखी बहस को भी। मैं मानती हूं कि उस दिन मैं पूरी तरह से गुस्से में थी। लेकिन कुछ महीनों बाद, हम मैड्रिड में कॉफी पीते हुए एक-दूसरे के सामने बैठे थे बातें कर रहे थे, हँस रहे थे और उस पल हमारे बीच सिर्फ एक-दूसरे के लिए सम्मान था। यही है कैरोलिना, जिसे मैं हमेशा याद रखूंगी।'



सिंधु ने लिखा, 'मैं हमारी पीढ़ी के बीच बनी उस अद्भुत दोस्ती के लिए भी हमेशा आभारी रहूँगी। हमारी लड़कियों के बैच ने 'विमेंस सिंगल्स' को मुकाबले के लिए एक बहुत ही खास जगह बना दिया था; सच कहूँ तो, मुझे नहीं पता कि बैडमिंटन के इतिहास में ऐसा पहले कभी हुआ है या भविष्य में कभी होगा। हर मुकाबले के लिए, हर सीख के लिए, और सबसे बढ़कर–हमारी दोस्ती के लिए–तुम्हारा शुक्रिया। मैं तुम्हारे संन्यास के बाद के जीवन के लिए ढेर सारी खुशियों की कामना करती हूं, कैरोलिना।'

# नवनीत कौर ने प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड मिलने पर जताई खुशी, टीम को किया समर्पित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम की स्टार फॉरवर्ड नवनीत कौर ने हॉकी इंडिया आठवें वार्षिक अवॉर्ड्स 2025 में 'प्लेयर ऑफ द ईयर (महिला)' का प्रतिष्ठित सम्मान मिलने पर खुशी जाहिर की। उन्हें यह सम्मान हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवॉर्ड के तहत प्रदान किया गया।

नवनीत कौर के लिए बीता साल बेहद शानदार रहा, जहां उन्होंने भारतीय टीम के लिए लगातार बेहतरीन प्रदर्शन किया। हैदराबाद में आयोजित एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप क्वालीफायर में उन्होंने अहम भूमिका निभाते हुए भारत को रजत पदक दिलाने में योगदान दिया। इस टूर्नामेंट में उन्होंने चार गोल किए और 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' भी चुनी गईं।

इसके अलावा महिला एशिया कप 2025 में भी नवनीत का प्रदर्शन दमदार रहा, जहां भारत ने रजत पदक जीता। इस प्रतियोगिता में उन्होंने छह गोल दागे। इसी दौरान उन्होंने अपने करियर का एक बड़ा मुकाम हासिल करते हुए 200 अंतरराष्ट्रीय मैच भी पूरे किए।

पुरस्कार मिलने के बाद नवनीत कौर ने कहा, 'इस सम्मान को पाकर मैं बेहद गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। यह उपलब्धि मेरी टीम के साथियों के सहयोग और विश्वास के बिना संभव नहीं थी। मैं हॉकी इंडिया का भी धन्यवाद करना चाहती हूं, जो हर साल इस तरह का मंच उपलब्ध कराता है, जिससे खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलती है।'

आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स को लेकर उन्होंने कहा, 'आने वाला समय काफी व्यस्त रहने वाला है। नेशंस कप, वर्ल्ड कप और एशियन गेम्स जैसे बड़े टूर्नामेंट हमारे सामने हैं। हमारा कैंप जल्द शुरू होगा और हम अपनी कमजोरियों पर काम कर टीम के प्रदर्शन को और बेहतर बनाने पर ध्यान देंगे।'

अपने व्यक्तिगत लक्ष्य को लेकर नवनीत ने कहा, 'मैं अपने खेल में लगातार सुधार करना चाहती हूं। अभी तक के प्रदर्शन से संतुष्ट हूं, लेकिन आगे और बेहतर करने की गुंजाइश है। बड़े टूर्नामेंट चार साल में एक बार आते हैं, इसलिए मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए पूरी तरह तैयार हूं।'

आगामी बड़े टूर्नामेंट्स को देखते हुए नवनीत कौर पूरी तरह फोकस्ड हैं और भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता दिलाने के लिए प्रतिबद्ध नजर आ रही हैं।




# फीफा के टूर्नामेंटों में हिस्सा लेने वाली टीमों को महिला कोच रखना होगा अनिवार्य : फीफा

ज्यूरिख (स्विट्जरलैंड)।अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में महिला कोचों की संख्या में वृद्धि को लेकर फीफा ने कुछ नए नियम घोषित किये है।इसके तहत अब फीफा के टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली हर टीम को कम से कम एक महिला मुख्य या सहायक कोच रखना अनिवार्य होगा।हाल ही में हुई एक काउंसिल मीटिंग के बाद फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) ने कुछ नए नियम घोषित किए हैं। इन नियमों का मकसद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में महिला कोचों की संख्या को बढ़ाना है।नए नियमों के अनुसार फीफा के टूर्नामेंट्स में हिस्सा लेने वाली हर टीम के लिए यह जरूरी होगा कि उसके पास कम से कम एक महिला हेड कोच या असिस्टेंट कोच हो।इसके अलावा, टीम के साथ बेंच पर एक और महिला स्टाफ सदस्य का होना भी जरूरी होगा।फीफा की मुख्य फुटबॉल अधिकारी जिल एलिस ने कहा, 'आज कोचिंग के क्षेत्र में महिलाओं की संख्या काफी कम है।हमें इस बदलाव की रफ्तार तेज करने के लिए और अधिक कोशिशें करनी होंगी।हमें महिलाओं के लिए कोचिंग के साफ रास्ते बनाने होंगे, उनके लिए अधिक मौके पैदा करने होंगे, और उन्हें खेल के मैदान के किनारे (साइडलाइन) पर ज्यादा से ज्यादा पहचान दिलानी होगी।फीफा के ये नए नियम और इनके साथ चलाए जा रहे खास डेवलपमेंट प्रोग्राम, महिला कोचों की आज की और आने वाली पीढ़ियों में एक बड़ा निवेश साबित होंगे।'

## लॉकडाउन लगेगा या नहीं शाह ने साफ कर दी सरकार की मंशा, कई अफवाहों को खारिज किया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते सैन्य तनाव और वैश्विक अस्थिरता के बीच भारत में लॉकडाउन की चर्चाओं पर केंद्र सरकार ने पूर्ण विराम लगा दिया है। सोशल मीडिया और विभिन्न माध्यमों पर ईंधन की कमी के तर्क के साथ लॉकडाउन लगाए जाने की अफवाहों को सरकार ने सिरे से खारिज कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि देश में एलपीजी सिलेंडर या अन्य ईंधन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भू-राजनीतिक तनाव के कारण वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में आए उछाल के बावजूद भारत अपनी आपूर्ति श्रृंखला और कीमतों को स्थिर बनाए रखने में पूरी तरह सफल रहा है। अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए कहा कि जब दुनिया भर में पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतें आसमान छू रही हैं, तब भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां कीमतों में वृद्धि नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए आयात के स्रोतों का विस्तार किया है। पहले भारत अपनी ईंधन जरूरतों के लिए 27 देशों पर निर्भर था, लेकिन अब यह दायरा बढ़ाकर 42 देशों तक कर दिया गया है। गृह मंत्री ने साफ किया कि प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया है कि देश में कोई लॉकडाउन नहीं लगेगा और सामान्य कामकाज निर्बाध रूप से जारी रहेगा। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ डिजिटल माध्यम से एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न चुनौतियों पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आर्थिक स्थिरता, ऊर्जा सुरक्षा और नागरिकों के हितों की रक्षा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने केंद्र और राज्यों के बीच टीम इंडिया की भावना से काम करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्रियों को निर्देश दिया कि वे राज्यों में आपूर्ति श्रृंखलाओं के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करें और जमाखोरी व मुनाफाखोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से गलत सूचनाओं और अफवाहों के प्रसार के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान भारत ने जिस तरह सामूहिक शक्ति से वैश्विक बाधाओं का सामना किया था, वही समन्वय आज भी हमारी सबसे बड़ी ताकत है। इस बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, आंध्र प्रदेश के एन चंद्र बाबू नायडू, तेलंगाना के रेवंत रेड्डी और पंजाब के भगवंत मान समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री मौजूद रहे। यह पहली बार था जब प्रधानमंत्री ने 28 फरवरी को शुरू हुए इस अंतरराष्ट्रीय संघर्ष के प्रभाव को लेकर राज्यों के साथ सीधा संवाद किया।

## सूरत में फर्जी पेट्रोल पंप का हुआ भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

**-अमरोली इलाके में चाय की टपरी के पास चल रहा था अवैध धंधा, 800 लीटर घटिया डीजल व टैंकर जब्त**

सूरत (एजेंसी)। गुजरात के सूरत में पुलिस ने अवैध रूप से संचालित एक फर्जी पेट्रोल पंप का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई शहर के अमरोली इलाके में की गई, जहां चाय की एक टपरी के पास लंबे समय से सस्ते दामों पर घटिया गुणवत्ता का डीजल बेचा जा रहा था।

पुलिस के अनुसार, अमरोली-वेलंजा रोड स्थित अंजनी इंडस्ट्रीज कैनाल के पास आरोपियों ने अवैध रूप से पेट्रोल पंप जैसा सेटअप तैयार कर रखा था। यहां ग्राहकों को कम कीमत का लालच देकर खराब क्वालिटी का डीजल बेचा जाता था। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और पूरे रैकेट का खुलासा किया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से करीब 800 लीटर डीजल जब्त किया, जिसकी अनुमानित कीमत 61,600 रुपये बताई गई है। इसके अलावा दो टैंकर और मोबाइल फोन भी बरामद किए गए। जब्त किए गए सामान की कुल कीमत लगभग 22.70 लाख रुपये आंकी गई है। इस मामले में 43 वर्षीय भरत केरासिया और 32 वर्षीय महेश खिसडिया को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में सामने आया है कि इस अवैध कारोबार में दो अन्य लोग भी शामिल हैं, जो फिलहाल फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। अमरोली पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, आरोपी लंबे समय से इस अवैध धंधे को अंजाम दे रहे थे और सस्ते ईंधन के नाम पर लोगों को ठग रहे थे। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि यह डीजल कहां से लाया जा रहा था और इस नेटवर्क का दायरा कितना बड़ा है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। इस कार्रवाई से इलाके में अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्ती का संदेश गया है और स्थानीय लोगों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की है।

## रणथंभौर में सफारी करने के बाद होटल पहुंची विदेशी पर्यटक की खाना खाने के बाद मौत

सवाई माधोपुर (एजेंसी)। राजस्थान के सवाई माधोपुर स्थित रणथंभौर में सफारी करने के कुछ घंटे बाद एक विदेशी पर्यटक की मौत हो गई। आयरलैंड की निवासी टूरिस्ट एक ग्रुप के साथ घूमने आई थी। गुरुवार रात को होटल में अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। सरकारी हॉस्पिटल में चेकअप के बाद उन्हें ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया। टूरिस्ट का पोस्टमॉर्टम आयरलैंड एम्बेसी के अप्रूवल के बाद ही होगा। कुण्डेरा थाने के एएसआई ने बताया कि आयरलैंड की मरियन फ्रांसिस (40) दोस्तों के साथ 25 मार्च को रणथंभौर आई थी। उनका ग्रुप हेरिटेज हवेली होटल में रुका था। सभी ने 26 मार्च को सुबह-शाम के स्लॉट में सफारी की थी। इसके बाद वे होटल आ गए थे। गुरुवार देर रात खाने के बाद करीब 2.30 बजे मरियन की तबीयत बिगड़ी थी। मरियन के दोस्तों ने होटल स्टाफ को सूचित किया। इसके बाद मरियन को अपेक्स सेविका हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। रात करीब तीन बजे मरियन को सवाई माधोपुर के जिला हॉस्पिटल रेफर किया गया। इस दौरान पुलिस भी निजी हॉस्पिटल पहुंच गई थी। पुलिसकर्मियों के साथ मरियन के दोस्त उन्हें सरकारी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। इमरजेंसी में मौजूद डॉक्टर सौरभ गुप्ता ने मरियन की जांच की। कुछ देर बाद उन्हें ब्रेन डेड घोषित कर दिया। डॉक्टर सौरभ गुप्ता ने बताया कि महिला टूरिस्ट की ईसीजी कराई थी, लेकिन रिजल्ट फ्लैट था। इसके बाद उनका फिर से चेकअप किया गया, लेकिन कोई रिस्पॉन्स नहीं था। मौत का सही कारण पोस्टमॉर्टम के बाद ही सामने आएगा। वहीं, पुलिस का कहना है महिला की मौत की जानकारी आयरलैंड एम्बेसी को दी गई है। अब दूतावास की परमिशन का इंतजार है।

## अजित पवार हादसे के बाद डीजीसीए ने जारी की नई गाइडलाइन... फ्लाइट क्रू पर कोई दबाव ना डाला जाए


नई दिल्ली (एजेंसी)। वीआईपी और वीवीआईपी (जैसे मुख्यमंत्री, राज्यपाल आदि) को ले जाने वाले नॉन-शेड्यूल्ड विमान और हेलिकॉप्टर ऑपरेटर्स के लिए नई गाइडलाइन जारी कर दी गई है। डीजीसीए ने दो टूक कहा कि फ्लाइट क्रू पर किसी भी तरह का दबाव नहीं डाला जाए, ताकि किसी भी प्रकार की सुरक्षा से समझौता न हो। डीजीसीए के मुताबिक वीआईपी की जरूरत के नाम पर आखिरी वक्त में हो रहे बदलाव सीधे क्रू से नहीं, सिर्फ ऑपरेटर्स मैनेजमेंट के द्वारा कराए जाएं। मौसम से जुड़े नियमों का पालन करना होगा। क्रू के फैसले का सम्मान करना होगा। डीजीसीए की नई गाइडलाइन में ध्यान रखा गया है कि वीआईपी मूवमेंट के चक्कर में पायलट थकावट का शिकार न हों। अब अगर कोई नेता दबाव डालता है, तब पायलट सीधे मना कर सकता है और इसकी जवाबदेही मैनेजमेंट की होगी, न कि व्यक्तिगत पायलट को जबावदार माना जाएगा। दरअसल, 28 जनवरी को बारामती एयरपोर्ट पर प्लेन क्रैश में अजित पवार सहित 5 लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद से डीजीसीए ने वीआईपी मूवमेंट्स को लेकर नियमों में बदलाव किया है।

## डिजिटल एडिक्शन से बच्चों की आत्महत्या के मामले बढ़े

नई दिल्ली (एजेंसी)। राज्यसभा में डिजिटल एडिक्शन का मुद्दा गंभीरता से उठाया गया, जिसमें बच्चों और युवाओं में बढ़ती मोबाइल लत पर चिंता जताई गई। चर्चा के दौरान दावा किया गया कि अत्यधिक स्क्रीन टाइम और सोशल मीडिया के दबाव के कारण मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। आंकड़ों के मुताबिक कई बच्चे रोजाना 7 से 8 घंटे मोबाइल पर बिता रहे हैं, जिससे पढ़ाई, सामाजिक जीवन और नींद प्रभावित हो रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि डिजिटल लत अवसाद, चिंता और अकेलेपन की भावना को बढ़ा सकती है। कुछ मामलों में यह स्थिति इतनी गंभीर हो जाती है कि बच्चे आत्मघाती कदम उठा लेते हैं। सदस्यों ने सरकार से इस विषय पर व्यापक चर्चा और ठोस नीति बनाने की मांग की है। साथ ही अभिभावकों को बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखने और मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर संवाद करने की सलाह दी गई है।

## सक्रिय हो रहा वेदर सिस्टम... आज से देश के कई राज्यों में आंधी और बारिश की संभावना

नई दिल्ली (एजेंसी)। देशभर में मौसम तेजी से बदल रहा है और कई राज्यों में बारिश, ओलावृष्टि और बर्फबारी की संभावना जाहिर की गई है। राजस्थान में शनिवार से नया वेदर सिस्टम सक्रिय हुआ है, जिसका असर राज्य के सभी जिलों में देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के अनुसार, बारिश के साथ ओले गिरने की भी आशंका है। बीते 24 घंटों में जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा, अजमेर और बीकानेर में मौसम साफ और धूप तेज रही, लेकिन अब बदलाव शुरू हो गया है। मध्यप्रदेश में 29 मार्च से लगातार तीन दिन तक आंधी और बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम सक्रिय रहेगा। भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर सहित करीब 40 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि, शनिवार को प्रदेश में गर्मी का असर बना रहेगा। उत्तर प्रदेश में भी मौसम बदला हुआ है। लखनऊ और कानपुर समेत कई जिलों में रुक-रुककर बारिश हो रही है, और अगले पांच दिनों तक यही स्थिति बनी रह सकती है। कहीं-कहीं ओलावृष्टि की भी संभावना है। बिहार में पटना सहित कई जिलों में आंधी के साथ बारिश दर्ज की गई, और आज 38 जिलों में अलर्ट जारी है। पहाड़ी राज्यों में भी मौसम का असर दिख रहा है। हिमाचल प्रदेश में अगले छह दिनों तक बर्फबारी की संभावना है। वहीं जम्मू और कश्मीर में श्रीनगर-लेह हाईवे पर एवलांच की घटना में 7 लोगों की मौत हो गई, जिससे स्थिति गंभीर बनी हुई है। आने वाले दो दिनों में पूर्वोत्तर राज्यों अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में तेज बारिश की संभावना है। वहीं महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक और केरल में हल्की बारिश हो सकती है। 30 मार्च को पश्चिम बंगाल, सिक्किम, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी हल्की बारिश के आसार हैं।



## मुंबई में 75 लोगों ने इच्छामृत्यु के लिए दिए आवेदन, बीएमसी ने सुरक्षित रखे

**-मेयर बोलीं- हमें दस्तावेजों को रखने की अनुमति, उन्हें लागू करने का अधिकार नहीं**



**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई में इच्छामृत्यु को लेकर एक नई बहस छिड़ गई है। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) को 75 लोगों ने इच्छामृत्यु के लिए आवेदन दिए हैं। यह घटनाक्रम देश के पहले कोर्ट से मंजूर इच्छामृत्यु मामले के बाद सामने आया है, जिसने लोगों को इस दिशा में सोचने पर मजबूर कर दिया है। इन आवेदनों में लोगों ने साफ लिखा है कि अगर वे किसी गंभीर बीमारी का शिकार हो जाएं या किसी हादसे के बाद कोमा जैसी स्थिति में चले जाएं, जहां ठीक होने की कोई उम्मीद न हो, तो उन्हें इच्छामृत्यु का विकल्प दिया जाए। इसके लिए उन्होंने लिविंग विल भी तैयार कर नोटरी करवाई है और संबंधित अधिकारियों के पास जमा किया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मुंबई की महापौर रितु तावड़े ने इस मुद्दे पर कहा कि बीएमसी इन आवेदनों को सिर्फ सुरक्षित रख रही है। उन्होंने कहा कि जो भी मरीज इच्छामृत्यु के लिए पत्र देता है, हम उसे सुरक्षित रखते हैं, लेकिन उसे लागू करने का अधिकार हमारे पास नहीं है। यह जिम्मेदारी परिवार की होती है। कोर्ट ने हमें इन दस्तावेजों को रखने की अनुमति दी है, लेकिन उन्हें लागू करने का अधिकार नहीं दिया है। बता दें सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले के बाद, जिसमें भारत में निष्क्रिय इच्छामृत्यु को कानूनी मान्यता दी गई, बीएमसी ने हर वार्ड में मेडिकल अधिकारियों को लिविंग विल पर नजर रखने की जिम्मेदारी दी है। जो भी व्यक्ति लिविंग विल जमा करना चाहता है, उसे नोटरी फॉर्मेट में दस्तावेज तैयार कर अपने वार्ड ऑफिस में जमा करना होता है।

रिपोर्ट के मुताबिक फिलहाल बीएमसी के पास कुल 75 आवेदन आ चुके हैं। प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए राज्य सरकार एक ऑनलाइन पोर्टल या ऐप तैयार करने पर काम कर रही है, ताकि लोग आसानी से आवेदन कर सकें। इस पूरे मामले की पृष्ठभूमि में हरीश राणा का केस भी है, जो भारत में कोर्ट से मंजूर इच्छामृत्यु पाने वाले पहले इंसान थे। 31 साल के हरीश राणा का निधन दिल्ली के एम्स में हुआ, जहां उन्हें पेलिएटिव केयर दी जा रही थी। हरीश राणा 2013 से कोमा में थे। वह उस समय इंजीनियरिंग के छात्र थे और चौथी मंजिल से गिरने के बाद उन्हें सिर की चोट लगी थी। लंबे समय तक कोमा में रहने के बाद उनके माता-पिता ने जीवनरक्षक उपकरण हटाने की अनुमति मांगी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी दी। यह फैसला भारत के कानूनी और मेडिकल इतिहास में एक अहम मोड़ माना गया।

## सीएम ममता पर आयोग की नजर, एसआई को निलंबित कर भाषण की मांगी कॉपी

**बड़ी रैलिया के साथ ही डोर-टू-डोर संपर्क अभियान चलाएगी**



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की तारीखों के नजदीक आते ही राज्य में राजनीतिक सरगर्मियां और चुनावी हिंसा को लेकर तनाव चरम पर पहुंच गया है। भारत निर्वाचन आयोग ने निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाते हुए एक तरफ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विवादित भाषण पर रिपोर्ट तलब की है, वहीं दूसरी तरफ कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में एक पुलिस इंस्पेक्टर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। राज्य में दो चरणों में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को मतदान होना है, जिसके परिणाम 4 मई को घोषित किए जाएंगे।

निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस भाषण पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, जो उन्होंने दार्जिलिंग के नक्सलबाड़ी स्थित एक जनसभा के दौरान दिया था। आरोप है कि मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों को कथित तौर पर धमकाया। वीडियो साक्ष्यों के आधार पर दावा किया जा रहा है कि उन्होंने महिलाओं और लड़कियों से मतदान केंद्रों पर डटे रहने को कहा और जरूरत पड़ने पर किसी भी स्थिति से निपटने के लिए घरेलू रसोई के उपकरणों का इस्तेमाल करने की बात कही। आयोग इस मामले में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के पहलुओं की जांच कर रहा है।

समानांतर कार्रवाई करते हुए, चुनाव आयोग ने दक्षिण 24 परगना जिले के बासंती पुलिस स्टेशन के प्रभारी इंस्पेक्टर अविजित पॉल को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई 26 मार्च को बासंती बाजार इलाके में हुई हिंसक घटना के बाद की गई है। आयोग के अनुसार, भाजपा उम्मीदवार विकास सरदार के चुनाव प्रचार के दौरान हुई इस हिंसा में पुलिसकर्मी और कई अन्य लोग घायल हुए थे। आयोग ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि पर्याप्त केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की उपलब्धता के बावजूद इंस्पेक्टर ने सुरक्षा की मांग नहीं की और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह विफल रहे, जो ड्यूटी में गंभीर कोताही को दर्शाता है। इस घटनाक्रम पर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप भी तेज हो गए हैं। भाजपा सांसद बिप्लब कुमार देब ने इस हमले को सुनियोजित बताते हुए राज्य सरकार और तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने दावा किया कि ज्ञात हमलावरों ने पार्टी कार्यकर्ताओं और बीच-बचाव करने आए सुरक्षा बलों को निशाना बनाया। देब ने राज्य में हिंसा के माहौल के लिए सीधे तौर पर मुख्यमंत्री को जिम्मेदार ठहराया। हालांकि, सत्तारूढ़ दल इन आरोपों को चुनावी हथकंडा बता रहा है। फिलहाल, चुनाव आयोग की इन सख्त कार्रवाइयों ने स्पष्ट कर दिया है कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की हिंसा या भड़काऊ बयानबाजी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## असम में चुनाव नतीजों के बाद कांग्रेस एक ही कम्युनिटी की पार्टी बन जाएगी : सीएम सरमा



गुवाहाटी (एजेंसी)। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कांग्रेस पर सिर्फ एक समुदाय की पार्टी होने का आरोप लगाया। हिमंता ने कहा कि करीब 99 फीसदी हिंदू कांग्रेस छोड़ना चाहते हैं। राज्य में इसके टूटने का प्रोसेस पहले ही शुरू हो चुका है। नतीजों के बाद कांग्रेस एक ही कम्युनिटी की पार्टी बन जाएगी। असम में 9 अप्रैल को सिंगल फेज में चुनाव हैं। 30 मार्च को पीएम मोदी नमो ऐप के जरिए एक रैली को वर्चुअली संबोधित करेंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राज्य बीजेपी ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं और नागरिकों से इस अनोखी और इंटरैक्टिव पहल में हिस्सा लेने के लिए ऐप डाउनलोड करके रजिस्टर करने की बात कही है। असम में 126 सीटों वाली विधानसभा के लिए मौजूदा बीजेपी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार और कांग्रेस के बीच मुकाबला होगा। सरमा के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार लगातार तीसरा कार्यकाल हासिल करने की कोशिश करेगी जबकि कांग्रेस का लक्ष्य सत्ता में फिर वापसी का है।

## शंकराचार्य पर केस करने वाले ब्रह्मचारी को पाकिस्तान से मिली धमकी कहा- बम से उड़ा देंगे



**शामली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के शामली जनपद के कांधला क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट (मथुरा) के अध्यक्ष आशुतोष ब्रह्मचारी को जान से मारने की धमकी दी गई है। आशुतोष महाराज ने आरोप लगाया है कि उन्हें और उनके अधिवक्ता को बम से उड़ाने की सीधी चेतावनी दी गई है। इस मामले ने तब और भी गंभीर रूप अख्तियार कर लिया जब पुलिस की प्रारंभिक जांच में वह मोबाइल नंबर पाकिस्तान का पाया गया। अंतरराष्ट्रीय नंबर से आई इस कॉल ने सुरक्षा एजेंसियों और स्थानीय प्रशासन के कान खड़े कर दिए हैं। इस पूरे विवाद की जड़ स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से जुड़ा एक कानूनी मामला बताया जा रहा है। आशुतोष ब्रह्मचारी ने उच्च न्यायालय द्वारा स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को दी गई अग्रिम जमानत को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है और वहां एक विशेष अनुमति याचिका दाखिल की है। महाराज के अनुसार, जैसे ही उन्होंने 25 मार्च को देश की शीर्ष अदालत में इस मामले की पैरवी तेज की, उन्हें डराने-धमकाने का सिलसिला शुरू हो गया। शुक्रवार शाम लगभग 5-53 बजे उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई, जिसमें फोन करने वाले ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से अपनी याचिका वापस नहीं ली, तो उन्हें और उनके वकील को बम से उड़ा दिया जाएगा। घटना की सूचना मिलते ही कांधला थाना पुलिस और भारी बल मौके पर पहुंचा। शामली के पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल सर्विलांस टीम को सक्रिय किया। जांच में पुष्टि हुई है कि जिस नंबर से धमकी भरी कॉल आई थी, उसका कंट्री कोड पाकिस्तान का है। एसपी ने बताया कि तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर गहन जांच जारी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इस अंतरराष्ट्रीय कॉल के पीछे स्थानीय स्तर पर कौन लोग शामिल हो सकते हैं। आशुतोष ब्रह्मचारी ने पुलिस को शिकायती पत्र सौंपकर अपनी और अपने सहयोगियों की जान को खतरा बताते हुए अतिरिक्त सुरक्षा की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि वे धर्म और न्याय की इस लड़ाई से पीछे नहीं हटेंगे। फिलहाल, पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और कांधला स्थित उनके आवास के आसपास सतर्कता बढ़ा दी गई है। खुफिया एजेंसियां भी इस कॉल के मूल स्रोत और किसी संभावित साजिश की जांच में जुट गई हैं।

## असम में मिया वाले बयान से गरमाई सियासत, जुबानी जंग के भरोसे लड़ा जा रहा विस चुनाव



**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम विधानसभा चुनाव के करीब आते ही राज्य की राजनीति में जुबानी जंग और तीखी हो गई है। ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के प्रमुख बदरुद्दीन अजमल के एक ताजा बयान ने राज्य के सियासी गलियारों में हलचल मचा दी है। गुवाहाटी में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए अजमल ने दावा किया कि आगामी चुनाव के बाद असम की राजनीति में मिया समुदाय का दबदबा काफी बढ़ जाएगा और वर्तमान मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का प्रभाव कम हो जाएगा। उनका कहना है कि चुनाव परिणामों के बाद राज्य का सत्ता संतुलन पूरी तरह बदल जाएगा।

असम की राजनीति में मिया शब्द का प्रयोग बंगाली भाषी मुसलमानों के लिए किया जाता है। राज्य की करीब 3.12 करोड़ की आबादी में मुसलमानों की हिस्सेदारी लगभग 34 प्रतिशत है, जिसमें से बड़ा हिस्सा बंगाली भाषी मुसलमानों का है। अजमल का यह बयान मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के उस पिछले विवादित बयान के जवाब के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री ने कहा था कि पिछले पांच वर्षों में उनकी सरकार ने मियाओं के हाथ-पैर तोड़े हैं और अगले पांच वर्षों में उनकी कमर तोड़ दी जाएगी। इन बयानों के बाद राज्य में ध्रुवीकरण की राजनीति और तेज होने की संभावना है।

इस चुनावी समर में एआईयूडीएफ को असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी का भी साथ मिल रहा है। अजमल ने जानकारी दी है कि ओवैसी 2 और 3 अप्रैल को असम के दौरे पर रहेंगे, जहां वे विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में कम से कम आठ जनसभाओं को संबोधित करेंगे। खुद बदरुद्दीन अजमल इस बार बिन्नाकांडी सीट से मैदान में हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में धुबरी सीट से मिली करारी हार के बाद अजमल के लिए यह चुनाव साख की लड़ाई बन गया है। पार्टी के चुनावी इतिहास पर नजर डालें तो 2016 में एआईयूडीएफ ने 13 सीटें जीती थीं, जबकि 2021 में कांग्रेस के साथ गठबंधन कर यह आंकड़ा 15 तक पहुंचा था। इस बार 2026 के चुनाव में पार्टी ने 28 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। असम की सभी 126 विधानसभा सीटों के लिए 9 अप्रैल को एक ही चरण में मतदान होगा, जबकि चुनाव के नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे। इस चुनाव के परिणाम यह तय करेंगे कि असम की सत्ता की चाबी किसके हाथ में होगी।

## खाड़ी युद्ध से गहराते पेट्रोलियम संकट के बीच यूपी में गोबर गैस बनेगी राहत का जरिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मध्य पूर्व में ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच बढ़ते सैन्य तनाव ने वैश्विक ऊर्जा बाजार में हलचल पैदा कर दी है। युद्ध की इन परिस्थितियों के कारण पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति बाधित होने का खतरा मंडरा रहा है। इस संभावित संकट को भांपते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों पर बड़े पैमाने पर काम शुरू कर दिया है। सरकार की योजना प्रदेश भर की गौशालाओं में गोबर गैस प्लांट (बायोगैस) स्थापित कर एलपीजी रसोई गैस का एक ठोस विकल्प तैयार करने की है।

इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत उत्तर प्रदेश में संचालित सभी 7,527 गौशालाओं और गो-आश्रय स्थलों को ऊर्जा उत्पादन के केंद्रों में बदला जाएगा। वर्तमान में राज्य के इन केंद्रों में लगभग 12.39 लाख गोवंशीय पशु मौजूद हैं। अब तक इन गौशालाओं से प्राप्त गोबर का मुख्य उपयोग केवल जैविक खाद या कंपोस्ट बनाने तक सीमित था, लेकिन अब इसके एक-एक अंश का उपयोग ईंधन उत्पादन के लिए किया जाएगा। वर्तमान में 80 बड़ी गौशालाओं में बायोगैस प्लांट पूरी तरह क्रियाशील हैं, जिन्हें सफलता के मॉडल के रूप में देखा जा रहा है। उत्तर प्रदेश गो-सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस परियोजना को मिशन मोड पर चलाने के निर्देश दिए हैं। योजना का उद्देश्य न केवल ईंधन के मामले में आत्मनिर्भरता हासिल करना है, बल्कि ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों को रसोई गैस की कीमतों में संभावित बढ़ोतरी से राहत दिलाना भी है। यह पहल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक क्रांतिकारी कदम साबित होगी।

रणनीति के अनुसार, पहले चरण में सरकारी और संरक्षित गौशालाओं में प्लांट लगाए जाएंगे। इसके बाद दूसरे चरण में व्यक्तिगत पशुपालकों को भी इस दायरे में लाया जाएगा। आंकड़ों पर गौर करें तो प्रदेश में 6,433 अस्थायी गौशालाओं में 9.89 लाख, 518 वृहद गो-संरक्षण केंद्रों में 1.58 लाख और कान्हा व कांजी हाउस जैसे केंद्रों में हजारों गोवंश पल रहे हैं। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत भी लाखों गोवंश पशुपालकों के पास हैं, जिन्हें इस श्रृंखला से जोड़ने की तैयारी है। विशेषज्ञों का मानना है कि खाड़ी देशों में छिड़ा युद्ध यदि लंबा खींचता है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित होती है, तो उत्तर प्रदेश का यह स्वदेशी विकल्प आम जनता के लिए एक मजबूत सुरक्षा कवच का काम करेगा। इससे न केवल कचरे का सही प्रबंधन होगा, बल्कि गांवों में ऊर्जा के सस्ते और सुलभ स्रोत उपलब्ध होंगे।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902